नई दिल्ली
बुधवार 20 मई 2026
ज्येष्ठ मास शुक्ल पक्ष, चतुर्थी वर्ष : 30, अंक : 31
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

मौसम
अधि. 43.0
न्यून. 32.0

# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

## हफ्ते में दूसरी बार बढ़े पेट्रोल-डीजल के दाम

# प्रति लीटर करीब 90 पैसे की हुई बढ़ोतरी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** देश में एक बार फिर से पेट्रोल और डीजल की कीमतों में बड़ा इजाफा कर दिया गया है। तेल कंपनियों ने मंगलवार को पेट्रोल और डीजल के दाम में करीब 90 पैसे प्रति लीटर की बढ़ोतरी कर दी है। सबसे ज्यादा चिंता की बात यह है कि मात्र एक हफ्ते के भीतर यह दूसरी बार है जब ईंधन के दाम इस तरह से बढ़ाए गए हैं। इस नई बढ़ोतरी से ठीक तीन दिन पहले, शुक्रवार को ही केंद्र सरकार ने देशभर में



पेट्रोल और डीजल दोनों की कीमतों में तीन-तीन रुपए प्रति लीटर का भारी इजाफा किया था। मंगलवार को फिर से दाम बढ़ने के बाद राजधानी दिल्ली में पेट्रोल 87 पैसे और महंगा होकर 98.64 रुपए प्रति लीटर बिक रहा है। वहीं, दिल्ली में डीजल 91 पैसे महंगा होकर 91.58 रुपए प्रति लीटर तक पहुंच गया है। पेट्रोलियम मंत्रालय के अनुसार इस बढ़ोतरी के बाद कंपनियों का दैनिक घाटा करीब 25 फीसदी कम होकर 750 करोड़ रुपए रह गया है। पहले ये लगभग 1,000 करोड़ तक पहुंच गया था। पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा के मुताबिक तेल कंपनियों को घाटे की भरपाई के लिए किसी राहत पैकेज या सब्सिडी पर विचार नहीं किया जा रहा है।

## 'जाओ कोर्ट जाओ', भारत सिर्फ एक देश नहीं, पांच हजार साल पुरानी सभ्यता है...

# नॉर्वे की पत्रकार की भारत की छवि धूमिल करने की कोशिश पर विदेश मंत्रालय की दो टूक

भारत में भी सोशल मीडिया पर फूटा लोगों का गुस्सा, बोले, नजर आई पश्चिमी मीडिया की भारत विरोधी मानसिकता

विवाद बढ़ता देख लिंग ने दी सफाई, मैं किसी विदेशी सरकार की जासूस नहीं, पत्रकार हूं

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

'भारत पर दुनिया क्यों भरोसा करे, क्या भारत में मानवाधिकार उल्लंघन बंद होंगे, दुनिया की सबसे स्वतंत्र प्रेस के सवालों का जवाब क्यों नहीं दिया जा रहा है? क्या प्रधानमंत्री मोदी मीडिया के मुश्किल सवालों का जवाब देना शुरू करेंगे'? यह वो चंद सवाल हैं, जिन्हें नॉर्वे के एक प्रमुख समाचार पत्र 'डॉग्स विसन' की एक महिला पत्रकार हेले लिंग बीते सोमवार को ओस्लो में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से बेहद आक्रामकता के साथ पूछना चाह रही थी। लेकिन पीएम ने नार्वे के प्रधानमंत्री जोनास



गहर स्टोर के साथ हुई द्विपक्षीय बैठक के बाद संयुक्त प्रेस वक्तव्य देने के बाद ही अपनी बात को समाप्त कर दिया और वह कार्यक्रम स्थल से बाहर निकल गए। जिससे झल्लाई लिंग ने कहा, पीएम मोदी ने मेरा सवाल नहीं लिया, इसकी मुझे उम्मीद नहीं थी। नॉर्वे प्रेस की स्वतंत्रता के मामले में दुनिया में शीर्ष स्थान पर काबिज है। जबकि भारत इस मामले में 157 वें स्थान पर है। इसके बाद आयोजित की गई विदेश मंत्रालय की मीडिया ब्रीफिंग में भी हेले ने अपना यही रुख कायम रखा और वो मंत्रालय के अधिकारियों से सवाल पूछने के बहाने भिड़ गई। लेकिन उनके हाथ केवल निराशा ही लगी। नार्वे की इस पत्रकार ने सोशल मीडिया में एक वीडियो शेयर किया था। जिसे टैग करते हुए विदेश मंत्रालय ने उन्हें ▶▶ शेष पेज 5 पर

### *इसलिए भरोसेमंद देश है भारत*

*हेले के तमाम सवालों का तस्सली के साथ जवाब देते हुए विदेश मंत्रालय में सचिव (पश्चिम) सिबी जॉर्ज ने कहा कि भारत सिर्फ एक देश नहीं बल्कि पांच हजार साल पुरानी सभ्यता है। जो लगातार बनी हुई है। दुनिया में किसी देश विशेष की पहचान उसके क्षेत्र, जनसंख्या, संप्रभुता और सरकार के आधार पर की जाती है। भारत अपने इन सभी मूल्यों के साथ मजबूती से खड़ा है। उन्होंने वैश्विक कोरोना महामारी का जिक्र करते हुए कहा कि उस मुश्किल दौर में भी भारत ही था। जो कहीं भागा नहीं था और उसने आगे बढ़कर जरूरतमंद देशों को मदद प्रदान की थी। हमारा यही भरोसा विश्व को हम पर विश्वास करना सिखाता है। दुनिया की आबादी का छठा भाग भारत ही है। लेकिन अगर हम वैश्विक समस्याओं को देखें तो इन्हें लेकर हमारी भागीदारी छठे भाग के रूप में नहीं है।*

**खबर संक्षेप**

### प्रेमानंद ने लिया मौन व्रत, पदयात्रा-दर्शन बंद!

**मथुरा।** वृंदावन के संत प्रेमानंद महाराज ने पूर्ण मौन व्रत धारण कर लिया है। प्रेमानंद महाराज के आश्रम प्रशासन से मिली जानकारी के मुताबिक अब अगले आदेश तक उनकी दैनिक पदयात्रा और सभी तरह के दर्शनों पर भी रोक रहेगी। आश्रम की तरफ से भक्तों से अपील की गई है कि प्रेमानंद महाराज के दर्शनों के लिए वृंदावन न आएं। साथ ही यह भी कहा गया है कि प्रेमानंद महाराज की साधना और स्वास्थ्य लाभ में सहयोग दें। बता

# आतंकवाद पर भारत-नॉर्डिक देशों की दो टूक कोई समझौता नहीं करेंगे, न मानेंगे दोहरे मानक

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

अपनी विदेश यात्रा के चौथे पड़ाव नॉर्वे में मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'भारत-नॉर्डिक देशों के तीसरे शिखर सम्मेलन' में भाग लिया। जिसके बाद दिए संयुक्त प्रेस वक्तव्य में उन्होंने यूक्रेन, पश्चिम-एशिया में जारी संघर्ष के अलावा आतंक की वैश्विक चुनौती

## सुप्रीम कोर्ट ने कहा- हम जमीनी हकीकत

### इंसानी जीवन के लिए खतरा बने

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने एक अहम आदेश देते हुए रेबीज और गंभीर रूप से बीमार कुत्तों को, जो इंसानी जीवन के लिए खतरनाक हैं, उन्हें मारने के निर्देश दिए हैं। अदालत ने कहा कि वह जमीनी हकीकत से आंखें नहीं मूंद सकती, जहां बच्चे, यात्री और बुजुर्ग लगातार डॉग बाइट की घटनाओं के शिकार हो रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को निर्देश दिया कि वे आवारा कुत्तों की बढ़ती संख्या से निपटने के लिए मिलजुलकर प्रयास करते हुए जरूरी बुनियादी ढांचे को मजबूत करें। अदालत ने कहा पशु जन्म नियंत्रण नियमों और अन्य लागू वैधानिक प्रोटोकॉल के अनुसार लाइलाज बीमारी से ग्रस्त, रेबीज से संक्रमित और किसी भी तरह से मानव जीवन के लिए खतरनाक कुत्तों को मारने के उपाय अधिकारी कर सकते हैं। सुप्रीम कोर्ट ने आवारा कुत्तों के पुनर्वास और नसबंदी से जुड़े 7 नवंबर 2025 के अपने आदेश में बदलाव और उसे वापस लेने की मांग वाली सभी याचिकाओं





INDIA'S FIRST 5 YEAR WARRANTY* *Conditions apply

Hero MotoCorp Ltd, Regd. Office: The Grand Plaza, Plot No. 2, Nelson Mandela Road, Vasant Kunj Phase - IL. New Delhi-110070, India. I CIN: L35911DL1984PLC0173541. For further information, contact your nearest Hero MotoCorp authorised outlet or CALL TOLL-FREE 1800 266 0018 or visit us on www.heromotocorp.com. Accessories and features shown may not be a part of standard fitment. Always wear a helmet while riding a two-wheeler. *Fastest compared to all air-cooled engine motorcycles in the 125cc segment as per internal testing. ^Starting exshowroom price of Xtreme 125R IBS OBD2 variant in Delhi. T&C Apply.

TOLL FREE 1800 266 0018

Authorised Dealers: South Delhi: Pul Prahladpur Badarpur: Singla Hero, 9289922771, Lajpat Nagar: Sapphire Hero, 9289923175, Adchini (Main Mehrauli Road): Pashupati Hero, 9289922381, Okhla Phase Ii: Arc Hero, 9289922461, East Delhi: Durgapuri (Loni Road, Shahadra): Himgiri Hero, 9289922380, Pushta Kartar Nagar: Aman Hero, 9289922735, Dilshad Garden: Rk Hero, 9289923010, Patparganj Pandav Nagar: Singla Autoneeds Hero, 9289923222, North Delhi: Azadpur: Shraman Hero, 9289923185, Pitampura: Shraman Hero, 9289924252, Rithala (Rohini): Metro Hero, 9289922597, Budh Vihar: JMD Autoworld Hero, 9289924188, Central Delhi: Karol Bagh(Faiz Road): Essaay Hero, 9289922382, Upper India Hero, 9289924343, West Delhi: Roshan Vihar (Najafgarh): Avni Hero, 9289922671, Paschim Vihar (Peeragarhi): Shivganga Hero, 9289922796, Palam Dabri Road (Dwarka): Singla Hero, 9289922530, Raja Puri: Singla Hero, 7836078383, Samalkha: Singla Hero, 7836078484, Janak Puri: Singla Hero, 9911884416, Tilak Nagar: Khanna Hero, 9289922383, Bali Nagar: Khanna Hero, 9289924309, Nawada: Khanna Hero, 9289924310, Authorised Dealers: Ghaziabad: Meerut, Delhi Road, Globe Hero, 9289922073, Shiv Puri, Vijay Nagar: Aman Hero, 9289232123; Sahibabad: Sahib Hero, 9289922486; Noida: H, 206 A, Sector 63, Dhansri Hero, 9289923044, Sector 5, B 124, Uppal Hero, 9289922462, Sector,58 C,70, Singla Hero, 9289923059, Buland Shahar: Shri Durga Hero, Delhi Road: 9289922504, Rajebabu Road: Krishna Hero, 9289922410, Authorised Dealers: Gurugram: Sec–18, Noble Enclave, Globe Agencies, 9289233915, Himgiri Hero, 9289923046, Basai Road Sector 11, Sharma Hero, 9289923221, Autoneeds Hero, 9289922051, Jasodha Hero, 9289922495, Wazirabad: Himgiri Hero, 9289924247, Railway Road: Himgiri Hero, 9289924248, Sohna: No. 160/2 Delhi Road, Auto Links Hero, 9289924089, Faridabad: Sehgal Hero, 9289922419, Nit: Sehgal Hero, 7217627327, VPS Jindal Motors, Neelambata Road, 9289235889.

RS/Hero/05/26

## छह आरोपियों को किया गिरफ्तार

# नकली टायर-ट्यूब बनाने वाले संगठित गिरोह का भंडाफोड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



क्राइम ब्रांच ने नकली टायर-ट्यूब बनाने वाले संगठित गिरोह का भंडाफोड़ किया है। इस सिलसिले में छह आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। इनसे भारी मात्रा में नकली ट्यूब, नकली पैकिंग सामग्री और स्टैम्पिंग उपकरण बरामद हुये हैं। इस गिरफ्तारी से नकली ऑटोमोबाइल ट्यूब के निर्माण, भंडारण और आपूर्ति के एक सुनियोजित नेटवर्क का खुलासा हुआ है। यह गिरोह ना सिर्फ घटिया क्वालिटी के ट्यूब बेचकर ग्राहकों को धोखा दे रहा था बल्कि आम लोगों की सुरक्षा को भी खतरे में डाल रहा था। मामले में आगे की कार्रवाई और जांच जारी है।

पुलिस के अनुसार एस पी मुखर्जी मार्ग स्थित 'नोवेल्टी टायर मार्केट' में एमआरएफ और सीएट जैसी प्रतिष्ठित कंपनियों के ट्रेडमार्क वाले नकली ऑटोमोबाइल ट्यूबों के अवैध निर्माण, भंडारण और बिक्री के संबंध में सूचना मिली थी। सीनियर अधिकारियों की देखरेख में एक खास रेड टीम बनाई गई। 16/17 मई की दरमियानी रात को कई जगहों पर एक साथ फ्रेंड्स टायर मार्केट, नरिंदर सिंह एंड संस, अंबा एंटरप्राइजेज और विनायक मोटर पर रेड की गई। इस दौरान एमआरएफ और सीएट कंपनियों के अधिकृत प्रतिनिधि भी मौजूद थे। रेड के दौरान बड़ी मात्रा में नकली एमआरएफ ट्यूब, नकली प्रिंट वाले पॉली पाउच, सादे रबर ट्यूब, हाथ से स्टैंप लगाने वाले औजार और अन्य आपत्तिजनक सामान बरामद किया गया। लगातार पूछताछ के दौरान आरोपियों ने बताया कि वे दिल्ली के एस पी मुखर्जी मार्ग स्थित टायर मार्केट इलाके में नकली एमआरएफ ट्यूब और पैकिंग मटीरियल बनाने, पैक करने, स्टोर करने और बेचने के काम में शामिल थे। आरोपी गगनदीप सिंह अपने कर्मचारी मोहम्मद जाकिर के साथ मिलकर नकली ट्यूब तैयार करता था। वे सादे रबर ट्यूब पर हाथ वाले स्टैंप/डाई मशीनों से नकली एमआरएफ के निशान लगाते थे। इसके बाद वे उन्हें नकली प्रिंट वाले पॉली पाउच में पैक करते थे, ताकि वे असली कंपनी के प्रोडक्ट जैसे दिखें। आरोपियों ने आगे बताया कि ये नकली ट्यूब और पैकिंग मटीरियल दिल्ली के नॉवेल्टी/फ्रेंड्स टायर मार्केट में काम करने वाले अलग-अलग दुकानदारों और विक्रेताओं को सप्लाई किए जाते थे। ये दुकानदार और विक्रेता जान-बूझकर इन्हें असली प्रोडक्ट बताकर बाजार में बेचते थे और गलत तरीके से मुनाफा कमाते थे। नकली ट्यूबों की सप्लाई और खरीद से जुड़े ज्यादातर लेन-देन नकद में किए जाते थे। गिरफ्तार किये गये लोगों के नाम मोहम्मद जाकिर, दीपक गुप्ता, मनमीत सिंह, दिनेश गुप्ता, विनायक गुप्ता और गगनदीप हैं। इस ऑपरेशन के दौरान लगभग 1450 नकली एमआरएफ ट्यूब, लगभग 1072 नकली एमआरएफ प्रिंटेड पॉली पाउच, 100 सादे रबर ट्यूब, एक हैंड स्टैंप/स्टैंपिंग मशीन जब्त की गई है। आरोपी गगनदीप सिंह उर्फ गगन कालरा इस रैकेट का मुख्य संचालक है। आरोपियों के खिलाफ कॉपीराइट अधिनियम और बीएनएस (धोखाधड़ी और जालसाजी) की विभिन्न धाराओं के तहत कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी गई है। सभी छह आरोपियों को गिरफ्तार कर कड़कड़डूमा अदालत के ड्यूटी मजिस्ट्रेट के समक्ष पेश किया गया है। आगे की जांच के लिए तीन दिन की पुलिस हिरासत रिमांड प्राप्त कर ली गई है।

## साइबर ठगी का मास्टमाइंड देवरिया से किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

- 'एपीके' फाइलें जालसाजों को बेचता था

मध्य जिले की साइबर पुलिस ने साइबर ठगी के मास्टरमाइंड को यूपी के देवरिया से गिरफ्तार किया है। इस पर 'एपीके' (एंड्राइड पैकेज किट) फाइल जालसाजों को बेचने का आरोप है। इन फाइलों के माध्यम से फोन हैक कर लगभग सवा लाख रुपये की साइबर ठगी की गई थी। आरोपी का नाम अभय साहनी (25) बताया गया है। आरोपी इन फाइलों को बनाने का तरीका सोशल मीडिया से सीखता था।

डीसीपी रोहित राजबीर सिंह ने बताया कि गत वर्ष दिल्ली निवासी शिकायतकर्ता को अज्ञात व्यक्ति का फोन आया। उसने बिजली का बिल तत्काल नहीं भरने पर मीटर काटने की धमकी दी। शिकायतकर्ता उसकी बातों में आ गया और जालसाज द्वारा 'व्हाट्सऐप' पर भेजी गई 'एपीके' फाइल को अपने फोन में डाउनलोड कर लिया जिससे पीड़ित का फोन हैक हो गया और ठग ने उनके खाते से डिजिटल माध्यम से 1.20 लाख रुपये से ज्यादा निकाल लिए। इस संबंध में साइबर थाने में भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं में तहत मामला दर्ज किया गया। जांच के दौरान पता चला कि पिछले साल दिसंबर में गोरखपुर से 25 वर्षीय उमेश कुमार रजक नामक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया था। वह साइबर ठगी में इस्तेमाल होने वाली एपीके फाइल उपलब्ध कराने में कथित रूप से संलिप्त था। इस मामले की आगे की जांच में कुछ सोशल मीडिया मंचों से ठगी के मास्टमाइंड के बारे में अहम सुराग हाथ लगे, जिसके बाद तकनीकी निगरानी और डिजिटल साक्ष्यों के आधार पर 14 मई को देवरिया से साहनी को गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी ने पूछताछ में बताया कि वह 'एपीके' फाइल विकसित करने, संशोधित करने और उन्हें विभिन्न राज्यों में साइबर जालसाजों को लगभग चार-चार हजार रुपये में बेचने में सक्रिय रूप से शामिल था। आठवीं कक्षा तक पढ़े आरोपी ने सोशल मीडिया के विभिन्न मंचों पर वीडियो देखकर 'एपीके' फाइल बनाने का तरीका सीखा। वह इस तरह की 'एपीके' फाइल बनाता था कि फोन की एंटी वायरस प्रणाली उसे पकड़ नहीं पाती थी। वह न सिर्फ साइबर ठगों को एपीके फाइलें बेचने बल्कि खुद भी इसी तरह से लगभग 20-25 लोगों के साथ ठगी करने में शामिल रहा है। उसके पास से पांच आईफोन समेत 11 मोबाइल फोन, 11 डेबिट कार्ड, विभिन्न ऑनलाइन भुगतान मंचों के कार्ड, क्रिप्टो वॉलेट, आठ सिम कार्ड और एक कार समेत अन्य चीजें बरामद की गई हैं।

## न्यू अशोक नगर थाने के मालखाना पार्किंग में आग से दर्जनों गाड़ियां खाक



**नई दिल्ली।** पूर्वी दिल्ली के न्यू अशोक नगर थाने के मालखाना पार्किंग क्षेत्र में मंगलवार दोपहर आग लग गई। इसके बाद दमकल की आठ गाड़ियों को मौके पर भेजा गया। इस घटना में किसी जन हानि या किसी के घायल होने की सूचना नहीं है। हालांकि दर्जनभर से ज्यादा गाड़ियां जलकर खाक हो गई।

दिल्ली अग्निशमन सेवा विभाव के अनुसार दोपहर एक बजकर छह मिनट पर आग लगने की सूचना मिली थी। मालखाने से सटे 'लॉन' एवं पार्किंग क्षेत्र में आग लगी थी, जहां मुकदमों से संबंधित वाहन खड़े थे। घटना के तुरंत बाद थाने में तैनात पुलिसकर्मियों ने उपलब्ध अग्निशामक यंत्रों और परिसर में लगे ओवरहेड टैंक के पानी से आग बुझाने की कोशिश की और अग्निशमन विभाग को भी सूचित किया गया। दमकलकर्मी कुछ देर बाद मौके पर पहुंचे और आग बुझाने का काम शुरू किया। पुलिस ने बताया कि अपराह्न करीब 2:20 बजे तक आग पर पूरी तरह काबू पा लिया गया था। प्रारंभिक जांच के अनुसार, ऐसा प्रतीत होता है कि आग मालखाने के पार्किंग क्षेत्र में खड़ी मुकदमे से संबंधित गाड़ियों से लगी थी। अधिकारियों ने बताया कि मामले में जांच की जा रही है।

## पत्नी से विवाद के बाद शख्स ने किया आत्मदाह

**नई दिल्ली।** जहांगीरपुरी इलाके में वैवाहिक विवाद के चलते एक व्यक्ति ने कथित तौर पर खुद को आग लगा ली, जिससे उसकी मौत हो गई। घटना सोमवार को महेंद्र पार्क थाना क्षेत्र में सामने आई। मृतक का नाम दीपांश चौधरी बताया गया है। शव को बाबू जगजीवन राम अस्पताल भिजवाया गया है। पुलिस के अनुसार जांच में पता चला कि चौधरी और उसकी पत्नी के बीच वैवाहिक विवाद चल रहा था और इस संबंध में पहले 'महिलाओं के खिलाफ अपराध प्रकोष्ठ' में एक शिकायत भी की गई थी। घटना वाले दिन पत्नी से कहासुनी के बाद चौधरी ने आत्महत्या करने की धमकी दी और बाद में खुद को आग लगा ली। मामले में आगे की जांच जारी है।

## थार चालक ने पुलिस की मोटरसाइकिल कुचली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

- दो पुलिसकर्मी हुये घायल आरोपी गिरफ्तार

जहांगीर पुरी इलाके में गश्त पर ड्यूटी कर रहे पुलिसकर्मियों की बाइक को एक थार कार सवार ने रौंद दिया। दरअसल 17 मई को गश्त ड्यूटी पर रहते हुए, कांस्टेबल आशीष सांगवान और पुलिस मित्र संदीप सिंह ने आउटर रिंग रोड के पास जनता द्वारा पीछा की जा रही एक संदिग्ध थार गाड़ी को रोकने की कोशिश की थी। आरोपी ड्राइवर ने भागने की कोशिश में बार-बार पुलिस की मोटरसाइकिल को टक्कर मारी और पुलिसकर्मियों को कुचल दिया। इससे दोनों पुलिसकर्मियों को चोटें आई हैं।

पुलिस के अनुसार जनता की मदद से आरोपी अरमान शौकीन (23), निवासी पीतमपुरा को मौके पर ही पकड़ लिया गया। उसके खिलाफ जहांगीर पुरी थाने में एफआईआर दर्ज की गई है। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। अपराध में इस्तेमाल की गई थार गाड़ी को जब्त कर लिया गया है। मामले में आगे की जांच जारी है।

# हरिभूमि की खबर पर जागा एनएचएआई प्रशासन

- मानसून से पहले दुरुस्त किया जर्जर फ्लाईओवर
- अलीपुर डीएम कार्यालय के पास दीवार की हुई मरम्मत
- संभावित हादसे को मानसून से पहले टाला






हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-44 (एनएच-44) पर अलीपुर डीएम कार्यालय के नजदीक स्थित फ्लाईओवर की जर्जर दीवार और कमजोर हिस्से को लेकर हरिभूमि में प्रमुखता से प्रकाशित खबर का असर देखने को मिला है। मानसून सीजन को ध्यान में रखते हुए एनएचएआई प्रशासन ने समय रहते संज्ञान लेते हुए फ्लाईओवर के क्षतिग्रस्त हिस्से की मरम्मत करवा दी है। गौरतलब है कि हरिभूमि ने हाल ही में "एनएच-44 पर फिर मंडरा रहा सिंघोला गड्ढे जैसा खतरा" शीर्षक से खबर प्रकाशित कर फ्लाईओवर की जर्जर स्थिति और संभावित दुर्घटना की आशंका को प्रमुखता से उठाया था। खबर में चेतावनी दी गई थी कि यदि समय रहते मरम्मत नहीं हुई तो मानसून के दौरान बड़ा हादसा हो सकता है। अलीपुर निवासी कुलदीप, सतेंद्र कुमार, अशोक टोकस आदि लोगों का कहना है कि समय रहते मरम्मत कार्य शुरू होने से इस बार संभावित खतरे को काफी हद तक टाला जा सका है। लोगों ने उम्मीद जताई कि संबंधित विभाग भविष्य में भी ऐसे संवेदनशील मामलों में तत्परता दिखाएगा, ताकि नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

बता दें कि गत वर्ष मानसून के दौरान सिंघोला फ्लाईओवर पर गहरा गड्ढा हो गया था, जिसके कारण सड़क दुर्घटना में जान भी गई और मरम्मत कार्य के दौरान भी अनेकों छोटे बड़े वाहन क्षतिग्रस्त हुए थें। फ्लाईओवर की मरम्मत में करीब छह माह का लंबा समय लग गया था। इस दौरान मार्ग संकरा होने से यातायात बुरी तरह प्रभावित रहा और क्षेत्र में लगातार जाम की स्थिति बनी रही। साथ ही कई सड़क दुर्घटनाएं भी सामने आई थीं।

## एलजी ने डीटीयू की 8वीं बैठक की अध्यक्षता की भविष्य के शैक्षणिक महत्व के मुद्दों पर हुआ मंथन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

उपराज्यपाल तरनजीत सिंह संधू ने मंगलवार को दिल्ली टेक्नोलॉजिकल यूनिवर्सिटी (डीटीयू) का यूनिवर्सिटी कोर्ट की 8वीं बैठक की अध्यक्षता की। लोक निवास में आयोजित हुई इस अहम बैठक में एलजी संधू ने कोर्ट के साथ वर्तमान और भविष्य के शैक्षणिक महत्व के कई मुद्दों पर विचार-विमर्श किया। जिसमें मुख्य रूप से आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और इंटरनेट ऑफ थिंग्स (आईओटी) जैसे महत्वपूर्ण व उभरते हुए क्षेत्रों में की जा रही नई पहलों की सराहना करते हुए एलजी ने विश्वविद्यालय को एक ऐसा स्टार्टअप और इन्क्यूबेशन इकोसिस्टम विकसित करने की सलाह दी जो व्यावहारिक हो। यह स्टार्टअप एक आर्थिक रूप से व्यवहार्य हो और लोगों की जरूरतों को पूरा करने पर केंद्रित हो। एलजी ने संस्थान से यह भी कहा कि वह दिल्ली की गंभीर चुनौतियों को हल करने के लिए गंभीरता से कार्य करें। जिनमें वायु प्रदूषण, ऊर्जा संक्रमण, सीवेज प्रबंधन और यातायात की भीड़ शामिल है। एलजी ने कहा कि इन मुद्दों के लिए विशिष्ट और किफायती समाधान विकसित करने के उद्देश्य से अनुसंधान और नवाचार को तेज करने की बेहद जरूरत है। संधू ने आह्वान किया कि राजधानी के प्रमुख प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के रूप में दिल्ली प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, आत्मनिर्भर भारत के उस विजन में सार्थक योगदान दे सकता है, जिसकी परिकल्पना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के की है। इसके साथ ही एक सुचारू अकादमिक, उद्योग, सरकार-समुदाय साझेदारी बनाने की दिशा में प्रयास कर सकता है।

## नवजात बेटी को पिता ने मरने के लिये नाले के पास फेंका

- मां की शिकायत पर पुलिस ने तलाशी बच्ची

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

बुध विहार पुलिस द्वारा 1 माह 12 दिन की एक नवजात बच्ची को लापता होने के तीन घंटे के भीतर बरामद कर उसकी मां से मिलवाया है। इस सिलसिले में बच्ची के पिता को गिरफ्तार किया गया है। उसी ने बच्ची को नाले के पास फेंका था। वह बेटी पैदा होने से खुश नहीं था और कई दिनों से मौके की तलाश में था।पुलिस के अनुसार शिकायतकर्ता महिला ने बताया कि उनके पति सज्जन कुमार उनकी बेटी को तड़के बिना किसी को कुछ बताये उसे कहीं छोड़ आये है। महिला का पति बेटी के जन्म से नाखुश था। मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए तुरंत एक टीम गठित की गई। जांच के दौरान आरोपी सज्जन कुमार (20) को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में उसने बताया कि वह बच्ची को रिठाला की पाल कॉलोनी पार्क, गंदे नाले के पास फेंक आया है।

टीम ने बच्ची को बरामद कर तुरंत बीएसए अस्पताल में चिकित्सा उपचार के लिए भर्ती कराया। बच्ची की जान बच गई है और उसे मां के हवाले कर दिया गया है।

# हथियारों की सप्लाई में शामिल मेवाती गैंग का भंडाफोड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

- 14 पिस्तौल और 20 कारतूस बरामद

द्वारका जिले के स्पेशल स्टाफ ने हथियारों की सप्लाई में शामिल मेवाती गैंग का पर्दाफाश किया है। गैंग से 14 पिस्तौल और 20 कारतूस बरामद किये गये। हथियारों की अंतर-राज्यीय सप्लाई करने वाले दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इनके नाम कुंवर पाल उर्फ कपिल निवासी मथुरा और डीग राजस्थान निवासी हरमेश सिंह बताये गये हैं। डीसीपी कुशल पाल सिंह के अनुसार जांच के दौरान कुंवर पाल ने खुलासा किया कि हरमेश सिंह उर्फ रमेश सिंह उर्फ मेचू के निर्देशों पर वह हथियारों और कारतूसों की सप्लाई करने के लिए दिल्ली आया था। उसके खुलासे के आधार पर हरमेश की तलाश की गई, लेकिन वह गिरफ्तारी से बच रहा था। इसलिए हरमेश सिंह के खिलाफ गैर-जमानती वारंट प्राप्त किए गए। 18 मई को मेवात इलाके के गांव जुरहेरा में एक छापा मारा गया और हरमेश को पकड़ा गया। पूछताछ में आरोपी हरमेश पहले भी पांच आपराधिक मामलों में शामिल पाया गया है।

# दिल्ली में एसआईआर के दौरान हर बूथ पर कांग्रेस रहेगी अलर्ट : यादव

**नई दिल्ली।** राजधानी में 30 जून 2026 से प्रस्तावित मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने कहा है कि इसमें किसी भी प्रकार की गड़बड़ी को रोकने के लिए पार्टी पूरी तरह तैयार है। यादव ने कहा कि एसआईआर में गड़बड़ी से लड़ने के लिए प्रत्येक बूथ पर हमारी टीम तैयार है जिसके लिए हमने प्रत्येक बूथ पर बीएलए-2 बना दिए हैं। जानकारी अनुसार दिल्ली के चीफ इलेक्ट्रोल ऑफिसर के साथ मंगलवार को एसआईआर को लेकर राजनैतिक दलों की बैठक हुई जिसमें प्रदेश कांग्रेस की ओर से दिल्ली कांग्रेस बूथ मैनेजमेंट डिपार्टमेंट के चेयरमैन राजेश गर्ग, लीगल व ह्यूमन राइट्स विभाग के चेयरमैन एडवोकेट सुनील कुमार ने भाग लिया। बैठक में एसआईआर को लेकर दिल्ली कांग्रेस ने कहा कि अभी तक वोटर मैपिंग का काम पूरा नहीं हुआ है। इसलिए दिल्ली में विशेष कैंप लगाए जाएं ताकि जिन वोटरों की मैपिंग नहीं हुई है उनकी मैपिंग हो सके तथा एसआईआर से पहले इलेक्शन कमीशन जो वोटर लिस्ट फ्रीज करेगा उसकी कलर फोटो के साथ इलेक्टोरल रोल कांग्रेस पार्टी को भी दी जाए। जिससे कांग्रेस के बीएलए-2 घर घर जाकर सही वोटरों की जांच कर सके। कांग्रेस की इस माँग को लेकर चीफ इलेक्ट्रोल ऑफिसर ने आश्वासन दिया है कि मुख्य चुनाव आयोग को लिखित में उनके आदेश लिए जाएँगे की क्या यह लिस्ट दी जा सकती है या नही। यादव ने कहा कि कांग्रेस पार्टी दिल्ली में एसआईआर में किसी भी प्रकार की गड़बड़ी को रोकने के भरसक प्रयास करेंगे कोशिश रहेगी कि एक भी पात्र मतदाता छूटने ना पाए।

## शिखर सम्मेलन की रिहर्सल के चलते सड़कों पर रेंगते रहे वाहन

**नई दिल्ली।** राजधानी के कई हिस्सों में मंगलवार दोपहर को यातायात की गति धीमी रही। कई जगहों पर तो वाहन रेंगते नजर आये। भारत मंडपम में एक उच्च-स्तरीय शिखर सम्मेलन की रिहर्सल के लिए लगाए गए प्रतिबंधों के कारण लंबे समय तक जाम के हालात बने रहे। इससे यात्रियों को भीषण गर्मी के बीच भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। मध्य, उत्तर और दक्षिण दिल्ली के कुछ हिस्सों में दोपहर में 12 से तीन बजे के बीच भारी भीड़भाड़ रही। दिल्ली यातायात पुलिस ने 28 मई से एक जून तक भारत मंडपम में होने वाले 'इंटरनेशनल बिग कैट एलायंस समिट' और 'इंडिया-अफ्रीका फोरम समिट' से पहले आयोजित रिहर्सल के संबंध में एक परामर्श जारी किया था। यात्रियों ने कई स्थानों पर लंबे समय तक यातायात जाम की शिकायत करने के लिए सोशल मीडिया मंच 'एक्स' का सहारा लिया। इसी तरह की शिकायतें तिलक मार्ग, मथुरा रोड, एसपी मार्ग और कनॉट प्लेस जैसे इलाकों से भी सामने आई, जहां वाहन चालकों ने कहा कि रास्ता बदले जाने के कारण कई सड़कों पर यातायात का दबाव बढ़ गया।

## दिल्ली कांग्रेस ने ईंधन के दामों में लगातार हो रही बढ़ोत्तरी को लेकर सरकार पर उठाए सवाल

**नई दिल्ली।** वैश्विक स्तर पर हो रही उथल पुथल के कारण भारत में भी ईंधन के दामों में बढ़ोतरी हो रही है। ऐसे में दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने केंद्र व दिल्ली की रेखा गुप्ता सरकार पर धावा बोला है। कांग्रेस के संगठन महासचिव अनिल भारद्वाज ने कहा कि लगातार बढ़ती पेट्रोल, डीजल, सीएनजी, दूध और ब्रेड की कीमतों ने आम आदमी के घर का बजट पूरी तरह बिगाड़ दिया है। महंगाई की इस मार से गरीब, मध्यम वर्ग,नौकरी पेशा और छोटे व्यापारी सबसे ज्यादा प्रभावित हो रहे हैं। भारद्वाज ने कहा की सिर्फ मई महीने में एक हफ़्ते के अंदर दिल्ली समेत देशभर में मदर डेयरी और अमूल ने दूध के प्रति लीटर 2 रुपए महंगा कर दिया। पेट्रोल और डीजल के दामों में लगभग 3 प्रति लीटर की बढ़ोतरी की गई। पहले सीएनजी के दाम 2 प्रति किलो बढ़ाए गए फिर 1 रुपए प्रति किलो और बढ़ा दिए जिससे इसकी कीमत 80. 09 प्रति किलो हो गई। उन्होंने कहा कि अब मॉडर्न कंपनी ने अपनी ब्रेड के दाम 5 प्रति पैकेट तक बढ़ा दिए। उन्होंने कहा कि इससे रोजमर्रा के खाने का खर्च और बढ़ गया तथा महिलाओं के रसोई का बजट पूरी तरह डगमगा गया है। उन्होंने कहा कि महंगाई और बेरोजगारी में लगातार बढ़ोत्तरी के चलते भी राजधानी दिल्ली में अपराधों का बढ़ना एक वजह बन रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस मांग करती है कि जिस प्रकार सीएम रेखा गुप्ता ने हवाई यात्रा पर वैट में भारी कटौती की है, उसी तरह बढ़ी हुई कीमतो को भी कम करें।


उत्तर रेलवे

खुली निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल इंजीनियर–ट्रैक, उत्तर रेलवे, नई दिल्ली द्वारा निम्न कार्य के लिए ई–टेंडर के माध्यम से निविदाएं आमंत्रित की जाती है।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | **रामकुमारपुरा खनन क्षेत्र, ग्राम रामकुमारपुरा, तहसील खेतड़ी, जिला झुंझुनू, राजस्थान** से पहचाने गए स्रोत से मशीन द्वारा क्रश किया हुआ हार्ड स्टोन ट्रैक बैलेस्ट की आपूर्ति, जो RDSO's की रेलवे विनिर्देश (IS/RDSO-GE/0001:2023) फरवरी 2023 एवं उसके नवीनतम करेक्शन स्लिप के अनुरूप हो, तथा निर्देशानुसार लोडिंग पॉइंट तक पहुंचाना एवं उसे NWR क्षेत्र के निजामपुर/मौंडा रेलवे स्टेशनों से BOBYN प्रकार के रेलवे वैगनों में लोड करना। दर में समस्त लागत, ठेकेदार श्रम, औजार, संयंत्र एवं मशीनरी सहित सभी प्रकार की लीड, लिफ्ट, कर, रॉयल्टी शुल्क एवं अन्य शुल्क शामिल होंगे। साथ ही साइट पर बैलेस्ट स्टैकिंग हेतु एप्रोच रोड बनाना एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं करना भी शामिल होगा, ताकि कार्य पूर्ण रूप से अभियंता प्रभारी के निर्देशानुसार संपन्न किया जा सके। (निविदा आमंत्रण सूचना – 03–26–27 –डब्ल्युसी) |
| 2 | अनुमानित लागत | Rs. 2,32,88,400.45/- |
| 3 | धरोहर राशि | Rs. 4,60,000/- |
| 4 | ई–निविदा भरने का दिनांक और समय एवं ई– निविदा खुलने का दिनांक और समय | ई–निविदा भरने का समय शुरू दिनाँक **22/05/2026** को 15.00 बजे से निविदा खुलने का समय एवं ई–निविदा खुलने का **दिनांक 11/06/2026** को 15:00 बजे तक। |
| 5 | निविदा की वेबसाइट जहां निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकता है | **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। |

पत्रसंख्या 128–ड्ब्ल्यु/व.म.अधि./सं/निविदा आमंत्रण सूचना–03–26–27–ड्ब्ल्युसी दिनांक :– 18.05.2026 1663/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



हरियाणा सरकार निविदा सूचना

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी/सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर निगम रोहतक | प्रेम नगर रोड गली नं. 4-5 ULB_RTK_02110 वार्ड नं. 8, एम.सी. रोहतक में सी.सी. रोड का निर्माण और ऊपर उठाना + 3 कार्य। | 18.05.2026 25.05.2026 | रु. 53.37 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9467717422 xenmcrohtak@gmail.com |
| 2 | नगर निगम रोहतक | एम.सी. रोहतक में माता दरवाजा तालाब के पुनरोद्धार हेतु आकलन + 1 कार्य। | 18.05.2026 28.05.2026 | रु. 174.29 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9467717422 xenmcrohtak@gmail.com |
| 3 | नगर निगम रोहतक | वार्ड नं. 7, एम.सी. रोहतक में लोनिवि (भ व प) कॉलोनी की तरफ गोहाना अड्डा से सुखपुरा चौक तक आरसीसी नाला प्रिकास्ट स्लैब (0.800*0.450*0.100) की कवरिंग + 2 कार्य। | 18.05.2026 25.05.2026 | रु. 96.21 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9467283967 xenmcrohtak@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in

संवाद–13/2027/60/45330/I/88/7 दि. 19.05.26



हरियाणा सरकार निविदा सूचना

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भ व प फतेहाबाद | फतेहाबाद में 7 अदद ए टाइप राजस्व आवास में मॉड्यूलर किचन का प्रावधान (गोदरेज मेक) (जीएसटी के बिना) + 1 कार्य। | 18.05.2026 25.06.2026 | 108.18 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01667-220120 pwd-eepd-fatehabad@hry.nic.in |
| 2 | पंचायती राज रेवाड़ी | गांव लिसान ब्लॉक डहीना जिला रेवाड़ी में लिसान से गोठड़ा टप्पा डहीना तक सम्पर्क रोड का निर्माण (एचजीवीवाई) + 2 कार्य। | 18.05.2026 27.05.2026 | 209.90 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9466112077 xenpr.rwr@gmail.com |
| 3 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा सिरसा | आरडी 0-82100-टेल (खरीफ 2026) बीयूपीपी सेक्शन से शेखुपुरा डिस्टी. की आंतरिक और बाह्य सफाई + 5 कार्य। | 18.05.2026 25.05.2026 | 17.66 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9996665761 xensrs.swd1925@yahoo.com |
| 4 | कल्पना चावला राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय करनाल | केसीजीएमसी, करनाल में कैफेटेरिया सेवाओं के प्रावधान हेतु ई-निविदा के सम्बन्ध में। | 22.05.2026 08.06.2026 | ईएमडी 10000 | https://etenders.hry.nic.in | 8295340665 director.kcghc-hry@gov.in |
| 5 | कल्पना चावला राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय करनाल | केसीजीएमसी, करनाल में मेडिकल गैस पाइपलाइन सिस्टम (एमजीपीएस) के व्यापक रखरखाव अनुबंध (सीएमसी) हेतु ई-निविदा के सम्बन्ध में। | 22.05.2026 08.06.2026 | ईएमडी 70000 | https://etenders.hry.nic.in | 8295340665 director.kcghc-hry@gov.in |
| 6 | जिला परिषद सोनीपत | गांव जाहरी में उप स्वास्थ्य केन्द्र + 1 कार्य। | 14.05.2026 21.05.2026 | 129.39 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416391006 prexeengzp.snp@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.etenders.hry.nic.in पीआरडीएच–11/2027/120/45354/I/88/7 दि. 19.05.26

नई दिल्ली
बुधवार 20 मई 2026
ज्येष्ठ मास शुक्ल पक्ष, चतुर्थी वर्ष : 30, अंक : 31
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

मौसम
अधि. 43.0
न्यून. 32.0

हरिभूमि
दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी

## हफ्ते में दूसरी बार बढ़े पेट्रोल-डीजल के दाम

# प्रति लीटर करीब 90 पैसे की हुई बढ़ोतरी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** देश में एक बार फिर से पेट्रोल और डीजल की कीमतों में बड़ा इजाफा कर दिया गया है। तेल कंपनियों ने मंगलवार को पेट्रोल और डीजल के दाम में करीब 90 पैसे प्रति लीटर की बढ़ोतरी कर दी है। सबसे ज्यादा चिंता की बात यह है कि मात्र एक हफ्ते के भीतर यह दूसरी बार है जब ईंधन के दाम इस तरह से बढ़ाए गए हैं। इस नई बढ़ोतरी से ठीक तीन दिन पहले, शुक्रवार को ही केंद्र सरकार ने देशभर में



पेट्रोल और डीजल दोनों की कीमतों में तीन-तीन रुपए प्रति लीटर का भारी इजाफा किया था। मंगलवार को फिर से दाम बढ़ने के बाद राजधानी दिल्ली में पेट्रोल 87 पैसे और महंगा होकर 98.64 रुपए प्रति लीटर बिक रहा है। वहीं, दिल्ली में डीजल 91 पैसे महंगा होकर 91.58 रुपए प्रति लीटर तक पहुंच गया है। पेट्रोलियम मंत्रालय के अनुसार इस बढ़ोतरी के बाद कंपनियों का दैनिक घाटा करीब 25 फीसदी कम होकर 750 करोड़ रुपए रह गया है। पहले ये लगभग 1,000 करोड़ तक पहुंच गया था। पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा के मुताबिक तेल कंपनियों को घाटे की भरपाई के लिए किसी राहत पैकेज या सब्सिडी पर विचार नहीं किया जा रहा है।

‘जाओ कोर्ट जाओ’, भारत सिर्फ एक देश नहीं, पांच हजार साल पुरानी सभ्यता है...

# नॉर्वे की पत्रकार की भारत की छवि धूमिल करने की कोशिश पर विदेश मंत्रालय की दो टूक

भारत में भी सोशल मीडिया पर फूटा लोगों का गुस्सा, बोले, नजर आई पश्चिमी मीडिया की भारत विरोधी मानसिकता

विवाद बढ़ता देख लिंग ने दी सफाई, मैं किसी विदेशी सरकार की जासूस नहीं, पत्रकार हूं

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

‘भारत पर दुनिया क्यों भरोसा करे, क्या भारत में मानवाधिकार उल्लंघन बंद होंगे, दुनिया की सबसे स्वतंत्र प्रेस के सवालों का जवाब क्यों नहीं दिया जा रहा है? क्या प्रधानमंत्री मोदी मीडिया के मुश्किल सवालों का जवाब देना शुरू करेंगे’? यह वो चंद सवाल हैं, जिन्हें नॉर्वे के एक प्रमुख समाचार पत्र ‘डॉग्स विसन’ की एक महिला पत्रकार हेले लिंग बीते सोमवार को ओस्लो में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से बेहद आक्रामकता के साथ पूछना चाह रही थी।



लेकिन पीएम ने नार्वे के प्रधानमंत्री जोनास गहर स्टोर के साथ हुई द्विपक्षीय बैठक के बाद संयुक्त प्रेस वक्तव्य देने के बाद ही अपनी बात को समाप्त कर दिया और वह कार्यक्रम स्थल से बाहर निकल गए। जिससे झल्लाई लिंग ने कहा, पीएम मोदी ने मेरा सवाल नहीं लिया, इसकी मुझे उम्मीद नहीं थी। नॉर्वे प्रेस की स्वतंत्रता के मामले में दुनिया में शीर्ष स्थान पर काबिज है। जबकि भारत इस मामले में 157 वें स्थान पर है। इसके बाद आयोजित की गई विदेश मंत्रालय की मीडिया ब्रीफिंग में भी हेले ने अपना यही रुख कायम रखा और वो मंत्रालय के अधिकारियों से सवाल पूछने के बहाने भिड़ गई। लेकिन उनके हाथ केवल निराशा ही लगी। नार्वे की इस पत्रकार ने सोशल मीडिया में एक वीडियो शेयर किया था। जिसे टैग करते हुए विदेश मंत्रालय ने उन्हें ▶▶ शेष पेज 5 पर

### इसलिए भरोसेमंद देश है भारत

*हेले के तमाम सवालों का तस्सली के साथ जवाब देते हुए विदेश मंत्रालय में सचिव (पश्चिम) सिबी जॉर्ज ने कहा कि भारत सिर्फ एक देश नहीं बल्कि पांच हजार साल पुरानी सभ्यता है। जो लगातार बनी हुई है। दुनिया में किसी देश विशेष की पहचान उसके क्षेत्र, जनसंख्या, संप्रभुता और सरकार के आधार पर की जाती है। भारत अपने इन सभी मूल्यों के साथ मजबूती से खड़ा है। उन्होंने वैश्विक कोरोना महामारी का जिक्र करते हुए कहा कि उस मुश्किल दौर में भी भारत ही था। जो कहीं भागा नहीं था और उसने आगे बढ़कर जरूरतमंद देशों को मदद प्रदान की थी। हमारा यही भरोसा विश्व को हम पर विश्वास करना सिखाता है। दुनिया की आबादी का छठा भाग भारत ही है। लेकिन अगर हम वैश्विक समस्याओं को देखें तो इन्हें लेकर हमारी भागीदारी छठे भाग के रूप में नहीं है।*

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

IPL आज का मुकाबला
केकेआर एमआई
शाम 7.30 बजे से

## खबर संक्षेप

### प्रेमानंद ने लिया मौन व्रत, पदयात्रा-दर्शन बंद!



**मथुरा।** वृंदावन के संत प्रेमानंद महाराज ने पूर्ण मौन व्रत धारण कर लिया है। प्रेमानंद महाराज के आश्रम प्रशासन से मिली जानकारी के मुताबिक अब अगले आदेश तक उनकी दैनिक पदयात्रा और सभी तरह के दर्शनों पर भी रोक रहेगी। आश्रम की तरफ से भक्तों से अपील की गई है कि प्रेमानंद महाराज के दर्शनों के लिए वृंदावन न आएं। साथ ही यह भी कहा गया है कि प्रेमानंद महाराज की साधना और स्वास्थ्य लाभ में सहयोग दें। बता दें, दोनों किडनी खराब होने के बावजूद प्रेमानंद महाराज अभी तक कठिन दिनचर्या का पालन कर रहे हैं।

### ट्विशा मामला: पति के खिलाफ लुक आउट नोटिस



**भोपाल।** अभिनेत्री ट्विशा शर्मा की संदिग्ध मौत के मामले में भोपाल पुलिस ने फरार आरोपी पति समर्थ सिंह के खिलाफ लुक आउट नोटिस जारी किया है। दहेज प्रताड़ना का मामला दर्ज होने के बाद से ही वकील समर्थ सिंह लगातार फरार चल रहा है, जिसके विदेश भागने की आशंका को देखते हुए पुलिस ने यह कदम उठाया है। इससे पहले पुलिस ने आरोपी पर 10 हजार रुपए का इनाम भी घोषित किया था, जबकि कोर्ट से उसकी अग्रिम जमानत अर्जी पहले ही खारिज हो चुकी है। आरोपी की तलाश के लिए पुलिस की छह विशेष टीमें अलग-अलग ठिकानों पर लगातार दबिश दे रही हैं।

## तीसरे 'भारत-नॉर्डिक शिखर सम्मेलन' को संबोधित करते हुए बोले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

# आतंकवाद पर भारत-नॉर्डिक देशों की दो टूक, कोई समझौता नहीं करेंगे, न मानेंगे दोहरे मानक

- वैश्विक संघर्ष के बीच हम एकजुटता से एक सशक्त नियम आधारित व्यवस्था पर देते रहेंगे जोर

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

अपनी विदेश यात्रा के चौथे पड़ाव नॉर्वे में मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ‘भारत-नॉर्डिक देशों के तीसरे शिखर सम्मेलन’ में भाग लिया। जिसके बाद दिए संयुक्त प्रेस वक्तव्य में उन्होंने यूक्रेन, पश्चिम-एशिया में जारी संघर्ष के अलावा आतंकवाद की वैश्विक चुनौती और अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं में तत्काल आधार पर सुधारों के मामले पर अपना और नॉर्डिक देशों का पक्ष बड़े ही स्पष्ट रूप से दुनिया के सामने रखा। पीएम ने कहा, इसमें कोई दोराय नहीं है कि मौजूदा वैश्विक तनाव और संघर्ष के इस चिंताजनक दौर में भारत और नॉर्डिक देश साथ मिलकर एक सशक्त नियम आधारित व्यवस्था की वकालत करते रहेंगे। मसला चाहे यूक्रेन का हो या पश्चिम एशिया क्षेत्र में जारी संघर्ष का। हम इन संघर्षों की जल्द से जल्द समाप्ति और शांति स्थापना के लिए चल रहे तमाम प्रयासों का समर्थन करते रहेंगे। वहीं, आतंकवाद को लेकर भी हमारा रुख बिल्कुल स्पष्ट है। इसे लेकर हम जीरो टॉलरेंस यानी न तो कोई समझौता करेंगे और न ही किसी भी प्रकार का दोहरा मापदंड स्वीकार करेंगे। बैठक के अंत में नॉर्डिक देशों के राष्ट्राध्यक्षों ने भी तमाम मामलों पर अपने विचार प्रेस के सामने रखे।

### पाकिस्तान-चीन को दिया संदेश



आतंकवाद के मुद्दे पर प्रधानमंत्री की यह टिप्पणी बिना नाम लिए कई संवेदनशील मौकों पर पाकिस्तान के साथ-साथ आतंकी हमलों को लेकर वैश्विक मंचों पर उसे समर्थन प्रदान करने वाले चीन को दिया गया सख्त संदेश है। उन्होंने कहा कि भारत और नॉर्डिक देश इस बात पर भी सहमत हैं कि बहुपक्षीय संस्थानों में सुधारों की तत्काल रूप से आवश्यकता है। यहां बता दें कि नॉर्वे के बाद पीएम मोदी की इस विदेश यात्रा का अंतिम और पांचवा पड़ाव इटली होगा। जहां पर वह प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी के साथ एक उच्च-स्तरीय द्विपक्षीय बैठक करेंगे। जिसमें दोनों देशों के बीच कई अहम समझौतों पर हस्ताक्षर किए जा सकते हैं।

### दुनिया के लिए बनाएंगे विश्वसनीय समाधान

उन्होंने कहा, आज की बैठक में हम सभी ने मिलकर भारत और नॉर्डिक संबंधों को ग्रीन तकनीक और नवाचार स्ट्रैटेजिक साझेदारी का स्वरूप प्रदान करने का निर्णय लिया है। जिसके बाद आइसलैंड की जियोथर्मल फिशरीज, नॉर्वे की ब्लू अर्थव्यवस्था, आर्कटिक व अन्य सभी नॉर्डिक देशों की समुद्री संवेदनशीलता में विशेषज्ञता को भारत के कौशल के साथ जोड़कर पूरे विश्व के लिए एक बेहतर भविष्य के रूप में सुनिश्चित करेंगे। हमारी इस अनोखी भागीदारी के गठन से हम स्वीडन की उन्नत मैन्युफैक्चरिंग और रक्षा, फिनलैंड की टेलीकॉम-डिजिटल तकनीक और डेनमार्क की साइबर सुरक्षा और हेल्थ टेक को भारत की प्रतिभा के साथ जोड़कर पूरी दुनिया के लिए विश्वसनीय समाधान विकसित करेंगे।

### इस वजह से हैं हम स्वाभाविक साझेदार

प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कि भारत और नॉर्डिक देश स्वाभाविक साझेदार हैं। जिसके पीछे लोकतंत्र, नियम का शासन और बहुपक्षवाद के प्रति हमारी साझा प्रतिबद्धता बड़ी वजह है। तकनीक और सतत विकास में हमारी संयुक्त प्राथमिकताएं हमारे संबंधों को अवसरों से भर देती हैं। इसलिए 8 साल पहले हमने नॉर्डिक देशों के साथ अपने संबंधों को नई ऊर्जा और गति देने के लिए इस फॉर्मेट का गठन किया था। आज मुझे बेहद खुशी है कि बीते कुछ वर्षों में ही हमने अपने संबंधों में विशेष प्रगति की है। दस साल ▶▶ शेष पेज 5 पर

### शुरू होगा संबंधों का स्वर्णिम युग

*उन्होंने कहा कि अक्टूबर 2025 से नॉर्वे, आइसलैंड और अन्य एफ्टा देशों के साथ भारत ने व्यापार और आर्थिक भागीदारी समझौता लागू किया है। कुछ महीने पहले हमने यूरोपीय संघ के साथ भी एफटीए किया है। जिसमें डेनमार्क, फिनलैंड और स्वीडन भी भागीदार हैं। इन सभी महत्वाकांक्षी व्यापार समझौतों के माध्यम से हम भारत और नॉर्डिक देशों के साथ संबंधों में एक नए स्वर्णिम युग की शुरुआत करने जा रहे हैं। हमारे व्यापक शोध और नवाचार संबंध भारत, नॉर्डिक साझेदारी का एक अहम स्तंभ है। जिसे सुदृढ़ करने के लिए हम साथ मिलकर विश्वविद्यालयों और प्रयोगशालाओं के बीच संबंधों को आगे बढ़ाएंगे।*

### बनाएंगे भावी विकास का मॉडल

*पीएम मोदी ने कहा कि हम आर्कटिक और पोलर शोध में अपना सहयोग और गहरा करेंगे। भारत, नॉर्डिक देश मिलकर कौशल विकास और गतिशीलता के नए अवसर सुनिश्चित करेंगे। हम सभी अलग- अलग भाषाएं बोलते हैं। लेकिन कभी-कभी हमारा एक शब्द भी हमारी प्राकृतिक साझेदारी को रेखांकित करने के लिए काफी होता है।*

### ‘संबंध’ शब्द से स्थापित किया संबंधों का बॉंड

*उन्होंने कहा कि मैंने आज की वार्ताओं में कई बार ‘संबंध’ शब्द का प्रयोग किया। कई नॉर्डिक भाषाओं में इसका अर्थ कनेक्शन, रिलेशंस और बॉंड होता है। यहां ध्यान देने वाली एक बात यह है कि हिंदी भाषा में भी संबंध का यही अर्थ होता है। ऐसे में यह शब्द केवल हमारे बीच संबंधों की समानता को ही नहीं बल्कि हमारे विचारों की निकटता को भी दर्शाता है। मैं आज की इस बैठक में भागीदार सभी देशों के राष्ट्रप्रमुखों से यह अपील करता हूं कि हम सभी अपने बीच संबंध को हर क्षेत्र में प्रगाढ़ करें और भारत-नॉर्डिक साझेदारी को साझा समृद्धि, नवाचार और सतत विकास से जुड़े भविष्य का एक मॉडल बनाएं।*

## सुप्रीम कोर्ट ने कहा- हम जमीनी हकीकत से आंखें नहीं

# इंसानी जीवन के लिए खतरा बने रेबीज संक्रमित और बीमार कुत्तों को मारा जाए



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने एक अहम आदेश देते हुए रेबीज और गंभीर रूप से बीमार कुत्तों को, जो इंसानी जीवन के लिए खतरनाक हैं, उन्हें मारने के निर्देश दिए हैं। अदालत ने कहा कि वह जमीनी हकीकत से आंखें नहीं मूंद सकती, जहां बच्चे, यात्री और बुजुर्ग लगातार डॉग बाइट की घटनाओं के शिकार हो रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट ने सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को निर्देश दिया कि वे आवारा कुत्तों की बढ़ती संख्या से निपटने के लिए मिलजुलकर प्रयास करते हुए जरूरी बुनियादी ढांचे को मजबूत करें। अदालत ने कहा पशु जन्म नियंत्रण नियमों और अन्य लागू वैधानिक प्रोटोकॉल के अनुसार लाइलाज बीमारी से ग्रस्त, रेबीज से संक्रमित और किसी भी तरह से मानव जीवन के लिए खतरनाक कुत्तों को मारने के उपाय अधिकारी कर सकते हैं। सुप्रीम कोर्ट ने आवारा कुत्तों के पुनर्वास और नसबंदी से जुड़े 7 नवंबर 2025 के अपने आदेश में बदलाव और उसे वापस लेने की मांग वाली सभी याचिकाओं को ▶▶ शेष पेज 5 पर

### डॉग फीडर्स और डॉग लवर्स की जिम्मेदारी भी तय होगी

*डॉग लवर्स ने अपनी याचिका में तर्क दिया था कि आवारा कुत्तों को सार्वजनिक स्थानों से हटाने का आदेश बहुत कठोर है और इससे कुत्तों के अधिकारों का हनन हो रहा है। पीठ ने ये भी कहा कि अब आवारा कुत्तों को खाना खिलाने वाले लोगों यानी डॉग फीडर्स और डॉग लवर्स की जिम्मेदारी भी तय होगी। अगर कोई कुत्ता किसी व्यक्ति को काटता है, तो ऐसे मामलों में जिम्मेदारी सिर्फ प्रशासन की ही नहीं बल्कि उन लोगों की भी मानी जाएगी जो कुत्तों की देखभाल या फीडिंग में शामिल हैं।*

### अदालत ने दिए ये अहम निर्देश

- *राज्य भारतीय पशु कल्याण बोर्ड के नियमों को लागू करने के लिए उपाय करें*
- *हर जिले में कम से कम एक पशु जन्म नियंत्रण केंद्र स्थापित हो*
- *राज्यों में रेबीज रोधी टीकों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित हो*
- *कुत्तों से सुरक्षा करने के निर्देशों को लागू करने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ अपने कर्तव्य के निर्वहन के लिए कोई एफआईआर दर्ज नहीं होनी चाहिए*
- *निर्देशों की निगरानी के लिए उच्च न्यायालयों को स्वतः संज्ञान लेकर मामले दर्ज करने होंगे*
- *राजमार्गों से आवारा पशुओं से सुरक्षित किया जाए*

## ईपीएफओ ने घटाए लंबित मामले, अब व्हाट्सअप से मिलेगी सेवाएं, श्रम मंत्री मांडविया का बड़ा ऐलान

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्री ने मंगलवार को कहा कि ईपीएफओ ने लंबित मुकदमों को कम करने और मामलों के त्वरित निपटारे के लिए प्रयास तेज कर दिए हैं। उन्होंने बताया कि विभिन्न कानूनी मंचों पर लंबित मामलों में उल्लेखनीय कमी दर्ज की गई है। मीडिया को संबोधित करते हुए डॉ. मनसुख एल. मांडविया ने कहा कि “निधि आपके निकट” कार्यक्रम के तहत मामलों की पहले से पहचान कर उनके शीघ्र समाधान की दिशा में काम किया गया। इसके परिणामस्वरूप उपभोक्ता मामलों की लंबित संख्या



1 अप्रैल 2024 को लगभग 5 हजार से घटकर 31 मार्च 2026 तक करीब 2600 रह गई है। उन्होंने बताया कि ईपीएफओ में कुल लंबित मुकदमों की संख्या भी 31 हजार से घटकर 27 हजार रह गई है, जो अब तक का सबसे कम लंबित स्तर है।

**श्रम सुविधा 2.0 और समाधान 2.0 पोर्टल लॉन्च :** श्रम मंत्री ने कहा कि श्रम एवं रोजगार मंत्रालय ने श्रम कानून अनुपालन और शिकायत निवारण प्रणाली को ▶▶ शेष पेज 5 पर

## डीडीए में जिन पर भ्रष्टाचार रोकने की जिम्मेदारी वही रंगे हाथों माल बटोरते सीबीआई के हत्थे चढ़े

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली




सीबीआई ने दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) में रिश्वतखोरी के मामले में बड़ी कार्रवाई करते हुए एक असिस्टेंट विजिलेंस ऑफिसर और एक मल्टी टास्किंग स्टाफ (एमटीएस) कर्मचारी को गिरफ्तार किया है। सीबीआई ने 18 मई को यह मामला दर्ज किया था। एजेंसी के अनुसार, शिकायत डीडीए एक पूर्व डिप्टी डायरेक्टर, की ओर से दी गई थी। शिकायत में आरोप लगाया गया कि डीडीए का असिस्टेंट विजिलेंस ऑफिसर शिकायतकर्ता के खिलाफ चल रहे विजिलेंस मामले में उसके मूल विभाग को “अनुकूल रिपोर्ट” भेजने के बदले 5 लाख रुपये की रिश्वत मांग रहा था।सीबीआई के मुताबिक, बातचीत के बाद रिश्वत की रकम 3 लाख रुपये में तय हुई। जांच एजेंसी ने 18 मई को जाल बिछाकर कार्रवाई की। आरोपियों को उस समय पकड़ लिया जब असिस्टेंट विजिलेंस ऑफिसर, डीडीए के एमटीएस कर्मचारी के माध्यम से 50 हजार रुपये की रिश्वत की पहली किस्त ▶▶ शेष पेज 5 पर





शंटिंग के दौरान खाली थी ट्रेन, टला बड़ा हादसा

## ऋषिकेश में उज्जैनी एक्सप्रेस का डिब्बा पलटा

**ऋषिकेश।** उत्तराखंड के योग नगरी रेलवे स्टेशन के पास सोमवार देर रात एक बड़ा ट्रेन हादसा टल गया। खांड गांव के समीप शंटिंग के दौरान उज्जैनी एक्सप्रेस (गाड़ी संख्या 14317) के तीन डिब्बे अचानक पटरी से उतर गए, जिनमें से एक डिब्बा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। राहत की बात यह रही कि हादसे के वक्त ट्रेन पूरी तरह खाली थी, जिससे कोई जनहानि नहीं हुई। जीआरपी एसपी ▶▶ शेष पेज 5 पर

## केंद्रीय कृषि मंत्री चौहान बोले- पूर्वी भारत बन सकता है देश के कृषि विकास का ग्रोथ इंजन

# भुवनेश्वर में पूर्वी क्षेत्रीय कृषि सम्मेलन का शुभारंभ, पूर्वी भारत की खेती को नई दिशा देने के लिए साझा रोडमैप पर गहन मंथन

- शिवराज सिंह ने इंटीग्रेटेड फार्मिंग, दलहन-तिलहन और टिकाऊ खेती पर दिया जोर
- कहा, नकली खाद व कीटनाशक और घटिया बीज किसानों के खिलाफ बड़ा अपराध, ऐसे तत्वों के विरुद्ध व्यापक अभियान चलाया जाएगा



हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण व ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मंगलवार को भुवनेश्वर के मेफेयर कन्वेंशन में ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण मांझी के साथ पूर्वी क्षेत्रीय कृषि सम्मेलन का उद्घाटन किया। केंद्रीय मंत्री चौहान ने पूर्वी भारत की कृषि को अधिक उत्पादक, टिकाऊ, वैज्ञानिक और लाभकारी बनाने का सशक्त आह्वान किया। ओडिशा, बिहार, झारखंड, छत्तीसगढ़ और पश्चिम बंगाल से जुड़े इस महत्वपूर्ण सम्मेलन में दलहन-तिलहन उत्पादन, छोटी जोत वाले किसानों के लिए इंटीग्रेटेड फार्मिंग, प्राकृतिक खेती, किसान रजिस्ट्री, बागवानी, कृषि ऋण, विपणन, नकली कृषि आदानों पर नियंत्रण और किसान आय वृद्धि जैसे विषयों पर व्यापक चर्चा का खाका रखा गय पूर्वी क्षेत्रीय कृषि सम्मेलन के उद्घाटन सत्र में केंद्रीय मंत्री चौहान ने कहा कि उत्पादन बढ़ाना, लागत घटाना, उपज का उचित ▶▶ शेष पेज 5 पर

## हरियाणा में 63,389 किमी लंबाई की कुल 1,43,065 सड़कों की मैपिंग पूरी

मुख्यमंत्री ने “म्हारी सड़क एप” की समीक्षा बैठक में दिए सख्त निर्देश

# मुख्यमंत्री सैनी बोले: डीएलपी के तहत मरम्मत न करने वाली एजेंसियों की बैंक गारंटी जब्त हो

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने निर्देश दिए हैं कि प्रदेश के सभी जिलों में आयोजित होने वाली जनपरिवाद बैठकों तथा उपायुक्तों द्वारा ली जाने वाली मासिक समीक्षा बैठक में “म्हारी सड़क एप” पर प्राप्त कम से कम एक बड़ी शिकायत की अनिवार्य रूप से समीक्षा की जाए। इसका उद्देश्य एप की उपयोगिता बढ़ाना तथा शिकायतों के समाधान में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करना है। मुख्यमंत्री मंगलवार को सचिवालय में “म्हारी सड़क एप” से संबंधित समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक में अधिकारियों ने बताया कि एप का सेकेंड वर्जन दिसंबर 2025 में शुरू किया गया था। 11 मई को आयोजित एपीएक्स कमेटी की बैठक में सामने आए 17 प्रमुख बिंदुओं तथा उन पर उठाए गए कदमों की जानकारी हरसैक अधिकारियों द्वारा मुख्यमंत्री को दी गई। बैठक में जानकारी दी गई कि हरियाणा के विभिन्न विभागों की हुई मैपिंग के तहत अब तक कुल 1,43,065 सड़कों,



जिनकी लंबाई लगभग 63,389 किलोमीटर है, की मैपिंग “म्हारी सड़क एप” पर की जा चुकी है। मुख्यमंत्री ने सड़कों की जियो-टैगिंग का कार्य तेजी और सटीकता के साथ पूरा करने के निर्देश भी दिए। अधिकारियों के अनुसार एप के माध्यम से अब तक 31,939 शिकायतों का समाधान किया जा चुका है। इस दौरान मुख्यमंत्री को एंड्रॉयड और आईओएस प्लेटफॉर्म पर एप डाउनलोड की स्थिति की भी जानकारी दी गई। बैठक में पीडब्ल्यूडी, एनएचएआई, हरसैक सहित विभिन्न विभागों के लगभग 25 अधिकारी मौजूद रहे। मुख्यमंत्री ने सभी विभागों से एप पर प्राप्त शिकायतों और उनके समाधान के लिए उठाए गए कदमों की समीक्षा की। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि “म्हारी सड़क एप” के बारे में अधिक से अधिक लोगों को जागरूक किया जाए। विशेष रूप से एग्रीगेटर कंपनियों जैसे ओला और उबर से जुड़े टैक्सी चालकों को भी ऐप के लाभ बताए जाएं। उन्होंने कहा कि हरियाणा के आरटीओ कार्यालयों में टैक्सी पासिंग के लिए आने वाले चालकों के मोबाइल में भी यह एप डाउनलोड करवाया जाए ▶▶ शेष पेज 5 पर


खबर संक्षेप

## यमुना रेती से भरी 7 बैल गाड़ियां जब्त



**फरीदाबाद।** फरीदाबाद पुलिस की अवैध खनन करने वालों पर लगातार कार्रवाई जारी है, इसी कड़ी 18 मई को थाना तिगांव क्षेत्र में बैलगाडिय़ों से यमुना रेती चोरी करने वाले 6 आरोपियों को डॉयल-211 की टीम ने मझांवली-तिगांव रोड पर काबू करने में सफलता हासिल की है। पुलिस प्रवक्ता अनुसार 18 मई को डॉयल-211 की पुलिस टीम को गश्त के दौरान सूचना प्राप्त हुई कि कुछ लोग बैलगाडिय़ों में यमुना रेती चोरी करके ला रहे हैं। सूचना पर तुरंत कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने मंझावली-तिगांव रोड पर जितेन्द्र उर्फ बिट्टू, वीरेन्द्र उर्फ लीले, दीपक, देशराज उर्फ देशी निवासी गांव तिगांव, रोहित उर्फ सोनू वासी गांव बुआपुर तथा बिल्लू वासी गांव मंझावली को काबू किया है। सभी अवैध खनन की गतिविधियों में संलिप्त थे और बैलगाड़ियों में यमुना रेती चोरी करके ला रहे थे।

## बकरे की पीठ पर उर्दू में लिखा है नाम



**गाजियाबाद।** बकरीद के चंद दिन शेष बचे हैं। ऐसे में शहर लेकर देहात तक जगह-जगह बकरों के बाजार लगने लगा है। बकरों की मांग बढ़ने पर कीमत भी उछाल आया है।तोतापरी नस्ल का बकरा 60 हजार रुपये तक में बिक रहा है। बकरों की कीमत वजन और नस्ल के अनुसार तय की जा रही है। इस बकरीद पर बकरी पालन करने वाले व्यापारियों को अच्छा मुनाफा होने की उम्मीद है।

## थाना छायंसा की टीम ने पूर्व सहायक शाखा प्रबंधक को किया गिरफ्तार



**फरीदाबाद।** थाना छायंसा पुलिस ने इंडियन बैंक, शाखा छायंसा के एटीएम राशि के गबन के मामले में पूर्व सहायक शाखा मैनेजर को गिरफ्तार किया है। जिसकी पहचान सन्दीप कुमार निवासी सेक्टर 2 रोहिणी दिल्ली को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता अनुसार विष्णु देव, शाखा प्रबंधक इंडियन बैंक शाखा छायंसा ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि संदीप कुमार 12 अगस्त 2024 से 8 अप्रैल 2025 तक इंडियन बैंक शाखा छायंसा में सहायक शाखा प्रबंधक के पद पर कार्यरत था। उसे शाखा के एटीएम ऑफिसर का कार्यभार भी सौंपा गया था। एटीएम में नकदी जमा करने व निकालने की जिम्मेदारी उसकी थी। 7 अप्रैल 2025 को शाखा से संलग्न एटीएम का कैश मिलान करने पर बैंक के सीबीएस सिस्टम में दर्शित राशि एवं एटीएम में उपलब्ध वास्तविक नकदी में 6 लाख 62 हजार रुपए का अंतर पाया गया।

## परीक्षा दो शिफ्टों में आयोजित की जाएगी

# सिविल सर्विस प्रीलिमिनरी परीक्षा 24 मई को, नियमों का उल्लंघन करने वालों पर होगी कड़ी कानूनी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏩ फरीदाबाद

संघ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित सिविल सर्विस प्रीलिमिनरी परीक्षा 24 मई 2026 को फरीदाबाद में दो पालियों में संपन्न होगी। इस परीक्षा के सफल एवं पारदर्शी संचालन को लेकर आज मंगलवार को सेक्टर-12 स्थित एचएसवीपी कन्वेंशन हॉल मेंबैठक आयोजित की गई, जिसमें अतिरिक्त उपायुक्त अंजलि श्रोत्रिया ने परीक्षा केंद्रों और ड्यूटी पर तैनात अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में सेंटर सुपरवाइजर, ड्यूटी मजिस्ट्रेट, लोकल इंस्पेक्टिंग ऑफिसर (एलआईओ) ट्रांजिट ऑफिसर, पुलिस विभाग, स्वास्थ्य विभाग तथा अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

### परीक्षा में फेस ऑथेंटिकेशन प्रक्रिया लागू



एडीसी ने कहा कि इस बार परीक्षा में फेस ऑथेंटिकेशन प्रक्रिया लागू की जा रही है, जिसके लिए प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर स्थिर वाई-फाई कनेक्शन होना अनिवार्य है। फेस ऑथेंटिकेशन से जुड़े सभी इनविजिलेटर्स को तकनीकी प्रशिक्षण लेने के निर्देश दिए गए हैं ताकि परीक्षा के दौरान किसी प्रकार की समस्या उत्पन्न न हो। उन्होंने गर्मी को देखते हुए परीक्षा केंद्रों पर विशेष प्रबंध सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक केंद्र पर स्वच्छ पेयजल, डिस्पोजेबल ग्लास, छायादार प्रतीक्षा स्थल तथा मेडिकल सहायता की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। किसी भी अभ्यर्थी की तबीयत खराब होने की स्थिति में तत्काल चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। स्वास्थ्य विभाग को आवश्यकतानुसार एंबुलेंस एवं मेडिकल टीम तैनात रखने के निर्देश दिए गए हैं।

### सुपरवाइजरों को नो रिलेशन सर्टिफिकेट्स जमा करवाना होगा

एडीसी ने बताया कि जिले में कुल 37 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, जिनमें एक केंद्र विशेष रूप से दिव्यांग अभ्यर्थियों के लिए निर्धारित किया गया है। परीक्षा दो शिफ्टों में आयोजित की जाएगी क्रमशः प्रातः 9.30 से 11.30 पेपर-1 तथा दोपहर 2.30 से 4.30 पेपर-2 है।

उन्होंने कहा कि परीक्षा प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की लापरवाही को गंभीरता से लिया जाएगा तथा किसी भी तरह की अनियमितता पाए जाने पर संबंधित अधिकारी के खिलाफ आपराधिक लापरवाही के तहत कार्रवाई की जाएगी। एडीसी अंजलि श्रोत्रिया ने सभी सेंटर सुपरवाइजर्स को निर्देश दिए गए हैं कि वे दो दिन के भीतर अपने केंद्रों की आधारभूत सुविधाओं से संबंधित रिपोर्ट जमा करवाएं। रिपोर्ट में पेयजल, बिजली, शौचालय, बैठने की व्यवस्था, वॉल क्लॉक, इंटरनेट कनेक्टिविटी तथा अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का विवरण शामिल होगा। इसके साथ ही सभी सेंटर सुपरवाइजरों को नो रिलेशन सर्टिफिकेट्स भी जमा करवाना होगा, जिसमें यह सुनिश्चित किया जाएगा कि उनका कोई रिश्तेदार परीक्षा में सम्मिलित नहीं हो रहा है।

## 140-मीटर नेटवर्क आर्क ब्रिज और आधुनिक निर्माण प्रौद्योगिकियों के साथ उन्नत

# गडकरी ने डीएनडी-फरीदाबाद-सोहना एक्सेस कंट्रोल्ड हाईवे परियोजना का निरीक्षण किया

*दिल्ली, फरीदाबाद, गुरुग्राम, नोएडा और सोहना को जोड़ने वाला हाई-स्पीड सिक्स-लेन कॉरिडोर एनसीआर कनेक्टिविटी को बेहतर बनाने और नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे तक निर्बाध पहुंच सुनिश्चित करेगा*

हरिभूमि ब्यूरो ⏩ नई दिल्ली



केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने मंगलवार को दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र की कनेक्टिविटी को बेहतर बनाने और जेवर स्थित नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट तक निर्बाध पहुंच सुनिश्चित करने के उद्देश्य से विकसित किए जा रहे डीएनडी-फरीदाबाद-सोहना एक्सेस कंट्रोल्ड हाईवे परियोजना का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता, केंद्रीय राज्य मंत्री अजय टम्टा, हर्ष मल्होत्रा और कृष्ण पाल गुर्जर, दिल्ली के लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) मंत्री परवेश साहिब सिंह , हरियाणा के लोक निर्माण विभाग मंत्री रणबीर सिंह गंगवा, दक्षिण दिल्ली के सांसद रामवीर सिंह बिधूड़ी और पूर्व सांसद रमेश बिधूड़ी भी मौजूद रहे।

भारतमाला परियोजना के तहत विकसित की जा रही इस एक्सेस-कंट्रोल्ड हाईवे परियोजना की कुल लंबाई लगभग 59.063 किलोमीटर है और इसकी अनुमानित लागत 4,463 करोड़ रूपये है। यह कॉरिडोर एक हाई-स्पीड, छह-लेन एक्सेस-कंट्रोल्ड हाईवे के माध्यम से दिल्ली, नोएडा, गाजियाबाद, फरीदाबाद, गुरुग्राम और सोहना को जोड़ेगा। परियोजना कई उन्नत इंजीनियरिंग विशेषताओं और आधुनिक निर्माण प्रौद्योगिकियां से लैस है। इसका एक मुख्य आकर्षण 140 मीटर लंबे नेटवर्क आर्क ब्रिज (एनएबी) का निर्माण है, जो भारत में सबसे उन्नत स्टील ब्रिज संरचनाओं में से एक है। इस पुल को क्रॉस्ड हैंगर व्यवस्था के साथ आधुनिक टाइड-आर्क तकनीक का उपयोग करके डिज़ाइन किया गया है, जो भूकंपीय गतिविधियों के दौरान संरचनात्मक ताकत, स्थायित्व और लचीलेपन को बढ़ाता है। इस परियोजना में कई नवीन निर्माण पद्धतियों का भी उपयोग किया गया है, जिसमें सिंचाई नहरों पर हटाने योग्य अस्थायी स्टील पाइल सपोर्ट, प्रीकास्ट सेगमेंटल कंस्ट्रक्शन टेक्नोलॉजी, लॉन्चिंग गर्डर्स, हाई-स्ट्रेंथ ई450 स्टील, ग्रेड 10.9 बोल्ट, हाई-डैम्पिंग रबर बियरिंग्स और कुंडा विस्तार जोड़ (स्विवेल एक्सपेंशन जॉइंट्स) शामिल हैं।

### नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के लिए डीएनडी-फरीदाबाद कनेक्टिविटी

इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर हवाई यातायात का दबाव कम करने के उद्देश्य से, जेवर में प्रस्तावित नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे तक निर्बाधा आवाजाही सुनिश्चित करने के उद्देश्य से एक समर्पित कनेक्टिविटी परियोजना विकसित की जा रही है, जो हवाई अड्डे को हरियाणा में डीएनडी-फरीदाबाद बाईपास और दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे से जोड़ेगी। यह परियोजना यमुना एक्सप्रेसवे और ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेसवे को भी जोड़ेगी। इसमें हरियाणा के फरीदाबाद के चंदावली गांव से उत्तर प्रदेश के गौतम बुद्ध नगर में दयानापुर के पास तक पूरी तरह से पहुंच-नियंत्रित राजमार्ग का निर्माण शामिल है, जिसमें लचीले फुटपाथ का उपयोग करते हुए छह लेन का विभाजित कैरिजवे होगा। 31.425 किलोमीटर लंबी इस एक्सप्रेसवे परियोजना का निर्माण 2,360 करोड़ रूपये की अनुमानित लागत से किया जा रहा है। इसके पूरा होने पर, उत्तर भारत से आने वाला यातायात ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेसवे (ईपीई) के माध्यम से नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट तक पहुंच सकेगा, जिससे दिल्ली पर यातायात का दबाव काफी कम हो जाएगा।

## फ्लाईओवर निर्माण से था यातायात प्रभावित

# एनएच-48 पर दो ट्रालों की भीषण भिड़ंत, चालक की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏩ गुरुग्राम

दिल्ली-जयपुर हाईवे एनएच-48 पर मंगलवार सुबह बिलासपुर थाना क्षेत्र के राठीवास मोड़ के पास दो ट्रालों की जोरदार टक्कर में एक चालक की मौत हो गई। हादसे में ट्राला में सवार एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। बिलासपुर थाना पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।




महेंद्र कुमार ने बताया कि वह दिल्ली के सोनिया विहार स्थित कामधेनु सीमेंट प्लांट में स्टोर कीपर हैं। मंगलवार सुबह ड्यूटी खत्म होने के बाद प्लांट के बाहर वाहन का इंतजार कर रहे थे। इसी दौरान पास के श्रीराम प्लांट से निकले खाली ट्राला के चालक ने कोटपुतली छोड़ने की बात कहकर साथ बैठा लिया।

### ट्राला तेज रफ्तार में लापरवाही से चल रहा था

महेंद्र के मुताबिक बिलासपुर के राठीवास मोड़ के पास फ्लाईओवर निर्माण कार्य के चलते ट्रैफिक धीमा था। आगे चल रहा ट्राला तेज रफ्तार में लापरवाही से चल रहा था और बार-बार ब्रेक लगा रहा था। अचानक ब्रेक लगाने से पीछे आ रहा राम सिंह का ट्राला अनियंत्रित होकर सीधे उसमें घुस गया। टक्कर इतनी भीषण थी कि चालक राम सिंह के दोनों पैर और छाती में गंभीर चोटें आईं और वह केबिन में फंस गया। स्थानीय लोगों ने कड़ी मशक्कत कर दोनों को बाहर निकाला और बिलासपुर चौक स्थित अस्पताल पहुंचाया। वहां डॉक्टरों ने राम सिंह को मृत घोषित कर दिया। महेंद्र कुमार गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसको उपचार के लिए अस्पताल भर्ती कराया गया है।

## पुरानी रंजिश में फायर कर, किया गया था हत्या का प्रयास

# अपराध शाखा एनआईटी की टीम ने एक और आरोपी को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏩ फरीदाबाद



अपराध शाखा एनआईटी की टीम ने चलती गाड़ी पर फायरिंग कर हत्या का प्रयास करने के मामले में एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। जिनकी पहचान आशीष निवासी सूर्या विहार पार्ट-3 फरीदाबाद के रूप में हुई है। पुलिस प्रवक्ता अनुसार हिमांशु निवासी एनआईटी-5 फरीदाबाद ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 16 अप्रैल की रात करीब 1 बजे वह अपने साथी सागर, राहुल और साहिल के साथ कार में बीके चौक की तरफ जा रहा था। इसी दौरान बिना नंबर प्लेट की दो बलेनो कार और एक स्कॉर्पियो उनकी गाड़ी के पीछे लग गई और डाक्टर टूडे अस्पताल के पास एक बलेनो कार उनकी गाड़ी के बराबर में आई, जिसमें देव अंशुमन, पियूष, हृदय, मोहित और ईशांत सवार थे और कार में बैठे एक युवक ने उसकी ओर फायर कर दिया, जिसके बाद सभी आरोपी मौके से फरार हो गए।

### पियूष के साथ पुरानी कहासुनी थी

शिकायत पर थाना एनआईटी में संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया। पुलिस पूछताछ में बताया कि शिकायतकर्ता के दोस्त जतिन की, पियूष के साथ पुरानी कहासुनी थी। इसी रंजिश के चलते आरोपी ने पियूष के साथ मिलकर शिकायतकर्ता की गाडी का पीछा किया और काबू आरोपी आशीष ने जान से मारने के नियत से गाड़ी पर फायर किया था।


**उत्तर रेलवे**

**इलेक्ट्रोनिक निविदा ई–प्रणाली के अंतर्गत मदों की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण**

टेंडर नोटिस सं. 13/2026-2027 — दिनांक 19.05.2026

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबन्धक, उत्तर रेलवे, नई दिल्ली–110001 द्वारा इच्छुक फर्मों से निम्नलिखित मदों के लिये ई–निविदा आमंत्रित की जाती है :–

| क्र. सं. | निविदा सं. | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 07255039A | रेट्रो फिटमेंट ऑफ सप्लाई इंस्टालेशन एंड कमीशनिंग ऑफ आटोमेटिक स्विंग | 14 नग | 09.06.26 |
| 02 | 08261524 | रिले ए सी इमुनिसेड प्लग | 7442 नग | 12.06.26 |
| 03 | 14260907 | नेचुरल एंड आर्टिफीसियल फाइबर | 4243 नग | 15.06.26 |
| 04 | 08261504 | रिले नॉन एसी इम्यून प्लग | 5103 नग | 15.06.26 |
| 05 | 08261503 | रिले नॉन एसी इम्यून प्लग | 6452 नग | 15.06.26 |
| 06 | 08265210 | 24 फाइबर अरमौरेड ऑप्टिकल फाइबर केबल | 828.4 किलो मीटर | 16.06.26 |
| 07 | 07260113 | डबल रो सेल्फ अलिगनिंग स्फेरिकल रोलर | 3813 नग | 17.06.26 |
| 08 | 04250026 | आयल सर्वो प्रेस 150 आरआर | 59640 लीटर | 18.06.26 |

निविदा शर्तें–1. विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाइट यानि www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती है। 2. मैनुअल निविदा स्वीकृत नहीं की जायेगी।

1670/26

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



**डायनेमिक पोर्टफोलियो मैनेजमेंट एंड सर्विसेज लिमिटेड**

CIN: L74140DL1994PLC304881,
पंजीकृत कार्यालय : 1403, विक्रम टावर 16, राजेन्द्रा पैलेस, नई दिल्ली–110008
Website: http://dynamicwealthservices.co.in / Phone: 9017255300, Email: dpms.kolkata@gmail.com

**31 मार्च 2026 को समाप्त तिमाही हेतु अअंकेक्षित वित्तीय परिणामों का सार**

| क्र. सं. | विवरण | 31.03.2026 को समाप्त 3 माह हेतु | 31.03.2025 को समाप्त 3 माह हेतु | 31.12.2025 को समाप्त पूर्ववर्ती 3 माह | 31.03.2026 को समाप्त वर्ष हेतु | 31.03.2025 को समाप्त वर्ष हेतु |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | अंकेक्षित | अंकेक्षित | अअंकेक्षित | अंकेक्षित | अंकेक्षित |
| 1 | प्रचालनों से कुल आय (शुद्ध) | 23.17 | 22.66 | 11.66 | 80.65 | 78.30 |
| 2 | कर से पूर्व अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) (असाधारण मदों से पूर्व) | 37.83 | 5.21 | 0.45 | 56.14 | 16.78 |
| 3 | कर से पूर्व अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) (असाधारण मदों के बाद) | 37.83 | 5.21 | 0.45 | 56.14 | 16.78 |
| 4 | कर के बाद अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) (असाधारण मदों के बाद) | 37.83 | 5.21 | 0.45 | 56.14 | 16.78 |
| 5 | अवधि हेतु कुल व्यापक आय [अवधि हेतु निहित लाभ/(हानि) (कर के बाद) और अन्य व्यापक आय (कर के बाद)] | 36.61 | 0.77 | 0.34 | 50.33 | 12.33 |
| 6 | इक्विटी शेयर कैपिटल @ रु. 10/- प्रत्येक | 1,161.29 | 1,161.29 | 1,161.29 | 1,161.29 | 1,161.29 |
| 7 | रिजर्व (पूर्ववर्ती लेखा वर्ष की बैलेंस शीट के अनुसार पुनर्मूल्यांकन रिजर्व्स को छोड़कर) | - | - | - | - | - |
| 8 | अर्जन प्रति शेयर (रु. 10/- प्रत्येक के) | | | | | |
| | बेसिक : | 0.32 | (0.13) | 0.00 | 0.43 | 0.11 |
| | डायल्युटेड : | 0.32 | (0.13) | 0.00 | 0.43 | 0.11 |

टिप्पणी :-
1. उपरोक्त तैमाहिक परिणामों को ऑडिट कमेटी द्वारा अनुमोदित कर दिया गया है और 19 मई 2026 को आयोजित इसकी बोर्ड बैठक में निदेशक मण्डल द्वारा अनुमोदित किये गये तथा सेबी (लिस्टिंग ऑब्लीगेशंस एवं घोषणा आवश्यकताएं) नियमनों, 2015 के नियमन 33 के तहत ये स्टॉक एक्सचेंजेज के पास दायर किये गये हैं।
2. तैमाहिक वित्तीय परिणामों का पूर्ण प्रारूप स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाइट अर्थात् www.bseindia.com तथा कम्पनी की वेबसाइट अर्थात www.dynamicwealthservices.co.in पर उपलब्ध हैं।
3. कम्पनी के उपरोक्त वित्तीय परिणाम कम्पनी (भारतीय लेखा मानकों) नियमों 2016 द्वारा संशोधित अनुसार कम्पनी (भारतीय लेखा मानकों) नियमों 2015 के तहत अधिसूचित भारतीय लेखा मानकों ('IND AS') के अनुसार तैयार किये गये है और तदनुसार, तुलनात्मक रिपोर्टिंग अवधि के लिए परिणामों के साथ-साथ ये वित्तीय परिणाम कम्पनी अधिनियम 2013 ("दि एक्ट") की धारा 133 के तहत निर्धारित "अंतरिम वित्तीय रिपोर्टिंग" ("IND AS 34") में निर्धारित भारतीय लेखा मानक 34 में दिये गये मान्यता और उपाय सिद्धांतों और भारत में सामान्यतः स्वीकार्य अन्य मान्यताप्राप्त लेखा प्रैक्सिज तथा सेबी (लिस्टिंग ऑब्लीगेशंस और घोषणा आवश्यकताएं) नियमनों 2015, संशोधित अनुसार (दि "लिस्टिंग रेगुलेशंस") के नियमन 33 के अनुसार तैयार किये गये हैं। भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा जारी कोई आवेदन मार्गदर्शन / स्पष्टीकरण / निर्देश अथवा अन्य नियामक जब वे जारी / लागू योग्य होते हैं, के अनुसार क्रियान्वित किये जाते हैं।
4. भारतीय प्रतिभूतियों एवं विनिमय बोर्ड ("सेबी") (लिस्टिंग आब्लीगेशंस एवं घोषणा आवश्यकताएं) नियमनों 2015 के नियमन 33 के अनुपालन में, 31 मार्च 2026 को समाप्त वर्ष हेतु वित्तीय परिणामों की ऑडिट वैधानिक अंकेक्षकों द्वारा पूर्ण कर ली गई है।
5. कम्पनी एनबीएफसी के व्यवसाय में है और अतः भारतीय लेखा मानक "ऑपरेटिंग सेगमेंट्स" (IND AS 108) के अनुसार कोई अलग रिपोर्टेबल सेगमेंट नहीं है और इसलिये, सेबी (लिस्टिंग ऑब्लीगेशंस एवं घोषणा आवश्यकताएं) नियमनों, 2015 के नियमन 33 के तहत सेगमेंट रिपोर्टिंग लागू नहीं है। अतः प्राथमिक सेगमेंट से सम्बन्धित जानकारी (सेगमेंट राजस्व, सेगमेंट परिणाम, सेगमेंट परिसम्पत्तियां और सेगमेंट देनदारियां सहित) की घोषणा करने की आवश्यकता नहीं है।
6. पूर्ववर्ती अवधि / वर्ष के आंकड़े जहां आवश्यक पाया गया वर्तमान अवधि / वर्ष के वर्गीकरण की पुष्टि के लिये रिग्रुप्ड / रिक्लासीफाइड कर लिये गये हैं।

कृते व निदेशक मंडल की ओर से
डायनेमिक पोर्टफोलियो मैनेजमेंट एंड सर्विसेज लिमिटेड
हस्ता/-
निदेशक

स्थान : नई दिल्ली
दिनांक : 19.05.2026


## कंपनसेशन एक्ट के तहत लाभ दिलाने का आश्वासन

# कालका जी स्टील में मारे गए कर्मचारी बृजपाल व प्रदीप के आश्रितों के लिए सकसं ने मांगा न्याय



हरिभूमि न्यूज ⏩ फरीदाबाद

16 फरवरी को कालकाजी स्टील कंपनी में आगजनी व विस्फोट की घटना में घायल हुए बृजपाल व प्रदीप की इलाज के दौरान मृत्यु होने उपरांत उनके आश्रितों को न्याय देने की मांग को लेकर सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के राज्य प्रधान नरेश कुमार शास्त्री व संघ के प्रतिनिधिमंडल ने जिला उपायुक्त से मुलाकात की।

सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के राज्य प्रधान नरेश कुमार शास्त्री ने जिला उपायुक्त से पीड़ित परिवारों को न्याय देने की अपील करते हुए उपायुक्त आयुष सिन्हा ने श्रम उपायुक्त फरीदाबाद को तत्परता से मृतक की पत्नी कंचन व माया को कम्पनशेषन एक्ट के तहत लाभ देने की अपील की। उपायुक्त ने श्रम आयुक्त को आदेश दिए की कंपनसेशन एक्ट के आधार पर लगभग कंपनसेशन दिया जाए श्रम विभाग ने बताया कि कार्यवाही शुरू कर दी गई है और दोनों मजदूर प्रदीप बृजपाल के परिवारों को लगभग 12-12 लाख रूपये का लाभ मिलेगा। उपायुक्त ने श्रमिक वेलफेयर फंड से 5-5 लाख रुपए देने तथा प्राइवेट कंपनी में तत्परता से नौकरी देने के भी आदेश दिया।


**FRICK INDIA LIMITED**
Regd. Office: 21.5 Km, Main Mathura Road, Faridabad – 121003
CIN - L74899HR1962PLC002618, E-mail- cs@frickmail.com,
Ph. 0129-2275691-94, 2270546-47 : Fax: 0129-2275695 Web: www.frickweb.com

**NOTICE**

Notice is hereby given that Extra Ordinary General Meeting ('EGM') of the members of the company will be held on Wednesday, 10th June, 2026 at 11:00 am through Video Conferencing (VC)/ or other audio visual means ('OAVM') without physical presence of the members at a common venue in compliance with the applicable provisions of the Companies Act, 2013 and the Rules made thereunder ('the Act'), Securities' and Exchange Board of India (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015 ('Listing Regulations') read with General Circular Nos. 03/2025 dated September 22, 2025 respectively , issued by the Ministry of Corporate Affairs (MCA) and SEBI Circular dated October 03, 2024, including the amendments if any, (collectively referred to as "Circulars to transact the business as set out in the Notice of EGM of the Company.

Members will be able to attend and participate in the EGM by VC/OAVM only. Members attending the EGM through/OAVM will be counted for the purpose of reckoning the quorum under section 103 of the Act. In compliance with the aforesaid circulars, the Company has sent Notice of EGM by electronic mode only on 19-05-2026 to all the members whose email addresses are registered with the Depository Participants up to 15-05-2026. The Notice of the EGM can be downloaded from the Company's website at https://frickweb.com/wp-content/uploads/2026/05/NOTICE-OF-EGM-DATED-10-06-2026.pdf and Metropolitan Stock Exchange of India Limited as well as from the website of MUFG Intima India Private Limited (Formerly known as Link Intime India Private Limited) at https://instavote.linkintime.co.in/.

**REMOTE –E-VOTING at the EGM**

Pursuant to Section 108 of the Act read with Rules 20 of the Companies (Management & Administration) Rules, 2014, Regulations 44 of the Listing Regulations and Secretarial Standard on General Meetings. The Company has engaged services of M/s MUFG in time India Private Limited for providing remote-e-voting facility ("Remote-e-voting") to all its members and facility of voting through e-voting system during the EGM to cast their vote on all resolutions set out in the Notice of EGM.

| | |
|---|---|
| Cut-off date for e-voting | 03-06-2026 |
| Commencement of remote-e-voting | 07-06-2026 |
| End of remote-voting period | 09-06-2026 |

Members who will be present at the EGM through VC/OAVM and who have not cast their vote by remote e-voting, will be eligible to exercise their right to vote during the EGM. Members' who have cast their vote by remote-e-voting prior to the EGM may also attend and participate in the EGM but shall not be entitled to cast their vote again.

Accordingly, members may cast their votes through remote-e-voting and e-voting at the the EGM by following the instruction mentioned in the Notice. Once the vote on a Resolutions(s) is/are cast by the member, he/she shall not be allowed to change it subsequently.

The company has appointed Ms. Aciti Gupta, Practicing Company Secretary of M/s ADITI AGARWAL & ASSOCIATES, to act as a Scrutinizer for monitoring remote e-voting process and e-voting at the EGM in fair and transparent manner. The results of e-voting shall be declared within two working days from conclusion the EGM. The results declared along with Scrutinizer's Report shall be communicated to the Stock Exchange and will be placed on the website of the Company at www.frickweb.com and on the website of M/s MUFG IN-Time India Private Limited at https://instavote.linkintime.co.in/.

Members will be able to attend the EGM through VC/OAVM facility provided by M/s MUFG Intime India Private Limited by using e-voting login credentials and by following the instructions mentioned in the Notice.

Any person, who acquires Shares of the company and become a member of the Company after dispatch of Notice and is holding shares as of the cut-off date i.e. 03-06-2026 may obtain the login ID and password by sending a request at enotices@in.mpms.mufg.com

In case of any query and/or grievance, in respect of voting by electronic means, members may refer to the help and frequently asked questions (FAQs) and E-Voting user manual available the at M/s MUFG Intime India Private Limited https://instavote.linkintime.co.in/ under "Help" section or you can email us to enotices@in.mpms.mufg.com call us at Tel: 011 -4141 0592/93/94.

Members are requested to carefully read all the notes set out in the notice of EGM and in particular instructions for joining the EGM, manner of casting vote through Remote e-voting or through e-voting during the EGM.

**M/s MUFG Intime India Private Limited (Formerly known as Linkintime India Private Limited),**
**Noble Heights, 1st floor, Plot No NH-2, C-1 Block, LSC, Near Savitri Market, Janakpuri, New Delhi – 110058**
**(Unit: Frick India Limited)**
**Mr. Bharat Bhushan, Assistant Vice-President**
**Tel: 011 - 4141 0592/93/94**
**Telefax:011-41410591**
**Email: delhi@in.mpms.mufg.com**

**Frick India Limited,**
**Mr. Amit Singh Tomar,**
**Company Secretary,**
**21.5 Km., Main Mathura Road, Near NHPC Chowk, Faridabad - 121003 (Haryana)**
**Phone: 0129-2275691-94,**
**Fax: 0129-2275695**
**Email: cs@frickmail.com**
**Fax: 0129-2275695**

For and on behalf of Board of Directors
FRICK INDIA LIMITED
Sd/-
Amit Singh Tomar
Company Secretary
Membership No. A46813

Place: Faridabad
Date: 19-05-2026

### मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने केंद्रीय मंत्री गडकरी के साथ किया परियोजनाओं का निरीक्षण

# 'एक लाख 60 हजार करोड़ से बदलेगा दिल्ली का भूगोल'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

एक लाख 60 हजार करोड़ से दिल्ली का भूगोल बदलेगा। यह बात मंगलवार का दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने दिल्ली राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में एनएच-148 एनए के डीएनडी महारानी बाग से जैतपुर पुस्ता रोड जंक्शन तक छह लेन वाले एक्सेस कंट्रोल्ड राजमार्ग का निरीक्षण करने के दौरान कही। इस दौरान उन्होंने केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी द्वारा दिल्ली-एनसीआर के लिए शुरू की गई ऐतिहासिक सड़क एवं कनेक्टिविटी परियोजनाओं के लिए उनका हृदय से आभार व्यक्त किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने दिल्ली में आधुनिक, विश्वस्तरीय और फ्यूचर-



रेडी इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार करने का कार्य किया है, जिससे राजधानी को ट्रैफिक जाम और प्रदूषण जैसी गंभीर समस्याओं से राहत मिल रही है।

केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान दिल्ली-एनसीआर में चल रही और प्रस्तावित अनेक महत्वपूर्ण परियोजनाओं की जानकारी साझा की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि अगर केंद्र सरकार और केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी के नेतृत्व में एक्सप्रेसवे, एलिवेटेड कॉरिडोर, टनल और सिग्नल-फ्री सड़क नेटवर्क का निर्माण नहीं हुआ होता तो आज दिल्ली में ट्रैफिक जाम की स्थिति की कल्पना करना भी कठिन होता। मुख्यमंत्री ने बताया कि पिछले 12 वर्षों में केवल दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र के विकास के लिए 1 लाख 31 हजार करोड़ रुपये की परियोजनाएं स्वीकृत की गई थीं। वहीं, केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने प्रेस वार्ता में घोषणा की कि अब पूर्ण हो चुकी, निर्माणाधीन और आगामी योजनाओं को मिलाकर दिल्ली-एनसीआर में कुल रोड इंफ्रास्ट्रक्चर (सड़क अवसंरचना) परियोजनाओं का दायरा लगभग 1 लाख 60 हजार करोड़ रुपये तक पहुंच चुका है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे लिंक परियोजना का विशेष उल्लेख करते हुए इसे राजधानी के लिए एक ऐतिहासिक सौगात बताया।

#### गडकरी ने की कई बड़े आगामी प्रोजेक्ट्स की घोषणा

केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने मंगलवार को दिल्ली से जुड़े कई बड़े आगामी प्रोजेक्ट्स की घोषणा की। इनमें यूईआर-2 से दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेसवे कनेक्टिविटी के लिए 3 हजार 500 करोड़ रुपये की छह-लेन परियोजना, नोएडा-फरीदाबाद हाई-स्पीड कॉरिडोर के लिए 7 हजार 500 करोड़ रुपये की परियोजना, दिल्ली-अमृतसर-कटरा कनेक्टिविटी प्रोजेक्ट, शिवमूर्ति से नेल्सन मंडेला मार्ग तक 7 हजार करोड़ रुपये की टनल परियोजना और एम्स से महिपालपुर-गुरुग्राम तक 5 हजार करोड़ रुपये का एलिवेटेड कॉरिडोर शामिल हैं। इसके अलावा कालिंदी कुंज इंटरचेंज एवं फ्लाईओवर, आश्रम-बदरपुर सिक्स-लेन कॉरिडोर, हरियाणा-दिल्ली बॉर्डर से पंजाबी बाग तक सिग्नल-फ्री कनेक्टिविटी और महरौली से दिल्ली-हरियाणा बॉर्डर तक सिक्स-लेन कॉरिडोर जैसी परियोजनाओं से दिल्ली के भीतर यातायात और अधिक तेज, सुरक्षित और अवरोध-मुक्त होगा।

# आठ लाख से अधिक महिलाओं ने बनवाया 'पिंक सहेली स्मार्ट कार्ड': रेखा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



दिल्ली सरकार और दिल्ली परिवहन निगम (डीटीसी) की महत्वाकांक्षी 'पिंक सहेली स्मार्ट कार्ड' योजना के तहत अब तक 8 लाख से अधिक स्मार्ट कार्ड जारी किए जा चुके हैं। इस बात की जानकारी मंगलवार को मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने दी है। उन्होंने बताया कि पिंक कार्ड बनाने के लिए विशेष कैंप भी लगातार आयोजित किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि दिल्ली सरकार महिलाओं की सुरक्षा, सुविधा और आत्मनिर्भरता को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए निरंतर कार्य कर रही है।

'पिंक सहेली स्मार्ट कार्ड' केवल मुफ्त यात्रा की सुविधा नहीं है, बल्कि यह महिलाओं को सम्मानजनक, सुरक्षित और डिजिटल रूप से सशक्त यात्रा अनुभव प्रदान करने का माध्यम बन चुका है। उन्होंने कहा कि जब सार्वजनिक परिवहन सुरक्षित, सुलभ और तकनीक आधारित होता है, तब महिलाओं के लिए शिक्षा, रोजगार और आत्मनिर्भरता के अवसर स्वतः बढ़ते हैं। यह योजना महिलाओं को न केवल सुविधा दे रही है, बल्कि उन्हें आत्मविश्वास और स्वतंत्रता का एहसास भी करा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली सरकार का लक्ष्य राजधानी की सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था को पूरी तरह महिला हितैषी, स्मार्ट और विश्वस्तरीय बनाना है।

डिजिटल गवर्नेंस और आधुनिक तकनीक के माध्यम से सरकार परिवहन सेवाओं को अधिक पारदर्शी, कुशल और सुरक्षित बना रही है। यही विकसित और सशक्त दिल्ली की पहचान है। मुख्यमंत्री ने बताया कि पिंक कार्ड को तेजी से बनाने के लिए सरकार ने अभियान चला रखा है। पूरी दिल्ली की विभिन्न रिहायशी कॉलोनियों से लेकर सरकारी कार्यालयों में पिंक कार्ड को लेकर लगातार कैंप लगाए जा रहे हैं। इन कैंपों में महिलाओं का आसानी से पिंक कार्ड बन रहा है। चूंकि सारा मामला ऑनलाइन है, इसलिए दिल्ली की महिलाओं को कार्ड बनाने में किसी प्रकार की परेशानी का सामना नहीं करना पड़ रहा है। ये कैंप पूरी दिल्ली में लगातार लगते रहेंगे। 'पिंक सहेली स्मार्ट कार्ड' एनसीएमसी आधारित 'टैप-एंड-गो' तकनीक से संचालित है। इसके माध्यम से महिलाओं और ट्रांसजेंडर नागरिकों को डीटीसी बसों में मुफ्त यात्रा की सुविधा मिलती है।

- कार्ड बनाने के लिए रिहायशी इलाकों और सरकारी कार्यालयों में लगाए जा रहे हैं विशेष कैंप

### 'खंडित मूर्तियों के ससम्मान रीसाइक्लिंग के लिए दिल्ली सरकार बनाएगी विशेष कलेक्शन सेंटर्स'

नई दिल्ली। खंडित देवी-देवताओं की मूर्तियों के सम्मानजनक संग्रह एवं रीसाइक्लिंग के लिए दिल्ली सरकार कलेक्शन सेंटर्स स्थापित करेगी। इस बात की घोषणा मंगलवार को मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने की है। मुख्यमंत्री ने इस मुहिम को पूरी तरह नागरिक-केंद्रित बनाने के लिए सीधे दिल्लीवासियों से सुझाव मांगे हैं ताकि जनभागीदारी से इस योजना को अंतिम रूप दिया जा सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्षों तक जिन मूर्तियों को लोग अपने घरों में भगवान के रूप में पूजते हैं, उनके खंडित हो जाने के बाद अक्सर उन्हें पीपल के पेड़ों के नीचे, नदी किनारे, पार्कों या सड़कों पर छोड़ दिया जाता है। यह न केवल धार्मिक भावनाओं को आहत करता है, बल्कि स्वच्छता और पर्यावरण के लिए भी गंभीर चिंता का विषय है। दिल्ली सरकार ऐसे समर्पित कलेक्शन सेंटर स्थापित करेगी, जहां नागरिक अपनी खंडित मूर्तियों को सम्मानपूर्वक जमा कर सकेंगे। बाद में इन मूर्तियों को वैज्ञानिक एवं पर्यावरण अनुकूल तरीके से रीसायकल कर उपयोगी वस्तुओं में परिवर्तित किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारा प्रयास है कि आस्था का सम्मान भी बना रहे और पर्यावरण की सुरक्षा भी सुनिश्चित हो। यह पहल केवल सरकारी अभियान नहीं, बल्कि जनभागीदारी का आंदोलन बनेगी। दिल्ली सरकार इस विषय पर एक विस्तृत कार्ययोजना तैयार कर रही है और नागरिकों से सुझाव आमंत्रित कर रही है। इस योजना के तहत मुख्यमंत्री ने सीधे जनता के सामने तीन मुख्य सवाल रखे हैं और नागरिकों से अपने सुझाव साझा करने की अपील की है।

### दिल्ली सरकार एक लाख निर्माण श्रमिकों को प्रदान करेगी ग्रीष्म किट

नई दिल्ली। दिल्ली सरकार भीषण गर्मी से राहत दिलाने के लिए राजधानी के एक लाख निर्माण श्रमिकों को एक ग्रीष्म किट प्रदान करेगी। इस किट में सत्तू, ओआरएस, शरबत सिरप, टेलकम पाउडर, गमछा और अन्य जरूरी सामान उपलब्ध होगा। इस बात की जानकारी मंगलवार को अधिकारियों ने दी है। सरकार ने बताया कि दिल्ली भवन एवं अन्य निर्माण श्रमिक कल्याण बोर्ड में पंजीकृत करीब एक लाख श्रमिकों के वास्ते इन किट के वितरण, खरीद और पैकेजिंग के लिए एक सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम (पीएसयू) को नियुक्त करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। प्रत्येक किट में 250 ग्राम ग्लूकोज, एक किलोग्राम उच्च गुणवत्ता वाला सत्तू, 30 ओरल रिहाइड्रेशन सॉल्यूशन (ओआरएस) पाउच, सूती गमछा, धूप से बचाव वाली टोपी, टेलकम पाउडर, एक लीटर पानी की बोतल और 250 मिलीलीटर शरबत समेत नौ चीजें होंगी। अधिकारियों के अनुसार, प्रत्येक किट के वितरण पर लगभग 1 हजार 890 रुपये खर्च होने का अनुमान है। बोर्ड ने निर्माण श्रमिकों को 'ग्रीष्म किट' उपलब्ध कराने के लिए पीएसयू के चयन की प्रक्रिया शुरू कर दी है। उन्होंने बताया कि परिस्थितियों के अनुसार लाभार्थियों की संख्या बढ़ या घट सकती है। प्राथमिकता उन श्रमिकों को दी जाएगी जो वर्तमान में निर्माण स्थलों पर कार्यरत हैं। बोर्ड के पास दिल्ली के निर्माण स्थलों पर कार्यरत श्रमिकों का वास्तविक समय का प्रमाणित आंकड़ा उपलब्ध नहीं है।

### तापमान पहुंचा 46 डिग्री पार, अब लू की पड़ेगी मार

**नई दिल्ली।** लगातार सूरज के प्रकोप से झुलस रही दिल्ली में मंगलवार को रिज एरिया में अधिकतम पारा 46 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच गया। प्रादेशिक मौसम विज्ञान विभाग दिल्ली (आईएमडी) के अनुसार रिज एरिया में अधिकतम तापमान 46.5 डिग्री सेल्सियस और मुंगेशपुर में अधिकतम तापमान 46.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। आईएमडी के अनुसार जबकि सफदरजंग वेधशाला में दिल्ली का औसत अधिकतम तापमान 45.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ जो सामान्य से 4.7 डिग्री सेल्सियस अधिक है। यह आंकड़ा इस सीजन में सबसे उच्च आंकड़े के रूप में दर्ज हुआ है। वहीं न्यूनतम तापमान 28.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ जो सामान्य से 1.7 डिग्री सेल्सियस अधिक है। आईएमडी ने कहा है कि अगले चार पांच दिनों तक दिल्ली में ऑरेंज येलो अलर्ट के तहत झुलसाने वाली लू चलने की चेतावनी जारी की गई है। यानी कहा जा सकता है कि भीषण गर्मी के साथ ही अब दिल्ली वालों को भीषण गर्म लू की मार भी सहनी पड़ेगी। अनुमान में बताया गया है कि 20-25 मई 2026 के बीच जगह जगह लू चलेगी और 20-30 किमी की गति से हवाएं चलेगी। इस दौरान राजधानी के अधिकतम तापमान में कोई बड़ी गिरावट की संभावना नहीं है।

### दूसरे दिन बिजली की मांग में हुआ इजाफा, खपत 7700 मेगावाट से अधिक

नई दिल्ली। मंगलवार को इस गर्मी के सीजन में दिल्ली वालों ने पहली बार बिजली की खपत का आंकड़ा 7700 मेगावाट के पार पहुंचा दिया। स्टेट लोड डिस्पैच सेंटर (एसएलडीसी) दिल्ली में दोपहर 3.30 बजे बिजली की अधिकतम मांग का ग्राफ बढ़कर 7776 मेगावाट पहुंच गई। एसएलडीसी के एक आला अधिकारी ने अनुमान जताया कि देर रात यह मांग 7800 मेगावाट या इससे भी अधिक पहुंच सकती है। यह आंकड़ा इस गर्मी में अब तक की मांग का सबसे अधिक आंकड़ा है। जबकि 24 घंटे से भी कम समय पहले यानी सोमवार को बिजली की मांग का यह आंकड़ा 7600 मेगावाट दर्ज हुआ था। जबकि इससे पहले 28 अप्रैल 2026 को 7091 मेगावाट और 27 अप्रैल 2026 को 7078 मेगावाट खपत दर्ज हुई थी। उसके बाद अब मांग का आंकड़ा 7600 मेगावाट पहुंचा है। बिजली कटौती को लेकर निजी विद्युत आपूर्ति कंपनियों बीएसईएस और टाटा पावर डीडीएल का कहना है कि ऐसा कहीं नहीं है। बिजली की मांग बेशक बढ़ी है लेकिन पहले से ही सभी तैयारियों के चलते दिल्ली में बिजली की कोई कमी नहीं है।

### महापौर ने आठ मैकेनिकल रोड स्वीपिंग मशीनों को निगम के बेड़े में किया शामिल

**नई दिल्ली।** दिल्ली के महापौर प्रवेश वाही ने मंगलवार को दिल्ली नगर निगम मुख्यालय, डॉ. एस.पी.एम. सिविक सेंटर से 08 ट्रक-माउंटेड मैकेनिकल रोड स्वीपिंग (एमआरएस) मशीनों को हरी झंडी दिखाकर निगम के बेड़े में शामिल किया। इस अवसर पर महापौर प्रवेश वाही ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व एवं दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के मार्गदर्शन में दिल्ली नगर निगम राष्ट्रीय राजधानी में स्वच्छता व्यवस्था को निरंतर सुदृढ़ एवं आधुनिक बना रही है। उन्होंने कहा कि भारत सरकार की राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम (एनसीएपी) पहल के अंतर्गत दिल्ली नगर निगम ने 08 अतिरिक्त मैकेनिकल रोड स्वीपिंग मशीनों की खरीद की है। इस अवसर पर उप-महापौर डॉ. मोनिका पंत, स्थायी समिति की अध्यक्ष सत्या शर्मा, नेता सदन जय भगवान यादव, इंद्रप्रस्थ विकास पार्टी (आईवीपी) के नेता मुकेश गोयल, एमसीडी आयुक्त संजीव खिरवार तथा निगम के अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।






# 19 साल बाद पुराने डायरेक्टर संग कमबैक करेंगे अजय

**नई दिल्ली।** 19 साल बाद अजय देवगन इंडस्ट्री के दिग्गज फिल्ममेकर अभिनव सिन्हा संग वापसी करने जा रहा है। जिनके साथ साल 2007 में प्रदर्शित फिल्म कैश में अजय देवगन, सुनील शेट्टी, एशा देओल, रितेश देशमुख और जायद खान मुख्य भूमिकाओं में थे। फिल्म का निर्देशन अनुभव सिन्हा ने किया था। अब खबरें हैं कि अजय और अनुभव करीब 19 साल बाद एक बार फिर साथ काम करने जा रहे हैं। अनुभव के निर्देशन में अजय एक्शन फिल्म करने जा रहे हैं। फिल्म कैश के बाद अजय और अनुभव दोनों ने अलग-अलग जानरों की फिल्में कीं, जिनमें से कई फिल्में हिट भी रहीं।

## लाइफ Style

# सबा

## स्कूलों में पारिवारिक शिक्षा होनी चाहिए जरूरी

बॉलीवुड स्टार ऋतिक रोशन की गर्लफ्रेंड और अभिनेत्री सबा आजाद अपनी अपकमिंग सीरीज 'हू इज योर गाइनैक?' सीजन 2 को लेकर चर्चा में हैं। यह वेब सीरीज 22 मई को रिलीज होने वाली है। इससे पहले सबा आजाद ने महिलाओं के स्वास्थ्य के बारे में बात की है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

सबा ने स्कूलों में यौन शिक्षा को जरूरी करने पर जोर दिया है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि यौन शिक्षा लोगों को सोच-समझकर फैसले लेने में मदद कर सकती है। बातचीत में सबा आजाद ने कहा 'मुझे लगता है कि स्कूलों में यौन शिक्षा जरूरी होनी चाहिए। सिर्फ प्राइवेट स्कूलों में ही नहीं, बल्कि सभी स्कूलों में। क्योंकि, यौन शिक्षा से दिमाग खराब नहीं होता, बल्कि इससे जानकारी मिलती है। आप कुछ भी कह लें, अगर कोई बच्चा जानकारी के साथ बड़ा होता है, तो वह सही फैसले लेगा। इसलिए मुझे लगता है कि यह बहुत जरूरी है कि यह जानकारी सभी को दी जाए।' उन्होंने कहा इसे देश भर के हर स्कूल के पाठ्यक्रम का हिस्सा बनाया जाना चाहिए। सबा ने आगे कहा 'मुझे लगता है कि जब महिलाओं के स्वास्थ्य की बात आती है, तो हम आम तौर पर कमजोर पड़ जाते हैं। हम न तो इस बारे में बात करते हैं और न ही इस पर शोध करते हैं। 2026 से, हमने आखिरकार महिलाओं पर रिसर्च करना शुरू कर दिया है। पहले, हम पुरुषों पर रिसर्च करते थे और उसे ही महिलाओं पर भी लागू कर देते थे।' जब सबा से पूछा गया कि उन्होंने इस सीरीज में स्त्री रोग विशेषज्ञ के अपने रोल के लिए कैसे तैयारी की।



## हॉलीवुड मसाला



# कार में साथ थे जैकब-केंडल

**लॉस एंजिल्स।** अभिनेता जैकब एलोर्डी और केंडल जेनर को डेटिंग रूमर्स के बीच एक बार फिर साथ स्पॉट किया गया है। दोनों को लॉस एंजिल्स में काइली जेनर और टिमोथी चालमेट के साथ कार में देखा गया। जैकब एलोर्डी और केंडल जेनर की डेटिंग की अफवाहें काफी वक्त से उड़ रही हैं। दोनों को कई बार साथ चिल करते देखा जा चुका है। एक बार फिर जैकब और केंडल लॉस एंजिल्स में काइली जेनर और टिमोथी चालमेट के साथ देर रात कार में घूमते देखे गए।



# माइकल ने कमाई से हिलाया इंटरनेशनल बॉक्स ऑफिस

**नई दिल्ली।** हॉलीवुड फिल्म माइकल की रिलीज को जल्द ही एक महीने का सफर पूरा होने जा रहा है। पॉप स्टार माइकल जैक्सन की बायोपिक के तौर पर इस मूवी को दर्शकों ने काफी पसंद किया। कमाई के मामले में इस फिल्म ने दुनियाभर में धमाकेदार प्रदर्शन करके दिखाया है और इतिहास रचने की दहलीज पर खड़ी है। 7 हजार करोड़ के जादुई आंकड़े की करीब पहुंचने वाली माइकल ने इंटरनेशनल बॉक्स ऑफिस पर अपनी धाक जमा ली है। अब तक ये मूवी पूरी दुनिया में करीब 6 हजार 742 करोड़ का कारोबार कर चुकी है। जल्द ही माइकल 7000 करोड़ का आंकड़ा पार करती हुई नजर आएगी, जोकि अपने आप में एक बड़ा कमाई का आंकड़ा है, जिस तक पहुंचना अच्छी-अच्छी फिल्मों का सपना होता है।



# सेंसर बोर्ड को रास नहीं आया होंठ चुमना

**मुंबई।** हमारे देश की सेंसर बोर्ड यानी केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड भी कमाल है। इसे फिल्मों में मार-काट, खून खराबा, कटे हुए सिर से फुटबॉल खेलना, मां-बहन की गालियां, दंगों के सीन में किसी को जिंदा जला देने जैसे विजुअल से तो कोई परहेज नहीं है, लेकिन पर्दे पर जब दो जवां दिल लबों से लब टकराते हैं, तो बोर्ड के नाक-भौं सिकुड़ जाते हैं। जी हां, यकीन ना आए तो 'चांद मेरा दिल' का ही उदाहरण ले लीजिए। फिल्म में अनन्या पांडे और लक्ष्य लालवानी के रोमांटिक सीन्स थे। रोमांटिक ड्रामा फिल्म है, लिहाजा इसमें खूनी खेल तो होगा नहीं, दो प्रेमी लबों से लब टकरा रहे थे। लेकिन, सेंसर बोर्ड ने इस पर कैंची चला दी है, जाहिर है रिव्यू कमिटी को लगा होगा कि ये वो सीन्स हैं, जिससे देश के युवाओं पर बुरा असर पड़ेगा। वाजिब भी है।



# मैं वापस आऊंगा का ट्रेलर रिलीज...

**मुंबई।** 'मैं वापस आऊंगा' का ट्रेलर आखिरकार रिलीज हो गया है, और फिल्म निर्माता इम्तियाज अली एक बार फिर प्यार, यादों और तड़प की दुनिया में गहराई से उतरते नजर आते हैं। दिल को छू लेने वाले रोमांटिक ड्रामा बनाने के लिए मशहूर इम्तियाज अली ने इस इमोशनल फिल्म के साथ अपनी खास कहानी कहने के अंदाज को फिर से जिंदा किया है। पूरे ट्रेलर में आपको केवल यही लगेगा कि अब आगे क्या! दिलजीत दोसांझ, नसीरुद्दीन शाह, वेदांग रैना और शर्वरी वाघ की इस फिल्म का ट्रेलर दर्शकों को रोमांस, दिल टूटने, पुरानी यादों और जुदाई से भरी एक कहानी की झलक देता है। बिरला स्टूडियोज, अप्लॉज एंटरटेनमेंट और विंडो सीट फिल्म्स की बनाई यह फिल्म 12 जून को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है।

## टीवी मसाला



# प्रेम को मौत के मुंह से खींच लाई अनुपमा

**नई दिल्ली।** टीवी शो 'अनुपमा'में एक बार फिर रिश्तों, इमोशंस और ड्रामे का बड़ा ट्विस्ट देखने को मिलने वाला है। आने वाले एपिसोड में हालात ऐसे बन जाएंगे कि अनुपमा को प्रेम की जान बचाने के लिए खुद को खतरे में डालना पड़ेगा। वहीं, दूसरी तरफ दिग्विजय और अनुपमा की बढ़ती नजदीकियां भी सभी का ध्यान खींच रही हैं। शो में एक साथ कई इमोशनल मोमेंट्स देखने को मिलेंगे, जिनकी वजह से कहानी और ज्यादा दिलचस्प हो गई है। एपिसोड की शुरुआत में अनुपमा अपने कैफे के बाहर मेन्यू लिखती नजर आएगी। तभी वहां प्रेरणा आएगी और उसे कैफे की अच्छी सेल के लिए बधाई देगी।. अनुपमा भी उसे और प्रेम को उनके कैफे के लिए शुभकामनाएं देगी। लेकिन. बातचीत के दौरान अनुपमा को महसूस होगा कि प्रेरणा अंदर से काफी दुखी है। दरअसल, श्रुति ने उसे पार्टनरशिप से अलग कर दिया है और अब वह सिर्फ वहां काम कर रही है। प्रेरणा की मायूसी देखकर अनुपमा समझ जाएगी कि जरूर कुछ गलत हुआ है। वट सावित्री पूजा के दौरान कोठारी और शाह परिवार साथ नजर आएंगे। इसी बीच मोहल्ले की कुछ महिलाएं अनुपमा और दिग्विजय के रिश्ते को लेकर बातें बनाना शुरू कर देंगी। वह लीला से सवाल करेंगी कि क्या दिग्विजय अब वनराज की जगह लेने वाला है। यह सुनकर राही भड़क जाएगी और उन महिलाओं को जवाब देगी. हालांकि जाते-जाते महिलाएं राही को भी ताना मार जाएंगी, जिसके बाद वह लीला पर गुस्सा करेगी।

## सैयारा से सीरियल सैराब की तुलना

पिछले साल मोहित सूरी की फिल्म 'सैयारा' जबरदस्त हिट हुई और लोगों का भरपूर प्यार बटोरते हुए अहान पांडे और अनीत पड्डा रातोंरात स्टार बन गए। हाल ही में नए सीरियल के मेकर्स ने अपने आगामी शो 'सैराब' का एआई-जनरेटेड प्रोमो जारी किया और फैंस इसकी तुलना 'सैयारा' से करने से खुद को रोक नहीं पाए। कई लोगों को तो यह भी लगा कि सीरियल का लीड रोल अहान पांडे के किरदार कृष कपूर से मिलता-जुलता है। प्रोमो में लीड एक्टर को एक रॉकस्टार के रोल में दिखाया गया है जो हाथ में गिटार लिए मंच पर परफॉर्म कर रहा है और दर्शक उसके लिए जोरदार तालियां बजा रहे हैं। वहीं, पीली साड़ी पहने लीड एक्ट्रेस मंच के पीछे से उसे देख रही है, लेकिन जब वह उसे रोकने की कोशिश करता है तो वह दूर से चली जाती है। हालांकि एक्टर्स के चेहरे नहीं दिखाए गए, लेकिन ऑनलाइन लोगों के बीच तुरंत इसकी तुलना 'सैयारा' से होने लगी। एक कमेंट में लिखा था, 'हीरो सैयारा के कृष कपूर जैसे लग रहे हैं।



# हिरानी ने किया पहली वेब सीरीज प्रीतम एंड पेड्रो का ऐलान

**मुंबई।** दिग्गज फिल्म निर्देशक राजकुमार हिरानी अब डिजिटल प्लेटफॉर्म पर डेब्यू करने के लिए तैयार हैं। उनकी पहली वेब सीरीज 'प्रीतम एंड पेड्रो' का ऐलान कर दिया गया है। राजकुमार हिरानी की पहली वेब सीरीज 'प्रीतम एंड पेड्रो' का एक खास पोस्टर जारी किया गया है। इस पोस्टर में दो लड़के पीठ दिखाकर खड़े हैं। यही वजह है कि फिल्म की स्टार कास्ट से पर्दा अभी तक नहीं उठ सका है। यह सीराज हॉटस्टार पर स्ट्रीम होगी। 'प्रीतम एंड पेड्रो' एक साइबर-क्राइम थ्रिलर सीरीज है, जो 3 जुलाई को जियो हॉटस्टार पर स्ट्रीमिंग के लिए तैयार है। राजकुमार हिरानी 'प्रीतम एंड पेड्रो'नाम की वेब सीरीज के जरिए ओटीटी डेब्यू कर रहे हैं। इस सीरीज में कथित तौर पर अरशद वारसी और विक्रांत मैसी मुख्य (साइबर पुलिस) भूमिका में नजर आ सकते हैं। इस प्रोजेक्ट में राजकुमार हिरानी के बेटे वीर हिरानी भी अपना एक्टिंग डेब्यू कर सकते हैं। राजकुमार हिरानी द्वारा निर्देशित आखिरी फिल्म का नाम 'डंकी' (Dunki) है। यह फिल्म 21 दिसंबर 2023 को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी, जिसमें शाहरुख खान ने मुख्य भूमिका निभाई थी। राजकुमार हिरानी ने 'डंकी' की सफलता के बाद ओटीटी की दुनिया में सीरीज 'प्रीतम एंड पेड्रो' से कदम रखा है।



# मिलाप ला रहे नई रोमांटिक फिल्म 'तेरा यार हूं मैं', अमन करेंगे निर्देशन

**मुंबई।** पिछले साल 'एक दीवाने की दीवानियत'जैसी रोमांटिक फिल्म देने वाले निर्देशक मिलाप जावेरी अब एक और रोमांटिक फिल्म 'तेरा यार हूं मैं'लेकर आ रहे हैं। इस फिल्म से निर्देशक इंद्र कुमार के बेटे अमन इंद्र कुमार बॉलीवुड में कदम रखने जा रहे हैं। फरवरी में जारी हुए फिल्म के फर्स्ट लुक के बाद अब फिल्म की नई रिलीज डेट सामने आ गई है। मेकर्स ने मंगलवार को फिल्म की नई रिलीज डेट की घोषणा कर दी है। फिल्म का एक पोस्टर जारी करते हुए मेकर्स ने ये कंफर्म किया कि 'तेरा यार हूं मैं' 31 जुलाई को सिनेमाघरों में दस्तक देने के लिए तैयार है। इसके साथ ही कैप्शन में मेकर्स ने लिखा, 'प्यार, दोस्ती, इमोशन और संगीत के लिए तैयार हो जाइए। तेरा यार हूं मैं 31 जुलाई को सिनेमाघरों में आ रही है।'इसके साथ ही मेकर्स ने कंफर्म किया कि फिल्म से इंद्र कुमार के बेटे अमन कुमार अपनी शुरुआत कर रहे हैं। उनके साथ आकांक्षा शर्मा इस प्यार, ड्रामा, कॉमेडी और एक्शन से भरपूर म्युजिकल लव स्टोरी में नजर आएंगी। इससे पहले मेकर्स ने फरवरी में फिल्म की घोषणा करते हुए इसका फर्स्ट लुक जारी किया था। तब मेकर्स फिल्म को 22 मई को रिलीज करने वाले थे। लेकिन अब मेकर्स ने फिल्म की रिलीज डेट बदल दी है। फिल्म का जो पोस्टर जारी किया गया है, उसमें फिल्म के लीड कलाकार अमन इंद्र कुमार और आकांक्षा शर्मा नजर आ रहे हैं। व्हाइट बैकग्राउंड में दोनों के चेहरों का क्लोज अप शॉट है, जिसमें दोनों एक-दूसरे में खोए नजर आ रहे हैं। अभी तक फिल्म की कहानी के बारे में ज्यादा जानकारी सामने नहीं आई है। मिलाप जावेरी की आखिरी निर्देशित फिल्म 'मस्ती' फ्रेंचाइजी की 'मस्ती 4' है, जो पिछले साल रिलीज हुई थी। पिछले साल ही उनकी रोमांटिक फिल्म 'एक दीवाने की दीवानियत' भी रिलीज हुई थी। इस फिल्म ने काफी चर्चाएं बटोरी थीं। वहीं, क्रिटिक्स और दर्शकों की भी इसे मिली-जुली प्रतिक्रिया हासिल हुई थी। अब वो 'तेरा यार हूं मैं'के साथ एक नई लव स्टोरी लेकर आ रहे हैं।





## इस घटना के बाद सरोज ने फिर कभी करिश्मा के साथ नहीं किया काम

# सेट पर जब आपा खो बैठीं करिश्मा, डांसर को कह दिया इडियट

*नई दिल्ली। सरोज खान अपने सख्त स्वभाव और अनुशासन के लिए जानी जाती थीं। सेट पर अगर कोई उनकी टीम के साथ गलत व्यवहार करता, तो वह तुरंत सामने वाले को रोक देती थीं। एक बार शूटिंग के दौरान हुए हादसे के बाद करिश्मा कपूर अपना आपा खो बैठीं। गुस्से में उन्होंने डांसर को 'इडियट'कह दिया। यह बात सरोज खान को बिल्कुल पसंद नहीं आई। उन्होंने लोलो को टोका इस घटना के बाद सरोज खान ने फिर कभी करिश्मा कपूर के साथ काम नहीं किया।*

### करिश्मा ने स्वीकारी चुनौती

उन दिनों माधुरी दीक्षित बॉलीवुड की 'डांसिंग क्वीन' थीं। उनके सामने कोई भी एक्ट्रेस डांस करने की हिम्मत नहीं जुटा पाती थी। जब यश चोपड़ा 1997 में 'दिल तो पागल है' बना रहे थे तो उन्हें एक ऐसी एक्ट्रेस चाहिए थी जो माधुरी के सामने पर्दे पर डांस कर सके। लेकिन, उस दौर की तमाम बड़ी हीरोइनों ने यह ऑफर ठुकरा दिया। उन्हें डर था कि माधुरी की तुलना में उनका डांस फीका पड़ जाएगा। लेकिन, करिश्मा कपूर ने बिना एक पल सोचे यह चुनौती स्वीकार कर ली। उन्होंने फिल्म में पूजा का किरदार निभाया और अपने कॅरियर का बेहतरीन परफॉर्मेंस दिया।





### शूटिंग के दौरान टूट गई डाली

फिल्म के गाने आज भी दिलों की धड़कन है। लेकिन, क्या आप जानते हैं कि इसी करिश्मा ने बाद में माधुरी की गुरु सरोज खान से झगड़ा कर लिया था, जिसके बाद दोनों ने कभी साथ काम नहीं किया? हाल ही में, सरोज खान के साथ काम कर चुकी डांसर रुबीना खान ने बॉलीवुड ठिकाना को एक रोचक किस्सा सुनाया। उन्होंने बताया कि एक बार करिश्मा कपूर एक गाने की शूटिंग कर रही थीं, जिसकी कोरियोग्राफी सरोज खान ने की थी। गाने के एक सीक्वेंस में पेड़ पर लड़के-लड़कियां छिपे हुए थे। शूटिंग के दौरान अचानक एक डाली टूट गई और ऊपर छिपा एक लड़का सीधे करिश्मा पर गिर पड़ा। करिश्मा इतनी गुस्सा हुईं कि उन्होंने उस लड़के को 'बेवकूफ' कहकर गालियां देने शुरू कर दीं।

### शूटिंग बीच में ही छोड़ दी

सरोज खान अपनी टीम की बहुत रक्षा करती थीं। उन्होंने तुरंत बीच-बचाव करते हुए कहा कि लड़के ने जानबूझकर नहीं किया था और वह माफी भी मांग चुका था। लेकिन, करिश्मा मानने को तैयार नहीं हुईं। उन्होंने शूटिंग बीच में ही छोड़ दी और सेट से चली गईं। रुबीना बताती हैं, 'इस घटना के बाद सरोज खान ने करिश्मा के साथ कभी काम नहीं किया।' हालांकि, दोनों में से किसी ने भी सार्वजनिक तौर पर इस विवाद पर खुलकर बात नहीं की।

### सरोज को भावुक अंदाज में किया था याद

दिलचस्प बात यह है कि साल 2020 में सरोज खान के निधन के बाद करिश्मा कपूर ने उन्हें भावुक अंदाज में याद किया था। उन्होंने सोशल मीडिया पर सरोज खान के साथ एक ब्लैक एंड व्हाइट तस्वीर शेयर की और लिखा, 'सत्यम हॉल में आपके साथ बिताए वो लंबे घंटे और डांस-एक्सप्रेशन सीखना कभी नहीं भूल सकती। आपकी सीख मुझे बहुत आगे तक लेकर गई.' करिश्मा ने पोस्ट में सरोज खान को अपना 'मास्टर', 'टीचर' और 'डांस गुरु' भी बताया था।

### शाह ने छत्तीसगढ़ के बस्तर में मध्य क्षेत्रीय परिषद की 26वीं बैठक की अध्यक्षता की

# 'कुपोषण' के खिलाफ 'जंग' का ऐलान

हरिभूमि ब्यूरो :नई दिल्ली

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को छत्तीसगढ़ के बस्तर में आयोजित केंद्रीय क्षेत्रीय परिषद (सीजेडसी) की 26वीं बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि देश को नक्सलवाद से मुक्त करने की ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल हो चुकी है, लेकिन अब असली चुनौती इन क्षेत्रों को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने की है। बैठक में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री , मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री , उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री और उत्तराखंड के मुख्यमंत्री सहित चार राज्यों और केंद्र सरकार के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि बस्तर में इस बैठक




का आयोजन होना अपने आप में प्रतीकात्मक है, क्योंकि कभी नक्सल हिंसा से प्रभावित यह इलाका अब शांति और विकास की दिशा में आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि भारत को नक्सलमुक्त बनाने का पूरा श्रेय सुरक्षा बलों के जवानों की बहादुरी, केंद्रीय एजेंसियों की सटीक रणनीति और राज्यों तथा केंद्र के बीच बेहतर समन्वय को जाता है।

#### जल, स्वास्थ्य और शिक्षा पर जोर

गृह मंत्री ने राज्यों से जल जीवन मिशन-2 के तहत हर घर तक नल से जल पहुंचाने की दिशा में तेजी से काम करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि कुपोषण, स्वास्थ्य और सामाजिक कल्याण बेहद संवेदनशील विषय हैं और सभी राज्यों को मिलकर इस दिशा में गंभीर प्रयास करने होंगे। उन्होंने स्कूल ड्रॉपआउट कम करने, शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने, वित्तीय समावेशन और बिजली क्षेत्र में सुधार को विकसित भारत की दिशा में अहम कदम बताया।

### बस्तर की धरती पर कुछ इस तरह अमित शाह से मिले सीएम योगी

# हाथ जोड़े, पटका पहनाया, फिर मुस्कुराए,अभिवादन किया

*मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ छत्तसीगढ़ के बस्तर जिले में मध्य क्षेत्रीय परिषद की 26वीं बैठक में हिस्सा लेने पहुंचे । बैठक की शुरुआत से पहले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को पटका पहनाकर उनका स्वागत किया। दोनों ने एक-दूसरे का अभिवादन किया...*

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

छत्तीसगढ़ के बस्तर में पहली बार मध्य क्षेत्रीय परिषद की 26वीं बैठक चल रही हैं. इस बैठक की अध्यक्षता केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह कर रहे हैं। इस हाई प्रोफाइल बैठक में छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, उत्तराखंड और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मौजूद हैं। बैठक की शुरुआत सीएम योगी ने अमित शाह को पटका




पहनाकर, उनका स्वागत किया। इस दौरान दोनों ही नेताओं ने हाथ जोड़कर एक-दूसरे का अभिवादन किया। सीएम योगी आदित्यनाथ ने खुद अपने एक्स हैंडल से ट्वीट कर लिखा कि मंगलवार को छत्तीसगढ़ के जगदलपुर में आयोजित मध्य क्षेत्रीय परिषद की 26वीं बैठक के अवसर पर केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह जी का अभिनंदन किया।

## खबर संक्षेप

### नौतपा से पहले आगरा में एक की मौत

**आगरा।** यूपी में गर्मी का प्रकोप लगातार बढ़ता जा रहा है। आगरा में



अधिकतम तापमान 44.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। गर्म हवाओं के थपेड़ों ने जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया है। मौसम विभाग ने अगले 24 घंटों में भीषण लू चलने की चेतावनी जारी की है, डीएम मनीष बंसल ने मंगलवार को नर्सरी से 12वीं कक्षा तक के स्कूलों को बंद रखने का आदेश दिया है।

### जात देखकर एनकाउंटर करवा रहे सीएम

**पटना।** बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने आरोप लगाया है कि सीएम सम्राट चौधरी जाति देखकर एनकाउंटर करवा रही है। उन्होंने सीएम से सवाल किया है कि महिलाओं के साथ बलात्कार करने वाले अपराधियों का एनकाउंटर कब होगा? तेजस्वी यादव ने आरोप लगाया है कि सम्राट चौधरी के नेतृत्व में एनडीए की नई सरकार बनने के बाद बिहार में अपराध तेजी से बढ़ गए हैं।

### स्मार्ट पैकेजिंग, क्यूआर कोड से होगी डिजिटल ब्रांडिंग

# योगी सरकार की 'एक जनपद एक व्यंजन' योजना से पारंपरिक पकवानों को मिलेगी वैश्विक पहचान

*योगी सरकार 'एक जनपद एक व्यंजन' योजना के तहत उत्तर प्रदेश के पारंपरिक पकवानों को वैश्विक पहचान दिलाएगी। एफएसएसएआई और सीएफटीआरआई के सहयोग से स्टैंडर्ड रेसिपी मैन्युअल बनेगा, जिससे स्वाद और गुणवत्ता सुनिश्चित होगी, साथ ही स्मार्ट पैकेजिंग व 'स्वाद यूपी का' थीम से अंतरराष्ट्रीय ब्रांडिंग की जाएगी।*

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

योगी सरकार अब प्रदेश की समृद्ध पाक परंपरा को वैश्विक पहचान दिलाने की दिशा में बड़ा कदम बढ़ाने जा रही है। 'एक जनपद एक व्यंजन' (ओडीओसी) योजना के माध्यम से प्रदेश के प्रत्येक जिले के विशिष्ट पारंपरिक व्यंजनों का चिन्हांकन कर उन्हें संगठित, सुरक्षित, ब्रांडेड और बाजारोन्मुख बनाया जाएगा। इसका उद्देश्य केवल स्वाद और परंपरा को संरक्षित करना ही नहीं, बल्कि स्थानीय उद्यमिता, रोजगार और निर्यात को भी बढ़ावा देना है। उल्लेखनीय है कि हाल ही में योगी कैबिनेट ने योजना को स्वीकृति दी है।

#### नहीं बदलेगा मूल स्वाद



योजना के तहत सभी जिलों के जिलाधिकारियों, विश्वविद्यालयों, जिला उद्योग केंद्रों और स्थानीय विशेषज्ञों के सुझावों पर व्यंजनों की सूची तैयार कर ली गई है। इन पारंपरिक पकवानों का स्वाद, शुद्धता और स्वच्छता अंतरराष्ट्रीय मानकों पर खरी उतरे, इसके लिए सरकार देश के सबसे प्रतिष्ठित संस्थानों का सहयोग ले रही है। भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण केंद्रीय खाद्य प्रौद्योगिकी अनुसंधान संस्थान और निफ्टेम के तालमेल से प्रत्येक जिले के व्यंजन के लिए एक 'स्टैंडर्ड रेसिपी मैन्युअल' तैयार किया जाएगा। इससे न केवल हर बार व्यंजन का स्वाद और गुणवत्ता एक समान रहेगी, बल्कि आधुनिक वैज्ञानिक तकनीकों से उनकी शेल्फ लाइफ (खराब न होने की अवधि) को भी बढ़ाया जाएगा।

#### 'स्वाद यूपी का' थीम से होगी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर डिजिटल ब्रांडिंग

योगी सरकार 'एक जनपद एक व्यंजन' को पर्यटन और सांस्कृतिक गौरव से जोड़कर देश-विदेश में इसका बड़ा प्रचार अभियान शुरू करने जा रही है। राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर के बड़े आयोजनों व जी-20 जैसे मंचों पर स्वाद यूपी का थीम के तहत विशेष फूड स्टॉल, प्रदर्शनियां लगाई जाएंगी। साथ ही शॉर्ट फिल्मों, सोशल मीडिया अभियानों व डिजिटल ब्रांडिंग के जरिए यूपी के जायके की दास्तान पूरी दुनिया तक पहुंचाई जाएगी।

#### स्मार्ट पैकेजिंग और क्यूआर कोड से लैस होंगे यूपी के पकवान

वैश्विक बाजारों और मॉल्स में अपनी धाक जमाने के लिए यूपी के इन व्यंजनों को आधुनिक लुक दिया जाएगा। भारतीय पैकेजिंग संस्थान के सहयोग से व्यंजनों के लिए इको-फ्रेंडली और स्मार्ट पैकेजिंग तैयार की जाएगी। इन पैकेटों पर बारकोड, क्यूआर कोड और न्यूट्रीशन लेबलिंग (पोषण संबंधी जानकारी) की सुविधा होगी, जिससे उपभोक्ता एक क्लिक पर उत्पाद की गुणवत्ता, इतिहास और कैलोरी की जानकारी ले सकेंगे।

#### स्वयं सहायता समूहों को मुफ्त ट्रेनिंग, स्थानीय स्तर पर बंपर रोजगार

इस पूरी योजना के केंद्र में ग्रामीण और स्थानीय अर्थव्यवस्था को रखा गया है। इसके लिए स्थानीय छोटे उद्यमियों, हलवाइयों और महिलाओं के स्वयं सहायता समूहों को फूड प्रोसेसिंग, पैकेजिंग और डिजाइनिंग का मुफ्त व्यावसायिक प्रशिक्षण दिया जाएगा। सरकार का मानना है कि इस कदम से न केवल पारंपरिक हुनर को नया जीवन मिलेगा, बल्कि जमीनी स्तर पर बड़े पैमाने पर रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे।

### सहयोग शिविर का आगाज कर बोले सम्राट

# 30 दिन में आदेश नहीं दिया तो अफसरों पर होगी कार्रवाई




एजेंसी ▶▶ छपरा

बिहार के सीएम सम्राट चौधरी ने छपरा जिले के सोनपुर से 'सहयोग शिविर' कार्यक्रम का आगाज कर दिया है। बिहार सरकार की सबका सम्मान, जीवन आसान और प्रशासन आपके द्वार पहल के तहत कार्यक्रम का आगाज हुआ है। मुख्यमंत्री सोनपुर अनुमंडल अंतर्गत डुमरी बुजुर्ग पंचायत में मौजूद थे। यहां मंच से उन्होंने अफसरों को चेताया कि कार्यक्रम का मकसद आम जनता की समस्याओं का समाधान करना है। समस्याओं को सुलझाने की दिशा में अफसर ने 30 दिन तक आदेश पारित नहीं किया तो उनपर ऐक्शन लिया जाएगा।

#### सहयोग शिविर का आयोजन पूरे बिहार की पंचायतों में होगा

सीएम ने मंगलवार को सोनपुर की डुमरी बुजुर्ग पंचायत में जन सहयोग शिविर का उद्घाटन और सहयोग पोर्टल को लॉन्च करने के बाद कहा कि नीतीश और मोदी के हर सपनों को साकार करने के लिए सरकार काम कर रही है। सहयोग शिविर का आयोजन जनता के त्वरित निपटारे के लिए है। अफसरों को चार मौके मिलेंगे। 30 दिन तक कि प्रतीक्षा के बाद 31 वें दिन उन्हें निलंबित कर दिया जाएगा। सहयोग शिविर का आयोजन पूरे बिहार की पंचायतों में होगा। 211 प्रखंडों में डिग्री कॉलेज खोलने का काम शुरू हो चुका है।

## पेज एक का शेष

### नॉर्वे की पत्रकार की...

मीडिया ब्रीफिंग में बुलाया था। यहां बता दें कि प्रधानमंत्री मोदी इन दिनों पांच देशों की विदेश यात्रा पर हैं। जिसका चौथा पड़ाव नार्वे है। इससे पहले वह नीदरलैंड में थे और वहां पर भी उन्होंने संबंधित देश के राष्ट्राध्यक्ष के साथ उच्च-स्तरीय बैठक के बाद केवल साझा प्रेस बयान तक ही अपने आप को सीमित रखा था। नीदरलैंड की प्रेस ने भी प्रधानमंत्री मोदी द्वारा मीडिया के सवाल न लेने के मुद्दे को उठाया था।

**सवाल पूछने वाला तय नहीं करेगा जवाब :** जॉर्ज के जवाब देते वक्त भी नॉर्वे की पत्रकार ने तल्ख लहजे में फिर से अपने तमाम सवालों की बौछार उन पर शुरू कर दी। जिस पर सख्त लहजे के साथ उन्हें बीच में टोकते हुए मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि प्रधानमंत्री की इस विदेश यात्रा से संबंधित जानकारी देने का दायित्व मेरा है, जिसे मैं नियमित रूप से पूरा कर रहा हूं। आप मुझे बीच में मत टोकिए, मैं इस मीडिया ब्रीफिंग में भी अपना काम कर रहा हूं। आपको बतौर पत्रकार के रूप में सवाल पूछने का अधिकार है। जो कि आपने किया, लेकिन उसका जवाब किस तरह से दिया जाएगा। यह आप तय नहीं करेंगी। इसके बाद जॉर्ज ने कहा, हमारे देश में समानता का अधिकार लागू है। जिसके तहत प्रत्येक नागरिक को अधिकार मिले हैं। अगर किसी के अधिकारों का हनन होता है तो उसके सामने अदालत जाने का विकल्प खुला हुआ है। हमें अपने लोकतंत्र पर गर्व है।

### इस वजह से...

में हमारा द्विपक्षीय व्यापार करीब चार गुना तक बढ़ गया है। नॉर्डिक देशों के निवेश फंड भी भारत के तीव्र विकास में अहम साझेदार बन रहे हैं। बीते एक दशक में नॉर्डिक देशों से भारत में किए जाने वाले निवेश में लगभग 200% की बढ़ोतरी हुई है। जिसने हमारे देश की विकास की कहानी में तो योगदान दिया ही है। साथ ही नॉर्डिक देशों की अर्थव्यवस्थाओं में भी बहुत ही सकारात्मक भूमिका निभाई है, हजारों रोजगार सृजित किए हैं। इस मजबूत नींव पर अपने संबंधों को अगले स्तर पर ले जाने के लिए हमने हालिया समय में कुछ महत्वपूर्ण पहल की हैं।

### इंसानी जीवन के लिए...

खारिज कर दिया है। शीर्ष अदालत ने भारतीय पशु कल्याण बोर्ड द्वारा आवारा जानवरों को लेकर जारी मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) की वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाएं भी खारिज कर दीं। जस्टिस विक्रम नाथ, जस्टिस संदीप मेहता और जस्टिस एनवी अंजारिया की पीठ ने सुनवाई की। अदालत ने शैक्षणिक संस्थानों, बस स्टैंडों, रेलवे स्टेशनों, खेल परिसरों, अस्पतालों आदि जगहों से आवारा कुत्तों को हटाने के अपने पूर्व के निर्देशों को बदलने से इनकार कर दिया और कुत्तों को नसबंदी के बाद वापस पुरानी जगहों पर छोड़ने का निर्देश देने से इनकार कर दिया। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि गरिमा के साथ जीवन जीने के अधिकार में यह भी शामिल है कि लोग कुत्तों के हमलों और खतरे के डर के बिना स्वतंत्र रूप से जीवन जी सकें।

### ईपीएफओ ने घटाए...

मजबूत बनाने के लिए रिवांप "श्रम सुविधा 2.0" और "समाधान 2.0" पोर्टल लॉन्च किए हैं। उन्होंने कहा कि इन पोर्टलों का उद्देश्य कारोबार सुगमता को बढ़ावा देना और कर्मचारियों एवं नियोक्ताओं के लिए प्रक्रियाओं को अधिक पारदर्शी और सरल बनाना है।

**व्हाट्सअप के जरिए मिलेगी ईपीएफओ सेवाएं :** डॉ. मांडविया ने जानकारी दी कि ईपीएफओ अब सदस्य सेवाओं को और आसान बनाने के लिए वॉट्सएप प्लेटफॉर्म का इस्तेमाल करने की तैयारी कर रहा है। उन्होंने कहा कि इस पहल के तहत उन सदस्यों को विशेष सहायता दी जाएगी, जिनके मामले प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना के तहत आधार ऑथेंटिकेशन पूरा न होने या आधार लिंक्ड बैंक खाते में डायरेक्ट बैंक ट्रांसफर सक्षम न होने के कारण लंबित हैं। मंत्री ने बताया कि ऐसे मामलों के समाधान के लिए व्हाट्सअप के माध्यम से सीधे सहायता और मार्गदर्शन उपलब्ध कराया जाएगा, जिससे सदस्यों को कार्यालयों के चक्कर लगाने की जरूरत कम होगी।

**डिजिटल सेवाओं पर सरकार का जोर :** मांडविया ने कहा कि सरकार का उद्देश्य ईपीएफओ सेवाओं को अधिक डिजिटल, पारदर्शी और सदस्य-केंद्रित बनाना है। उन्होंने कहा कि तकनीक के इस्तेमाल से शिकायत निवारण प्रणाली मजबूत होगी और कर्मचारियों को समयबद्ध सेवाएं मिल सकेंगी।

### डीडीए में जिन...

स्वीकार कर रहा था। यह रकम कुल 3 लाख रुपये की तय रिश्वत का हिस्सा थी। कार्रवाई के दौरान दोनों आरोपियों को मौके से गिरफ्तार कर लिया गया। मामले की आगे की जांच जारी है। एजेंसी यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि इस मामले में अन्य कोई अधिकारी या कर्मचारी भी शामिल था या नहीं।

### ऋषिकेश में उज्जैनी ...

अरुणा भारती के मुताबिक यह घटना रात करीब 9:30 बजे उस समय हुई जब लोको पायलट मंगलवार की यात्रा के लिए ट्रेन की शंटिंग कर पटरी बदल रहा था। यह हादसा मुख्य ट्रैक से दूर शंटिंग एरिया में हुआ, इसलिए रेल यातायात बाधित नहीं हुआ। शुरुआती अनुमानों में लोको पायलट की लापरवाही की आशंका जताई जा रही है। फिलहाल रेलवे इंजीनियरों की टीम जांच और ट्रैक बहाली के काम में जुटी है।

### भुवनेश्वर में पूर्वी क्षेत्रीय...

मूल्य सुनिश्चित करना, नुकसान होने पर भरपाई करना और कृषि का विविधीकरण करना आज की सबसे बड़ी जरूरत है। उन्होंने विशेष रूप से कहा कि केवल धान और गेहूं से काम नहीं चलेगा, बल्कि दलहन, तिलहन, फल, सब्जियां और अन्य उच्च मूल्य फसलों की ओर भी आगे बढ़ना होगा, क्योंकि पूर्वी भारत में इन सभी क्षेत्रों में अपार संभावनाएं हैं। उन्होंने कहा कि पूर्वी राज्यों में छोटी जोत एक बड़ी वास्तविकता है, इसलिए इंटीग्रेटेड फार्मिंग को केवल नारा नहीं, बल्कि जमीन पर उतरा हुआ मॉडल बनाना होगा। उन्होंने जोर देकर कहा कि अनाज के साथ फल, सब्जियां, मछली पालन, पशुपालन, मधुमक्खी पालन और कृषि वानिकी जैसी गतिविधियों को जोड़कर छोटे किसान की आय में उल्लेखनीय वृद्धि की जा सकती है। उन्होंने आईसीएआर, कृषि मंत्रियों और अधिकारियों से आग्रह किया कि इंटीग्रेटेड फार्मिंग के मॉडल किसानों तक प्रेरक और व्यवहारिक रूप में पहुंचें। उन्होंने टिकाऊ कृषि की दिशा में मृदा स्वास्थ्य की रक्षा को अत्यंत महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि संतुलित उर्वरक उपयोग पर विशेष ध्यान देना होगा। उन्होंने कहा कि बिना मृदा परीक्षण के अंधाधुंध खाद का प्रयोग खर्च भी बढ़ाता है और धरती की सेहत भी बिगाड़ता है, इसलिए किसानों को आवश्यकतानुसार ही उर्वरक उपयोग के लिए प्रेरित करना होगा। उन्होंने प्राकृतिक खेती को भी प्रधानमंत्री के फोकस का क्षेत्र बताते हुए किसानों से अपनी जमीन के एक हिस्से में प्राकृतिक खेती अपनाने का आग्रह किया। चौहान ने बताया कि 1 जून से "खेत बचाओ अभियान" शुरू किया जाएगा, जिसके माध्यम से संतुलित खाद उपयोग, मिट्टी की सेहत, आधुनिक तकनीक, योजनाओं की जानकारी और किसान जागरूकता पर विशेष बल दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि उर्वरकों के डायवर्जन पर रोक लगानी होगी और यह सुनिश्चित करना होगा कि सब्सिडी वाला खाद केवल किसान और खेती के काम में ही उपयोग हो। उन्होंने नकली खाद, घटिया बीज और नकली कीटनाशकों को किसानों के खिलाफ बड़ा अपराध बताते हुए कहा कि ऐसे तत्वों के विरुद्ध व्यापक अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि कड़े कानून की आवश्यकता है और राज्यों को इस दिशा में सख्ती से कार्रवाई करनी होगी, ताकि किसानों की लागत न बढ़े और उन्हें गुणवत्तापूर्ण कृषि आदान मिल सके। इस अवसर पर केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी एवं रामनाथ ठाकुर, ओडिशा के उपमुख्यमंत्री एवं कृषि मंत्री कनक वर्धन सिंह देव, बिहार के कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा, छत्तीसगढ़ के कृषि मंत्री रामविचार नेताम, पश्चिम बंगाल सरकार के प्रतिनिधि-मंत्री अशोक कीर्तनिया, केंद्रीय कृषि सचिव अतीश चंद्रा, आईसीएआर के महानिदेशक डॉ. मांगी लाल जाट तथा केंद्र और संबंधित राज्य सरकारों के वरिष्ठ अधिकारी, वैज्ञानिक, किसान प्रतिनिधि, केवीके, एफपीओ, स्टार्टअप्स, नाबार्ड और बैंकों से जुड़े प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### मुख्यमंत्री सैनी बोले...

ताकि वे प्रदेश की सड़कों की स्थिति से संबंधित जानकारी सीधे सरकार और विभागों तक पहुंचा सकें। एजेंसियों को ब्लैकलिस्ट करने और अधिकारियों पर कार्रवाई के निर्देश बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने "म्हारी सड़क एप" और मुख्यमंत्री कार्यालय से भेजी गई सड़क संबंधी शिकायतों पर लापरवाही बरतने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यदि डीएलपी (डिफेक्ट लाइबिलिटी पीरियड) के तहत कोई ठेकेदार सड़क की मरम्मत नहीं करता है, तो उसकी बैंक गारंटी जब्त की जाए। यदि किसी फर्म पर तीन बार ऐसी कार्रवाई होती है, तो उसे ब्लैकलिस्ट कर दिया जाए। बैठक में भिवानी, हिसार, फतेहाबाद, रोहतक, गुरुग्राम, करनाल और पानीपत जिलों की कुछ ऐसी शिकायतों का भी उल्लेख किया गया, जिन्हें संबंधित विभागों द्वारा अपने क्षेत्राधिकार से बाहर बताकर बार-बार दूसरे विभागों को ट्रांसफर किया गया। लंबित पड़ी इन शिकायतों को लेकर मुख्यमंत्री ने एक दर्जन से अधिक अधिकारियों और कर्मचारियों पर कार्रवाई के निर्देश दिए। शॉर्ट-टाइम टेंडर और बॉर्डर क्षेत्रों पर विशेष फोकस मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि "म्हारी सड़क एप" पर आने वाली शिकायतों का समाधान प्राथमिकता के आधार पर तुरंत किया जाए।


**रेलयात्री कृपया ध्यान दें!**

**महत्वपूर्ण जानकारी**

**ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ियों में वृद्धि-2026**

रेलयात्रियों के सुविधाजनक आवागमन हेतु पूर्व घोषित ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ियों के साथ-साथ रेलवे द्वारा निम्नलिखित विशेष रेलगाड़ियाँ भी नीचे दी गई समय-सारणी के अनुसार संचालित की जायेंगी :-

**06261/06262 मैसूरु जं. – हज़रत निज़ामुद्दीन – मैसूरु जं. ग्रीष्मकालीन स्पेशल रेलगाड़ी** — 02 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 06261 | | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 06262 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| -- | 04:00 | मैसूरु जं. | 23:55 | -- |
| 05:45 | -- | हज़रत निज़ामुद्दीन | -- | 21:00 |

**चलने की तिथि : 06261 मैसूरु जं.** से दिनांक 21.05.2026 (गुरुवार) को एवं **06262 हज़रत निज़ामुद्दीन** से दिनांक 24.05.2026 (रविवार) को।

**स्थान:** शयनयान।

**ठहराव:** हासन जं., अरसीकेरे जं., बीरूर जं., हावेरी, हुब्बल्लि जं., विजयपुरा, सोलापुर जं., दौंड जं., बेलापुर, मनमाड जं., भुसावल जं., इटारसी जं., रानी कमलापति (भोपाल), वीरांगना लक्ष्मीबाई (झांसी) एवं आगरा कैंट स्टेशन।

**03011/03012 हावड़ा जं. – आनन्द विहार (ट.) – हावड़ा जं. ग्रीष्मकालीन स्पेशल रेलगाड़ी** — 02 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 03011 | | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 03012 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| -- | 11:10 | हावड़ा जं. | 09:20 | -- |
| 22:10 | -- | आनन्द विहार (ट.) | -- | 02:15 |

**चलने की तिथि : 03011 हावड़ा जं.** से दिनांक 22.05.2026 (शुक्रवार) को एवं **03012 आनन्द विहार (ट.)** से दिनांक 25.05.2026 (सोमवार) को।

**स्थान:** शयनयान एवं सामान्य श्रेणी।

**ठहराव:** बर्द्धमान जं., रामपुर हाट जं., दुमका, जसीडीह जं., पटना जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., प्रयागराज जं. एवं गोविंदपुरी स्टेशन।

**04066/04065 आनन्द विहार (ट.) – खोरधा रोड जं. – आनन्द विहार (ट.) ग्रीष्मकालीन स्पेशल रेलगाड़ी** — 04 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 04066 | | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 04065 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| -- | 00:30 | आनन्द विहार (ट.) | 03:40 | -- |
| 11:30 | -- | खोरधा रोड जं. | -- | 15:30 |

**चलने की तिथि : 04066 आनन्द विहार (ट.)** से दिनांक 01.06.2026 और 08.06.2026 (प्रत्येक सोमवार) को एवं **04065 खोरधा रोड जं.** से दिनांक 02.06.2026 और 09.06.2026 (प्रत्येक मंगलवार) को

**स्थान:** प्रथम वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य।

**ठहराव:** गाज़ियाबाद, गोविंदपुरी, सूबेदारगंज, मिर्जापुर, पंडित दीन दयाल उपाध्याय जं., भभुआ रोड, सासाराम, डेहरी ऑनसोन, अनुग्रह नारायण रोड, गया जं., पहाड़पुर, कोडरमा, हज़ारीबाग रोड, पारसनाथ, नेताजी सुभाष चंद्र बोस जं. गोमो, आद्रा, बाँकुड़ा, बिष्णुपुर, मिदनापुर, हिजली, बालासोर, भद्रक, जाजपुर केन्दुझर रोड, कटक एवं भुवनेश्वर स्टेशन।

**04028/04027 आनन्द विहार (ट.) – मुज़फ्फ़रपुर जं. – आनन्द विहार (ट.) ग्रीष्मकालीन स्पेशल रेलगाड़ी** — 06 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 04028 | | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 04027 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| -- | 11:50 | आनन्द विहार (ट.) | 05:30 | -- |
| 04:30 | -- | मुज़फ्फ़रपुर जं. | -- | 06:25 |

**चलने की तिथि : 04028 आनन्द विहार (ट.)** से दिनांक 29.05.26, 05.06.26 और 12.06.26 (प्रत्येक शुक्रवार) को एवं **04027 मुज़फ्फ़रपुर जं.** से दिनांक 30.05.26, 06.06.26 और 13.06.26 (प्रत्येक शनिवार) को।

**स्थान:** प्रथम वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य।

**ठहराव:** मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, सीतापुर जंक्शन, गोंडा जंक्शन, बस्ती, गोरखपुर जंक्शन, छपरा, सोनपुर जंक्शन एवं हाजीपुर जं. स्टेशन।

**09257/09258 भावनगर (ट.) – शकूरबस्ती – भावनगर (ट.) स्पेशल रेलगाड़ी** — 10 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 09257 | | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 09258 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| -- | 14:20 | भावनगर (ट.) | 08:50 | -- |
| 10:55 | -- | शकूरबस्ती | -- | 13:15 |

**चलने की तिथि : 09257 भावनगर (ट.)** से दिनांक 29.05.26, 05.06.26, 12.06.26, 19.06.26 और 26.06.26 (प्रत्येक शुक्रवार) को एवं **09258 शकूरबस्ती** से दिनांक 30.05.26, 06.06.26, 13.06.26, 20.06.26 और 27.06.26 (प्रत्येक शनिवार)

**स्थान:** 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य श्रेणी।

**ठहराव:** भावनगर पारा, सिहोर गुजरात, ढोला जं., बोटाद जं., धंधुका, धोलका, सरखेज, गांधीग्राम, चांदखेड़ा रोड, महेसाना जं., पालनपुर जं., आबू रोड, फालना, मारवाड़ जं., अजमेर जं., किशनगढ़, फुलेरा, रींगस, नीम का थाना, नारनौल, रेवाड़ी जं., गुरुग्राम एवं दिल्ली कैंट स्टेशन।

**04137/04138 ग्वालियर जं. – बरौनी जं.– ग्वालियर जं. ग्रीष्मकालीन स्पेशल रेलगाड़ी (सप्ताह में दो दिन)** — 33 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 04137 | | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 04138 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| -- | 14:15 | ग्वालियर जं. | 12:20 | -- |
| 03:20 | 03:30 | वाराणसी कैंट | 23:40 | 23:50 |
| 12:15 | -- | बरौनी जं. | -- | 13:45 |

**चलने की तिथि : 04137 ग्वालियर जं.** से दिनांक 14.07.2026 तक (प्रत्येक शनिवार एवं मंगलवार) को एवं **04138 बरौनी जं.** से दिनांक 20.05.2026 से 15.07.2026 (प्रत्येक रविवार एवं बुधवार) को।

**स्थान:** 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., कुर्सीयान, शयनयान एवं सामान्य श्रेणी।

**ठहराव:** सानिचरा, मालनपुर, गोहद रोड, सोनी, भिण्ड, इटावा जंक्शन, गोविंदपुरी, फतेहपुर, प्रयागराज जंक्शन, ज्ञानपुर रोड, वाराणसी, औंडिहार जंक्शन, गाजीपुर सिटी, बलिया, रेवती, सुरेमनपुर, छपरा, सोनपुर जंक्शन, हाजीपुर जंक्शन एवं शाहपुर पटोरी स्टेशन।

**05064/05063 गोमती नगर – खोरधा रोड जं.– गोमती नगर ग्रीष्मकालीन स्पेशल रेलगाड़ी** — 08 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 05064 | | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 05063 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| -- | 18:55 | गोमती नगर | 20:00 | -- |
| 07:10 | 07:20 | वाराणसी कैंट | 08:00 | 08:10 |
| 02:25 | -- | खोरधा रोड जं. | -- | 12:45 |

**चलने की तिथि : 05064 गोमती नगर** से दिनांक 28.05.2026 से 18.06.2026 (प्रत्येक गुरूवार) को एवं **05063 खोरधा रोड जं.** से दिनांक 30.05.2026 से 20.06.2026 (प्रत्येक शनिवार) को।

**स्थान:** प्रथम वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता. एवं शयनयान एवं सामान्य।

**ठहराव:** गोंडा जंक्शन, बस्ती, गोरखपुर जंक्शन, देवरिया सदर, मऊ जंक्शन, औंडिहार जंक्शन, जौनपुर जंक्शन, वाराणसी, पं. दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन, सासाराम, डेहरी ऑन सोन, गया जंक्शन, कोडरमा, नेताजी सुभाष चंद्र बोस जंक्शन गोमो, भोजूडीह जंक्शन, आद्रा, बांकुड़ा, बिष्णुपुर, मिदनापुर, हिजली, बालासोर, भद्रक, जाजपुर के रोड, नराज मराठापुर एवं भुवनेश्वर स्टेशन।

रेलयात्रियों से अनुरोध है कि किसी भी जानकारी के लिए दूरभाष सं. 139 पर संपर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES App. देखें।

पर हमें फॉलो करें

उत्तर रेलवे
सदैव आपकी सेवा में
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## चिंतन

# आम लोगों की जान की सुरक्षा सर्वोपरि

देश में आवारा कुत्तों का मुद्दा अब आम लोगों की सुरक्षा, सार्वजनिक स्वास्थ्य और नागरिकों के गरिमापूर्ण जीवन के अधिकार से जुड़ा प्रश्न बन चुका है। ऐसे में सुप्रीम कोर्ट का हालिया फैसला, जिसमें रेबीज से संक्रमित और बेहद खतरनाक आवारा कुत्तों को जरूरत पड़ने पर यूथेनेशिया यानी दया मृत्यु (जहर का इंजेक्शन) देने की अनुमति दी गई है, एक कठोर लेकिन आवश्यक कदम माना जाना चाहिए। यह फैसला उन लोगों को कठोर लग सकता है जो पशु अधिकारों की पैरवी करते हैं, लेकिन अदालत ने साफ कर दिया है कि देश में इंसानों की जान की सुरक्षा सर्वोपरि है। लावारिस कुत्ते लगातार बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं को निशाना बनाते रहे हैं। इनके लिए शेल्टर होम बनाने और नसबंदी का जिम्मा राज्य सरकारों पर है, लेकिन राज्यों में जिस तरह के हालात हैं, उसमें यह कार्य उस तरह से नहीं हो पा रहा, इसलिए सुप्रीम कोर्ट को कड़ा फैसला लेना पड़ा। लावारिस कुत्ते खतरनाक भले ही न हों, लेकिन कई प्रकार से लोगों को नुकसान जरूर पहुंचाते हैं। कई बार दो पहिया वाहन चालक इनके कारण हादसों का शिकार हो जाते हैं। कुत्तों से डरने वाले लोग भी इन्हें देखकर हड़बड़ा जाते हैं और हादसों का शिकार हो बैठते हैं। कुत्तों के काटने की खबरें भी आम हैं। बीते कुछ वर्षों में देश के लगभग हर बड़े शहर और कस्बे में आवारा कुत्तों की समस्या विकराल होती गई है। कई मामलों में छोटे बच्चों के चेहरे तक बुरी तरह नोच दिए गए। तमिलनाडु में केवल चार महीनों में करीब दो लाख डॉग बाइट के मामले सामने आना यह बताने के लिए काफी है कि स्थिति कितनी गंभीर हो चुकी है। राजस्थान के श्रीगंगानगर में एक महीने में 1084 लोगों को कुत्तों ने काटा। दिल्ली, हरियाणा और उत्तर प्रदेश जैसे राज्यों में भी ऐसी घटनाएं आम हैं। यह केवल आंकड़े नहीं, बल्कि प्रशासनिक विफलता की भयावह तस्वीर हैं। सुप्रीम कोर्ट ने बिल्कुल सही कहा कि गरिमा के साथ जीने के अधिकार में यह भी शामिल है कि लोग सड़कों, स्कूलों, अस्पतालों और सार्वजनिक स्थानों पर बिना भय के चल-फिर सकें। यदि कोई बच्चा स्कूल जाते समय आवारा कुत्तों के झुंड से डरता है या कोई बुजुर्ग सुबह की सैर पर निकलने से घबराता है, तो यह सीधे-सीधे नागरिक अधिकारों का उल्लंघन है। असल सवाल यह है कि वर्षों से चल रही नसबंदी और टीकाकरण योजनाएं आखिर प्रभावी क्यों नहीं हो सकीं। राज्य सरकारें और नगर निगम अक्सर बजट, संसाधनों और कर्मचारियों की कमी का बहाना बनाते रहे हैं। नतीजा यह हुआ कि आवारा कुत्तों की संख्या लगातार बढ़ती गई। कई शहरों में एबीसी सेंटर यानी एनिमल बर्थ कंट्रोल सेंटर नाम मात्र के रह गए। कोर्ट ने अब हर जिले में प्रभावी एबीसी सेंटर बनाने और जरूरत के अनुसार उनकी संख्या बढ़ाने के निर्देश दिए हैं। हालांकि इस पूरे विवाद में पशु प्रेमियों की भूमिका भी सवालों के घेरे में है। सड़क किनारे कुत्तों को खाना खिलाना मानवता हो सकती है, लेकिन यदि वही कुत्ते बाद में राहगीरों पर हमला करें तो उसकी जिम्मेदारी कौन लेगा? अदालत ने सार्वजनिक स्थानों पर फीडिंग पर रोक लगाकर यह स्पष्ट कर दिया कि संवेदनशीलता और जिम्मेदारी साथ-साथ चलनी चाहिए। यदि कोई व्यक्ति इन जानवरों के प्रति इतना ही समर्पित है, तो उन्हें अपने संरक्षण में रखने की व्यवस्था भी करनी चाहिए। अब यह सवाल उन पशु प्रेमियों के लिए है कि वे इन बेजुबान जानवरों के लिए क्या कर सकते हैं। अब ऐसे जानवरों को बचाने वाले पशु प्रेमी या तो इन्हें अपने पास रखें या फिर प्रशासन ऐसे खतरनाक कुत्तों को जहर के इंजेक्शन दे सकता है।

## समस्या

मनोज कुमार अग्रवाल



# ग्लोबल वार्मिंग से बिगड़ते हालात : कब जागेगा इंसान

वैश्विक तापमान यानी ग्लोबल वार्मिंग आज विश्व की सबसे बड़ी समस्या बन चुकी है। इससे न केवल मनुष्य, बल्कि धरती पर रहने वाला प्रत्येक जीव यहां तक कि वनस्पति भी त्रस्त है। ग्लोबल वार्मिंग से निपटने के लिए दुनियाभर में प्रयास किए जा रहे हैं, लेकिन समस्या कम होने के बजाय साल-दर-साल बढ़ती ही जा रही है। चूंकि यह एक शुरुआत भर है, इसलिए अगर हम अभी से नहीं संभले तो भविष्य और भी भयावह हो सकता है। वैज्ञानिक अनुसंधान की रिपोर्ट बताते हैं कि ग्लोबल वार्मिंग धरती के वातावरण के तापमान में लगातार हो रही बढ़ोतरी है। हमारी धरती प्राकृतिक तौर पर सूर्य की किरणों से उष्मा प्राप्त करती है। ये किरणें वायुमंडल से गुजरती हुईं धरती की सतह से टकराती हैं और फिर वहीं से परावर्तित होकर पुनः लौट जाती हैं। धरती का वायुमंडल कई गैसों से मिलकर बना है जिनमें कुछ ग्रीनहाउस गैसें भी शामिल हैं। इससे धरती के ऊपर एक प्रकार से एक प्राकृतिक आवरण बना लेती हैं। यह आवरण लौटती किरणों के एक हिस्से को रोक लेता है और इस प्रकार धरती के वातावरण को गर्म बनाए रखता है। गौरतलब है कि मनुष्यों, प्राणियों और पौधों के जीवित रहने के लिए कम से कम 16 डिग्री सेल्सियस तापमान आवश्यक होता है। वैज्ञानिकों का मानना है कि ग्रीनहाउस गैसों में बढ़ोतरी होने पर यह आवरण और भी सघन होता जाता है। ऐसे में यह आवरण सूर्य की अधिक किरणों को रोकने लगता है और फिर यहीं से ग्लोबल वार्मिंग के दुष्प्रभाव शुरू हो जाता है। ग्लोबल वार्मिंग के लिए सबसे ज्यादा जिम्मेदार तो मनुष्य और उसकी गतिविधियां ही हैं। मनुष्य जनित मानव निर्मित इन गतिविधियों से कार्बन डाइऑक्साइड, मिथेन, नाइट्रोजन ऑक्साइड इत्यादि ग्रीनहाउस गैसों की मात्रा में बढ़ोतरी हो रही है जिससे इन गैसों का आवरण सघन होता जा रहा है। यही आवरण सूर्य की परावर्तित किरणों को रोक रहा है, जिससे धरती के तापमान में वृद्धि हो रही है। वाहनों, हवाई जहाजों, बिजली बनाने वाले संयंत्रों उद्योगों इत्यादि से अंधाधुंध होने वाले गैसीय उत्सर्जन की वजह से कार्बन डायआक्साइड में बढ़ोतरी हो रही है। जंगलों का बड़ी संख्या में हो रहा विनाश इसकी दूसरी वजह है। जंगल कार्बन डाईऑक्साइड की मात्रा को प्राकृतिक रूप से नियंत्रित करते हैं, लेकिन जंगलों की बेतहाशा कटाई से यह प्राकृतिक नियंत्रक भी हमारे हाथ से छूटता जा रहा है। इसकी एक अन्य वजह सीएफसी है जो रेफ्रीजरेटर्स, अग्निशामक दमकल यंत्रों इत्यादि में इस्तेमाल की जाती है। यह धरती के ऊपर बने एक प्राकृतिक आवरण ओजोन परत को नष्ट करने का काम करती है। ओजोन परत सूर्य से निकलने वाली घातक पराबैंगनी किरणों को धरती पर आने से रोकती है। वैज्ञानिकों का कहना है कि इस ओजोन परत में एक बड़ा छिद्र हो चुका है जिससे पराबैंगनी किरणें सीधे धरती पर पहुंच रही हैं और इस तरह से उसे लगातार गर्म बना रही हैं। आशंका यही जताई जा रही है कि आने वाले समय में ग्लोबल वार्मिंग में और बढ़ोतरी ही होगी। ग्लोबल वार्मिंग को लेकर कई दशकों से वैज्ञानिक चिंता जाहिर कर रहे थे, लेकिन सरकार और आम जनता दोनों ने इस पर ध्यान नहीं दिया। इस साल मार्च से ही भीषण गर्मी शुरू हो गई थी। अब तो भारत के ही कई शहरों में पारा 50 डिग्री के आसपास है। माना जा रहा है कि गर्मी बढ़ने के साथ ही पशु-पक्षी और वनस्पतियां धीरे-धीरे उत्तरी और पहाड़ी इलाकों की ओर प्रस्थान करेंगे, लेकिन इस प्रक्रिया में कुछ अपना अस्तित्व ही खो देंगे। इस बीच एक और चिंताजनक खबर सामने आई है। इसमें कोई शक नहीं है कि गर्मी बढ़ने से ठंड भगाने के लिए इस्तेमाल में लाई जाने वाली ऊर्जा की खपत में कमी होगी, लेकिन इसकी पूर्ति एयर कंडिशनिंग में हो जाएगी। घरों को ठंडा करने के लिए भारी मात्रा में बिजली का इस्तेमाल करना होगा। बिजली का उपयोग बढ़ेगा तो उससे भी ग्लोबल वार्मिंग में इजाफा ही होगा। ग्लोबल वार्मिंग की समस्या से निपटा जा सकता है। बशर्ते इसके लिए हमें कई प्रयास करने होंगे। इसके तहत हानिकारक गैसों के उत्सर्जन को कम करना होगा। सोलर सिस्टम भी वातावरण को उष्मा दे रहे हैं। अनुसंधान बता रहे हैं कि जिन शहरों में सोलर सिस्टम अधिक हैं, वहां का तापमान तुलनात्मक एक से दो सेल्सियस बढ़ जाता है। यह जिम्मेदारी केवल सरकार की नहीं है। हम सभी भी पेट्रोल, डीजल और बिजली का उपयोग कम करके हानिकारक गैसों को कम कर सकते हैं। जंगलों की कटाई को रोकना होगा। हम सभी अधिक से अधिक पेड़ लगाएं। इससे भी ग्लोबल वार्मिंग के असर को किया जा सकता है। तकनीक का विकास कर हमें ऐसे रेफ्रीजरेटर्स बनाने होंगे जो सीएफसी का उपयोग न करें। अब भी नहीं जागे तो बहुत देर हो जाएगी।

( लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# इंडो-भूमध्य रणनीतिक साझेदारी





**इटली और भारत**
नरेंद्र मोदी, जॉर्जिया मेलोनी

भारत और इटली के संबंध अब एक निर्णायक दौर में पहुंच चुके हैं। हाल के वर्षों में दोनों देशों के रिश्तों में अभूतपूर्व तेजी से विस्तार हुआ है। यह संबंध केवल सौहार्दपूर्ण मित्रता तक सीमित नहीं रहे, बल्कि अब स्वतंत्रता और लोकतंत्र के मूल्यों तथा भविष्य के साझा दृष्टिकोण पर आधारित एक विशेष रणनीतिक साझेदारी में बदल चुके हैं। ऐसे समय में, जब पूरी दुनिया की व्यवस्था बड़े बदलाव के दौर से गुजर रही है, इटली और भारत की साझेदारी उच्च राजनीतिक और संस्थागत स्तर पर लगातार संवाद से आगे बढ़ रही है। यह संबंध अब एक नए और अधिक व्यापक स्तर पर पहुंच रहा है, जिसमें दोनों देशों की आर्थिक ताकत, सामाजिक रचनात्मकता और हजारों वर्षों पुरानी सभ्यतागत विरासत शामिल है।

भारत और इटली के संबंध अब एक निर्णायक दौर में पहुंच चुके हैं। हाल के वर्षों में दोनों देशों के रिश्तों में अभूतपूर्व तेजी से विस्तार हुआ है। यह संबंध केवल सौहार्दपूर्ण मित्रता तक सीमित नहीं रहे, बल्कि अब स्वतंत्रता और लोकतंत्र के मूल्यों तथा भविष्य के साझा दृष्टिकोण पर आधारित एक विशेष रणनीतिक साझेदारी में बदल चुके हैं। ऐसे समय में, जब पूरी दुनिया की व्यवस्था बड़े बदलाव के दौर से गुजर रही है, इटली और भारत की साझेदारी उच्च राजनीतिक और संस्थागत स्तर पर लगातार संवाद से आगे बढ़ रही है। यह संबंध अब एक नए और अधिक व्यापक स्तर पर पहुंच रहा है, जिसमें दोनों देशों की आर्थिक ताकत, सामाजिक रचनात्मकता और हजारों वर्षों पुरानी सभ्यतागत विरासत शामिल है। हमारा सहयोग इस साझा समझ को दर्शाता है कि 21वीं सदी में समृद्धि और सुरक्षा इस बात पर निर्भर करेगी कि देश कितनी क्षमता से नवाचार करें, ऊर्जा परिवर्तन का प्रबंधन करें और अपनी रणनीतिक आत्मनिर्भरता को मजबूत करें।

इसी उद्देश्य से हमने अपने द्विपक्षीय संबंधों को और गहरा तथा विविध बनाने का संकल्प लिया है, ताकि नए लक्ष्यों को हासिल किया जा सके और दोनों देशों की पूरक शक्तियों का बेहतर उपयोग हो सके। हम इटली की डिजाइन क्षमता, बेहतरीन विनिर्माण कौशल और विश्वस्तरीय सुपरकंप्यूटर तकनीक, जो उसे एक औद्योगिक महाशक्ति बनाती है, को भारत की तेज़ आर्थिक वृद्धि, इंजीनियरिंग प्रतिभा, बड़े पैमाने की क्षमता, नवाचार और 100 से अधिक यूनिकॉर्न तथा 2 लाख स्टार्ट-अप वाले उद्यमी इकोसिस्टम के साथ जोड़कर एक शक्तिशाली तालमेल बनाना चाहते हैं। यह केवल दो व्यवस्थाओं का साधारण मेल नहीं है, बल्कि ऐसा साझा मूल्य निर्माण है जिसमें दोनों देशों की औद्योगिक ताकतें एक-दूसरे को और अधिक मजबूत बनाती हैं। यूरोपीय संघ और भारत के बीच मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) दोनों दिशाओं में व्यापार और निवेश बढ़ाने का रास्ता खोलता है। हमारा लक्ष्य 2029 तक भारत और इटली के बीच व्यापार को 20 अरब यूरो से आगे ले जाना है। इसमें रक्षा एवं एयरोस्पेस, स्वच्छ प्रौद्योगिकी, मशीनरी, ऑटोमोबाइल पुर्जे, रसायन, दवाइयां, वस्त्र, कृषि-खाद्य क्षेत्र और पर्यटन समेत कई क्षेत्रों पर विशेष ध्यान रहेगा। "मेड इन इटली" हमेशा से दुनिया भर में उत्कृष्टता का प्रतीक रहा है, और आज इसका स्वाभाविक तालमेल "मेक इन इंडिया' पहल के उच्च गुणवत्ता वाले लक्ष्यों के साथ दिखाई देता है। इसी संदर्भ में, भारत के लिए उत्पादन में इतालवी कंपनियों की बढ़ती रुचि और इटली में भारतीय उद्योगों की बढ़ती मौजूदगी-जो अब दोनों पक्षों से मिलाकर 1000 से अधिक हो चुकी है, एक सकारात्मक संकेत है। यह हमारी सप्लाई चेन के एकीकरण को और मजबूत करेगी। तकनीकी नवाचार हमारी साझेदारी का सबसे महत्वपूर्ण आधार है। आने वाले दशकों में दुनिया एक बड़े तकनीकी बदलाव के दौर से गुजरेगी, जिसमें कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) क्वांटम कंप्यूटिंग, उन्नत विनिर्माण, महत्वपूर्ण खनिज और डिजिटल बुनियादी ढांचे जैसे क्षेत्रों में तेज प्रगति होगी। भारत का तेज़ी से बढ़ता नवाचार तंत्र और कुशल पेशेवरों की बड़ी संख्या, तथा इटली की उन्नत औद्योगिक क्षमता, इन क्षेत्रों में दोनों देशों के सहयोग को



स्वाभाविक और रणनीतिक बनाती है। दोनों देशों के विश्वविद्यालयों और शोध संस्थानों के बीच बढ़ती साझेदारी भी इसे मजबूती देगी। भारत का डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर (डीपीआई) पहले से ही दुनिया के कई देशों, खासकर ग्लोबल साउथ के देशों, के लिए आकर्षण का केंद्र बन रहा है। विशेष रूप से कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) आज हमारे समाज और वैश्विक अर्थव्यवस्था पर गहरा प्रभाव डाल रही है। इटली और भारत लंबे समय से इस दिशा में सहयोग कर रहे हैं, ताकि एआई का विकास जिम्मेदार और मानव-केंद्रित हो। भारत और इटली एआई को समावेशी विकास का एक शक्तिशाली माध्यम भी मानते हैं, खासकर ग्लोबल साउथ के देशों के लिए। डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर और आसान, बहुभाषी तकनीकों के जरिए एआई सामाजिक और डिजिटल खाइयों को कम कर सकता है, न कि उन्हें और बढ़ा सकता भारत के मानव विज़न-यानी तकनीक के केंद्र में मानव को रखने की सोच और इटली की मानव-केंद्रित "एल्गोर-एथिक्स" की अवधारणा, जो उसकी मानवतावादी परंपरा पर आधारित है, पर आगे बढ़ते हुए हमारी साझेदारी का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता सामाजिक सशक्तिकरण का माध्यम बने। हमारा दृष्टिकोण भारत की विशाल डिजिटल क्षमता को इटली की नैतिक और औद्योगिक विशेषज्ञता के साथ जोड़ता है, ताकि तकनीक मानव गरिमा की सेवा कर सके। सुरक्षित डिजिटल सहयोग, क्षमता निर्माण और मजबूत साइबर ढांचे से जुड़ी श्रेष्ठ कार्यप्रणालियों को साझा करके, हम एक ऐसा खुला, भरोसेमंद और समान डिजिटल वातावरण बनाना चाहते हैं, जिसमें हर देश एआई का उपयोग कर सके और उससे लाभ उठा सके। यही सोच इटली की जी7 अध्यक्षता और 2026 में नई दिल्ली में आयोजित एआई इम्पैक्ट समिट के निष्कर्षों का मुख्य आधार है। एआई को इंसानों की ओर से इंसानों के लिए बनाई गई तकनीक मानने का अर्थ है यह स्पष्ट करना कि तकनीक न तो मनुष्य की जगह ले सकती है और न ही उसके मूल अधिकारों को कमजोर कर सकती है। इसका उपयोग जनमत को प्रभावित करने या लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं में हस्तक्षेप करने के लिए भी नहीं होना चाहिए। आज की तेजी से जुड़ी हुई दुनिया में स्वतंत्रता और मानव गरिमा की रक्षा का हमारा दृष्टिकोण इसी चुनौती पर आधारित है। हमारा सहयोग अंतरिक्ष क्षेत्र तक भी फैला हुआ है। अंतरिक्ष अनुसंधान और सैटेलाइट तकनीक में भारत की उल्लेखनीय प्रगति तथा इटली की एयरोस्पेस इंजीनियरिंग में उत्कृष्टता, संयुक्त परियोजनाओं और नई पीढ़ी की तकनीकों के विकास के लिए बड़े अवसर प्रदान करती है। राष्ट्रों की समृद्धि सुनिश्चित करने के लिए सुरक्षा और स्थिरता बेहद आवश्यक हैं। हम अपनी साझा चुनौतियों का समाधान दोनों देशों के गहरे संबंधों और लंबे सांस्कृतिक जुड़ाव के आधार पर कर सकते हैं। भारतीय संस्कृति में 'धर्म' का विचार उस जिम्मेदारी की भावना को दर्शाता है, जो हमारे कार्यों का मार्गदर्शन करना चाहिए।

वहीं 'वसुधैव कुटुंबकम' अर्थात "पूरी दुनिया एक परिवार है" का सिद्धांत आज के आपस में जुड़े डिजिटल युग में और भी अधिक प्रासंगिक लगता है। ये मूल्य इटली की मानवतावादी परंपरा से भी मेल खाते हैं, जिसकी जड़ें पुनर्जागरण काल में हैं। यह परंपरा हर व्यक्ति की गरिमा और संस्कृति की उस शक्ति पर जोर देती है, जो समाजों और लोगों को एकजुट कर सकती है। इसलिए हमारी साझा दृष्टि का उद्देश्य लोगों को केंद्र में रखते हुए भारत-इटली साझेदारी को मजबूत, आधुनिक और भविष्य उन्मुख आधार प्रदान करना है।

( लेखक नरेंद्र मोदी भारत के प्रधानमंत्री हैं और जॉर्जिया मेलोनी इटली गणराज्य मंत्रिपरिषद की अध्यक्ष हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।


## असंयम लक्ष्य विमुख कर देता हैं



संकलित
**दर्शन**

भगवान श्रीराम हर पल आत्मस्थिति में रहे। वे तनिक भी असंयमित नहीं हुए। असंयम लक्ष्य विमुख कर देता है। जब हम किसी से प्रतिस्पर्धा का भाव रखते हैं, तब उस व्यक्ति के गुण और उसके कार्यों को हम किसी और ढंग से देखते हैं। उसी व्यक्ति से जब हमारा राग होता है, तो हम उसके हर कार्य में श्रेष्ठता ही देखते हैं। द्वेष होने पर हम न्यूनता और दोषों को ही खोजते हैं। आसक्ति होने पर उसके प्रति हम अपना सर्वस्व न्योछावर करने में भी तनिक संकोच नहीं करते हैं। हमारी यह इंद्रधनुषीय दृष्टि और वृत्ति जब किसी पद और अधिकार प्राप्त व्यक्ति के साथ जुड़ जाती हैं, तब वह व्यक्ति विकार को और भी विकृत कर उसे व्यापक बना देता है, तब उस मनःस्थिति में निर्णय देने, सामाजिक व्यवहार करने में वह अपने अधिकारों का दुरुपयोग करता हुआ स्वयं और समाज को गर्त में डाल देता है। श्रीरामचरितमानस में गुरु वशिष्ठ ने श्रीभरत के अंदर तब इस त्रिपुटी की प्रधानता स्वीकारी, जब श्रीभरत भगवान की पादुकाओं को अपने सिर पर लेकर आए और गुरुदेव वशिष्ठ से पूछा कि यदि आपका मंगलाशासन हो तो मैं पादुका रूप प्रभु को नंदीग्राम जाकर सिंहासनासीन कर वहीं से राज्य का कार्य संभाल लूंगा? तब गुरुदेव ने मानो भरत से यही कहा कि समुझव (समझ) के रूप में तुम्हारे अंदर विधायिका के गुण हैं, कहब (कथन) के रूप में न्यायपालिका के गुण हैं और करब (करनी) के रूप में कार्यपालिका के गुण हैं। भरत ऐसे भक्त हैं, जिन्होंने अपनी समझ, कथन, और करनी का योग भगवान के चरणों में अर्पित कर दिया।


## समस्याएं तो आती-जाती रहेंगी, रुकना नहीं चाहिए



संकलित
**प्रेरणा**

एक व्यक्ति बहुत दुखी था। उसके पिता की मृत्यु हो चुकी थी, पूरे घर की जिम्मेदारी उस पर आ गई थी। बहुत मेहनत करने के बाद भी उसकी समस्याएं खत्म नहीं हो रही थीं। वह निराश रहने लगा था। एक दिन उस व्यक्ति को एक विद्वान संत मिले। व्यक्ति ने संत से कहा कि मैं बहुत परेशान हो गया हूं। मुझे अपना शिष्य बना लीजिए।संत ने कहा कि ठीक है, तुम शिष्य बन जाना, लेकिन पहले अपनी परेशानी बताओ। शिष्य ने कहा कि गुरु जी मेरे जीवन में एक समस्या खत्म नहीं होती है और उससे पहले ही दूसरी सामने आ जाती है। इस कारण मैं बहुत दुखी हूं। किसी भी काम में सफलता नहीं मिल पाती है, घर की भी समस्याएं बनी रहती हैं। गुरु ने कहा कि तुम मेरे साथ चलो। वह व्यक्ति संत के साथ चल दिया। कुछ देर में संत और शिष्य पास की नदी के किनारे पहुंच गए। किनारे पर पहुंचकर गुरु ने कहा कि हमें ये नदी पार करनी है। इतना कहकर संत किनारे पर ही खड़े हो गए। शिष्य भी गुरु के साथ खड़ा रहा। कुछ देर बाद शिष्य ने कहा कि हमें नदी पार करनी है तो हम यहां क्यों खड़े हैं? गुरु ने कहा कि हम इस नदी के सूखने का इंतजार कर रहे हैं, जब ये सूख जाएगी, हम इसे आसानी से पार कर लेंगे। ये बात सुनकर शिष्य बहुत हैरान हो गया। वह बोला कि गुरु जी ये कैसी बात कर रहे हैं? नदी का पानी कैसे और कब सूखेगा। हमें नदी को इसी समय पार करनी होगी। संत ने कहा कि मैं तुम्हें यही बात समझाना चाहता हूं। जीवन में भी समस्याएं आती-जाती रहेंगी। हमें सकारात्मक रहना चाहिए।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### मजबूत पंचायत, विकसित गांव

भारत को गांवों का देश कहा जाता है। आज भी देश की एक बड़ी आबादी गांवों में निवास करती है और गांवों का विकास ही देश के समग्र विकास की पहचान माना जाता है। जब गांव मजबूत होंगे, तभी भारत आत्मनिर्भर और सशक्त बनेगा। गांवों के विकास की सबसे महत्वपूर्ण कड़ी पंचायती राज व्यवस्था है। पंचायत केवल एक प्रशासनिक संस्था नहीं, बल्कि लोकतंत्र की वह मजबूत नींव है, जिसके सहारे गांव की समस्याओं का समाधान, विकास योजनाओं का संचालन और जनता की आवाज़ को शासन तक पहुंचाने का कार्य किया जाता है। इसलिए कहा जाता है कि 'मजबूत पंचायत, विकसित गांव-हर वोट है देश की शान।' यह केवल एक नारा नहीं, बल्कि लोकतंत्र की आत्मा है। इसलिए मतदान बहुत जरूरी है।

*- गौरव वर्मा, बिलासपुर*

## ट्रेंड

### दिवंगत आत्मा को नमन



उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री और वरिष्ठ भाजपा नेता भुवन चंद्र खंडूरी का निधन उत्तराखंड और भाजपा परिवार के लिए अपूरणीय क्षति है। हम ईश्वर से प्रार्थना करते हैं कि वे दिवंगत आत्मा को अपने पवित्र चरणों में स्थान दें।

**-अमित शाह,** केंद्रीय गृहमंत्री

### भयंकर आर्थिक तूफान



हमारे सिर पर एक भयंकर आर्थिक तूफान मंडरा रहा है। 12 वर्षों में, मोदी जी ने जो ढांचा खड़ा किया, वह केवल अडानी और अंबानी के लिए था। और अब, वही ढांचा ढहने वाला है। इसका असर युवाओं, गरीबों, मध्यम वर्ग, किसानों, मजदूरों, छोटे व्यापारियों पर ही पड़ेगा।

**-राहुल गांधी,** सांसद, कांग्रेस

### सहयोग शिविर



प्रत्येक माह के पहले और तीसरे मंगलवार को सभी पंचायतों में 'सहयोग शिविर' आयोजित किए जाएंगे, जहां लोग अपनी समस्याओं का त्वरित समाधान पा सकेंगे। जनसेवा, समस्याओं का समाधान और सुशासन के प्रति प्रतिबद्धता प्राथमिकताएं हैं।

**- सम्राट चौधरी,** सीएम, बिहार

### गंभीरता से जांच हो



उत्तर प्रदेश की बेटी और मध्य प्रदेश के भोपाल में दहेज हत्या का मामला, इस घटना की गंभीरता से जांच होनी चाहिए और पीड़ित पक्ष को न्याय मिलना चाहिए। जब दोनों राज्यों में भाजपा की सरकारें हैं, तो कार्रवाई न करने का क्या कारण है?

**- अखिलेश यादव,** सांसद, सपा

## करंट अफेयर

# चिनफिंग ने 'थ्यूसाइडिडेस ट्रैप' से ट्रंप को किया आगाह



चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग ने 15 मई को डोनाल्ड ट्रंप के साथ हुई शिखर वार्ता के दौरान ईसा-पूर्व पांचवीं शताब्दी के यूनानी इतिहासकार थ्यूसाइडिडेस का उल्लेख करते हुए अमेरिकी राष्ट्रपति को परोक्ष रूप से चेतावनी दी। शी ने अपने शुरुआती संबोधन में कहा, "दुनिया एक नए मोड़ पर आ खड़ी हुई है। क्या चीन और अमेरिका तथाकथित 'थ्यूसाइडिडेस ट्रैप' से ऊपर उठकर महाशक्तियों के संबंधों का नया प्रतिमान विकसित कर सकते हैं?" इस वर्ष अंतरराष्ट्रीय राजनीति और कूटनीति में थ्यूसाइडिडेस का उल्लेख खूब हुआ है। जनवरी में कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने 'मेलियन डायलॉग' की प्रसिद्ध पंक्ति -शक्तिशाली वही करते हैं जो कर सकते हैं और कमजोर वही सहते हैं जो उन्हें सहना पड़ता है- का हवाला देते हुए नियम-आधारित वैश्विक व्यवस्था के कमजोर पड़ने की चेतावनी दी थी। अन्य टिप्पणीकारों ने वेनेजुएला और ईरान में अमेरिकी सैन्य कार्रवाइयों का वर्णन करने के लिए भी इस उद्धरण का इस्तेमाल किया, कुछ ने समर्थन में और कुछ ने आलोचना के तौर पर। हालांकि, शी ने थ्यूसाइडिडेस के उस विश्लेषण की ओर ध्यान दिलाया, जिसमें उन्होंने एथेंस और स्पार्टा के बीच हुए पेलोपोनेसियन युद्ध का सबसे वास्तविक कारण बताया था।

## ऑफ बीट

# आम पकने के पहले ही क्यों गिर जाते हैं ?

ऑस्ट्रेलिया में हर मौसम में आम उत्पादकों को उस समय भारी नुकसान होता है, जब पेड़ों से बड़ी संख्या में फल पकने से पहले ही गिर जाते हैं। शोध में वैज्ञानिकों ने पाया है कि तनाव के दौरान पेड़ों में हार्मोनल असंतुलन और कार्बोहाइड्रेट की कमी पैदा हो जाती है। फल के विकास के लिए आवश्यक शर्करा की आपूर्ति बाधित होने पर पेड़ अपने अस्तित्व को प्राथमिकता देता है और फल गिर जाता है। शोधकर्ताओं ने इसे एक आणविक "क्विट सिग्नल" बताया है, जो पेड़ को फल का साथ छोड़ने का संदेश देता है। यह संकेत जीन गतिविधि और हार्मोनल संकेतों के जटिल नेटवर्क से जुड़ा है। इस प्रक्रिया को समझने के लिए वैज्ञानिक आम के डंठल (पेडिसल) के ऊतकों में जीन गतिविधियों का अध्ययन कर रहे हैं, जहां पेड़ और फल के बीच पोषक तत्वों और संकेतों का आदान-प्रदान होता है। फल झड़ने की समस्या के लिए शोध में पौध वृद्धि नियामकों (प्लांट ग्रोथ रेगुलेटर्स) के उपयोग को एक प्रभावी उपाय बताया गया है। ये हार्मोन के कृत्रिम रूप होते हैं, जो तनाव की स्थिति में पेड़ों में संतुलन बनाए रखने में मदद करते हैं। परीक्षणों में पाया गया कि फूल आने के शुरुआती चरण में इनका प्रयोग अधिक प्रभावी रहा, जिससे पैदावार में 17 प्रतिशत तक की वृद्धि दर्ज की गई।



## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

## अधिकारियों को सख्त सुरक्षा प्रोटोकॉल के साथ दिए परीक्षा के फुलप्रूफ आयोजन के निर्देश

# नीट परीक्षा के फिर से आयोजन को लेकर प्रधान ने की समीक्षा बैठक, परखी तैयारियां

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



अगले महीने 21 जून को फिर से होने वाली राष्ट्रीय पात्रता सह-प्रवेश परीक्षा-2026 यानी नीट-यूजी को लेकर मंगलवार को केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने एक उच्च-स्तरीय समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की है। जिसमें उन्होंने परीक्षा से जुड़े हुए सभी बिंदुओं की व्यापक आधार पर समीक्षा करने के साथ-साथ अधिकारियों को बेहद कड़े सुरक्षा प्रोटोकॉल के साथ फुलप्रूफ तरीके से परीक्षा का आयोजन करने का निर्देश दिया है। मालूम हो कि इस वर्ष 3 मई को यह परीक्षा हुई थी। लेकिन उसके तुरंत बाद आई पेपर लीक की शिकायतों के आधार पर मंत्रालय के आदेश पर राष्ट्रीय टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) ने 12 मई को परीक्षा को रद्द कर मामले की जांच केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) को सौंप दी है। बैठक को लेकर जानकारी शिक्षा मंत्रालय द्वारा दी गई है। वहीं, इन सबके बीच हाल ही में केंद्रीय शिक्षा मंत्री ने अगले साल 2027 से नीट परीक्षा का ऑनलाइन मोड (सीबीटी) में आयोजन करने का भी ऐलान किया है।



### तेज हुई प्रधान के इस्तीफे की मांग

पेपर लीक का मामला सामने आने के बाद देश में जारी विवाद अभी तक पूरी तरह से समाप्त नहीं हुआ है। आम जनमानस सहित राजनीतिक हलकों में शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की मांग भी उठी है। कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने राज्यसभा के सभापति को धर्मेंद्र प्रधान के खिलाफ विशेषाधिकार हनन का एक नोटिस भी सौंपा है। जिसका संबंध हाल ही में नीट पेपर लीक के बाद आयोजित की गई प्रेस कॉन्फ्रेंस में संसद की समिति को लेकर उनके द्वारा की गई अपमानजनक टिप्पणी से है।

### पूरी पारदर्शिता के साथ हो परीक्षा

बैठक में केंद्रीय शिक्षा मंत्री ने परीक्षा से जुड़ी हुई तमाम जरूरी तैयारियों को विस्तृत आधार पर जांचा-परखा और फिर अधिकारियों को आगामी वक्त में फिर से होने वाली परीक्षा का आयोजन पूरी जवाबदेही और पारदर्शिता के साथ कराने के लिए कहा है। उन्होंने ये भी स्पष्ट किया कि मामले में जो भी कमियां रह गई थी। उनकी पहचान कर व्यापक रूप से सभी का निराकरण किया जाना चाहिए। प्रधान के मुताबिक, नीट की यह परीक्षा पूर्णतः सुरक्षित, सुचारू और सख्त सुरक्षा प्रोटोकॉल के साथ होनी चाहिए। उन्होंने सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में इस बाबत समन्वय के लिए जिलाधीशों और पुलिस अधीक्षकों के साथ जरूरी बैठकों का आयोजन करने के लिए भी अधिकारियों को निर्देशित किया है। जिनके जरिए परीक्षा से जुड़ी व्यवस्थाओं की कड़ी निगरानी और प्रभावी क्रियान्वयन किया जा सकेगा।

### सुरक्षा से कोई समझौता नहीं

उन्होंने परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा को चाक-चौबंद बनाए रखने पर जोर देते हुए कहा कि इस मामले में हम किसी प्रकार का कोई समझौता नहीं कर सकते हैं। छात्रों के लिए पर्याप्त व्यवस्थाएं होनी चाहिए। जिसमें केंद्रों पर यातायात, पीने के पानी की सुविधा से लेकर अन्य जरूरी सुविधाएं शामिल हैं।

## खबर संक्षेप

### पूर्व मुख्यमंत्री भुवन चंद्र खंडूड़ी का निधन

**देहरादून।** उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री भुवन चंद्र खंडूड़ी का मंगलवार को निधन हो गया है। वे लंबे समय से बीमार चल रहे थे। सीएम पुष्कर सिंह धामी ने भी मेजर जनरल खंडूड़ी (सेवानिवृत्त) के निधन पर गहरा दुःख व्यक्त किया है। खंडूड़ी ने भारतीय सेना में रहते हुए राष्ट्र सेवा, अनुशासन एवं समर्पण का अद्वितीय उदाहरण



### पंजाबी गायिका इंदर कौर की हत्या

**लुधियाना।** पंजाब की म्यूजिक इंडस्ट्री को दहला देने वाली एक बेहद खौफनाक वारदात सामने आई है। 6 दिनों से लापता मशहूर पंजाबी गायिका यशइंदर कौर उर्फ इंदर कौर की निर्मम हत्या कर दी गई है। पुलिस ने मृतका का शव नीलो नहर से बरामद किया है। इसके पीछे एकतरफा प्यार और सनक की कहानी सामने आई है।



### सस्ते सोने का लालच देकर जौहरी से लूटे तीन लाख

**मुंबई।** महाराष्ट्र के बीड जिले में धोखेबाजों के एक गिरोह ने एक जौहरी को सोने का बिस्कुट बेचने का लालच देकर फंसाया। उस पर कथित रुप से हमला कर तीन लाख रुपए लूट लिए। मौके से भागते समय उनकी मोटरसाइकिल एक कार से टकरा गई, जिसके बाद दो संदिग्धों को गिरफ्तार कर लिया गया। मामले में तीन-चार फरार आरोपियों की तलाश जारी है।



### रेप करने के आरोप में बीटेक का छात्र गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** हैदराबाद में एक बीटेक के छात्र को अपनी क्लासमेट को जबरदस्ती शराब पिलाकर उसका कथित तौर पर रेप करने के आरोप में गिरफ्तार किया है। घटना 14 मई की रात को हुई थी। इब्राहिम पटनम पुलिस स्टेशन में महिला की शिकायत के आधार पर 15 मई को मामला दर्ज किया।



## शक्ति सिंह गोहिल का मोदी सरकार पर बड़ा हमला

# 20 टीसीएफ गैस कहां गई? ओएनजीसी और जीएसपीसी में घोटाले के आरोप मढ़े

कांग्रेस सांसद ने एआईसीसी मुख्यालय में की प्रेसवार्ता और बोले

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

कांग्रेस सांसद शक्तिसिंह गोहिल ने मंगलवार को एआईसीसी मुख्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में केंद्र सरकार और प्रधानमंत्री पर तीखा हमला बोला। उन्होंने ओएनजीसी और जीएसपीसी से जुड़े मामलों को उठाते हुए आरोप लगाया कि गलत नीतियों और कथित भ्रष्टाचार के कारण देश को पेट्रोल, डीजल और गैस उत्पादन में भारी नुकसान उठाना पड़ा है। गोहिल ने दावा किया कि गुजरात के सौराष्ट्र क्षेत्र के ट्रांसपोर्ट कारोबारियों और पेट्रोल पंप संचालकों ने उन्हें बताया कि डीजल बिक्री पर कंपनियों की ओर से "अनौपचारिक दबाव" बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि ट्रक चालकों को सीमित मात्रा में डीजल दिया जा रहा है और किसानों को भी बैरल में डीजल देने में दिक्कतें पैदा की जा रही हैं।

### सोमनाथ मंदिर और मोदी के एयर शो पर सवाल

कांग्रेस नेता ने प्रधानमंत्री मोदी की गुजरात यात्रा पर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि सोमनाथ मंदिर के ऊपर एयर शो कराना हिंदू धार्मिक मान्यताओं के खिलाफ है। गोहिल ने आरोप लगाया कि एक ओर प्रधानमंत्री जनता को कार पूलिंग और बस-मैट्रो इस्तेमाल करने की सलाह देते हैं, वहीं दूसरी ओर बड़ी रैलियों और सरकारी संसाधनों के इस्तेमाल से भारी ईंधन खर्च किया जाता है।

### नेहरू और ओएनजीसी का जिक्र

शक्ति सिंह गोहिल ने कहा कि देश में तेल और गैस उत्पादन की नींव पंडित ने रखी थी। उन्होंने बताया कि 1956 में ओएनजीसी की स्थापना देश को ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से की गई थी और आज भी घरेलू तेल-गैस उत्पादन का बड़ा हिस्सा ओएनजीसी से आता है। उन्होंने आरोप लगाया कि मोदी सरकार के दौरान मुंबई हाई, नीलम और हीरा जैसे प्रमुख ऑयल फील्ड्स में आवश्यक "वॉटर इंजेक्शन" और "पिगिंग" जैसी तकनीकी प्रक्रियाओं में भारी कमी की गई, जिससे उत्पादन प्रभावित हुआ।

### देश को करोड़ों का नुकसान

गोहिल ने दावा किया कि इन तकनीकी प्रक्रियाओं में कमी के कारण देश को लाखों मीट्रिक टन तेल और गैस उत्पादन का नुकसान हुआ। उन्होंने आरोप लगाया कि आवश्यक केमिकल ट्रीटमेंट और उपकरणों की समय पर सर्विसिंग नहीं होने से ऑयल फील्ड्स की क्षमता प्रभावित हुई। कांग्रेस सांसद ने कहा कि 2014 के बाद मुंबई हाई में वॉटर इंजेक्शन 53 प्रतिशत, नीलम में 42 प्रतिशत और हीरा फील्ड में 78 प्रतिशत तक कम हुआ।

### '20 टीसीएफ गैस' दावे पर घेरा

गोहिल ने प्रधानमंत्री मोदी के वर्ष 2005 के उस बयान का जिक्र किया, जिसमें गुजरात में 20 टीसीएफ गैस मिलने का दावा किया गया था। उन्होंने कहा कि बाद में डीजी हाइड्रोकार्बन से आरटीआई के जरिए मिली जानकारी में दावा गलत साबित हुआ। उन्होंने सवाल किया कि यदि वास्तव में इतनी बड़ी मात्रा में गैस मिली थी, तो आज भारत को भारी मात्रा में गैस आयात क्यों करनी पड़ रही है।

### जीएसपीसी में 27 हजार करोड़ के नुकसान का आरोप

कांग्रेस नेता ने गुजरात स्टेट पेट्रोलियम कॉरपोरेशन (जीएसपीसी) को लेकर भी गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि कंपनी ने देश और विदेश में ब्लॉक खरीदने में हजारों करोड़ रुपए लगाए, लेकिन कोई लाभ नहीं हुआ। गोहिल ने आरोप लगाया कि जीएसपीसी पर भारी कर्ज चढ़ा और बाद में इसका बोझ ओएनजीसी पर डाल दिया गया।

### योगी आदित्यनाथ के बयान पर भी प्रतिक्रिया

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री के सड़क पर नमाज को लेकर दिए बयान पर गोहिल ने कहा कि जब-जब भाजपा जनता के मुद्दों पर असफल होती है, तब हिंदू-मुस्लिम जैसे मुद्दे उछाले जाते हैं ताकि टीवी बहसों का फोकस देश की असली समस्याओं से हट जाए।

### डीजल-पेट्रोल की कीमतों पर केंद्र पर हमला

ईंधन कीमतों के सवाल पर उन्होंने कहा कि यदि घरेलू उत्पादन बेहतर तरीके से संभाला जाता, तो आयात पर निर्भरता कम होती और कीमतों में राहत मिलती। उन्होंने केंद्र सरकार की विदेश नीति को भी 'फ्लिप-फ्लॉप' करार दिया।

### सुरजेवाला और असम पुलिस मामले पर प्रतिक्रिया

कांग्रेस महासचिव को असम पुलिस द्वारा समन भेजे जाने पर गोहिल ने कहा कि सच बोलने वालों को डराने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा विरोधी नेताओं के खिलाफ एजेंसियों का दुरुयोग किया जा रहा है।

## सरकार और प्रधानमंत्री पर बोला हमला

# कांग्रेस अध्यक्ष खरगे ने दोबारा पेट्रोल और डीजल की कीमतों को लेकर उठाए सवाल

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

कांग्रेस अध्यक्ष ने पेट्रोल-डीजल की बढ़ती कीमतों को लेकर केंद्र सरकार और प्रधानमंत्री पर तीखा हमला बोला है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर किए गए अपने पोस्ट में खड़गे ने आरोप लगाया कि मोदी सरकार आम जनता पर महंगाई का बोझ डाल रही है, जबकि बड़े उद्योगपतियों को राहत दी जा रही है। खरगे ने लिखा कि 'दाम बढ़े चार ही दिन हुए कि मोदी सरकार ने पेट्रोल-डीजल के दाम फिर बढ़ा दिए।' उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार पहले जनता को बचत और संयम का उपदेश देती है और फिर अपनी नीतिगत विफलताओं का बोझ आम लोगों पर डाल देती है। कांग्रेस अध्यक्ष ने तंज कसते हुए कहा कि 'आम जनता की लूट और अडानी को अमेरिका से छूट, यही मोदी जी का कंप्रोमाइज मॉडल है।'

### रूसी तेल खरीद पर सरकार को घेरा

खरगे ने अपने पोस्ट में दावा किया कि प्रधानमंत्री मोदी ने अमेरिका से 'हाथ-पैर जोड़कर' रूसी तेल खरीदने की अनुमति के लिए एक महीने का एक्सटेंशन लिया है। उन्होंने कहा कि इससे 140 करोड़ भारतीयों के स्वाभिमान को ठेस पहुंची है। उन्होंने आरोप लगाया कि इससे पहले किसी भी सरकार को इस तरह की स्थिति का सामना नहीं करना पड़ा। खड़गे ने सवाल किया कि यदि सरकार को रूसी तेल खरीदने की अनुमति मिल गई है, तो फिर पेट्रोल-डीजल की कीमतों का बोझ जनता पर क्यों डाला जा रहा है।

### दूरदर्शिता और नेतृत्व की कमी

कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा सरकार में दूरदर्शिता और नेतृत्व की कमी साफ दिखाई देती है। उन्होंने आरोप लगाया कि जब देश संकट से जूझ रहा था, तब सरकार चुनावी राजनीति में व्यस्त थी और बाद में 'चिकनी-चुपड़ी बातों' के जरिए जनता पर बोझ डालने की तैयारी की गई। खड़गे ने बिना नाम लिए उद्योगपति का जिक्र करते हुए कहा कि सरकार ने अपने 'परम मित्र' को भी राहत दिलाने का काम किया।

### 'पीआर से विश्वगुरु नहीं बना जाता'

खरगे ने प्रधानमंत्री के 'विश्वगुरु' वाले बयान पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि केवल विदेशों में प्रायोजित पीआर अभियानों से कोई देश विश्वगुरु नहीं बनता, बल्कि जनता के प्रति जवाबदेही सुनिश्चित करनी पड़ती है। खरगे ने कहा कि जनता को 'आम कैसे खाते हैं' या 'कौन सा टॉनिक पीते हैं' जैसे मुद्दों से कोई मतलब नहीं है, बल्कि लोग यह जानना चाहते हैं कि सरकार आर्थिक संकट और महंगाई से निपटने के लिए क्या कदम उठा रही है? यदि प्रधानमंत्री जनता के असली सवालों का जवाब देंगे और संकट से निपटने के लिए ठोस कदम उठाएंगे, तभी उन्हें 'प्रधान सेवक' कहा जा सकेगा, अन्यथा वे केवल 'प्रचारक' बनकर रह जाएंगे।



# अभिषेक की 17 संपत्तियों पर चलेगा बुलडोजर? नोटिस जारी किया

**कोलकाता।** भाजपा नेता सुवेंदु अधिकारी के सीएम बनने के बाद राज्य में पूर्ववर्ती सरकारों के भ्रष्टाचार संबंधी मामलों की जांच शुरूआत हो गई है। इस मामले में पूर्व सीएम ममता बनर्जी के भतीजे और डायमंड हार्बर से लोकसभा सांसद अभिषेक बनर्जी भी निशाने पर हैं। उनकी 17 संपत्तियों की जांच हो रही है। नगर निगम ने नोटिस दिया है। और संकेत दिए हैं कि सांसद की अवैध संपत्तियों पर बुलडोजर भी चलाया जा सकता है। कोलकाता नगर निगम ने टीएमसी के दूसरे सबसे बड़े नेता अभिषेक बनर्जी से जुड़े 17 ठिकानों पर कथित

## टीएमसी को लगा बड़ा झटका

# फलता पुनर्मतदान से पहले जहांगीर ने वापस लिया अपना नामांकन पत्र

एजेंसी ▶▶ कोलकता

दक्षिण 24 परगना जिले की सीट फाल्टा से तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) को बड़ा झटका लगा है। फाल्टा से टीएमसी उम्मीदवार जहांगीर खान ने चुनावी मैदान से अपना नाम वापस ले लिया है। यहां पुनर्मतदान 21 मई को होना है। ऐसे में उम्मीदवार के हटने अचनाक से नाम वापस लेना एक बड़े झटके के तौर पर देखा जा रहा है। इसघटनाक्रम पर टीएमसी प्रवक्ता अरूप चक्रवर्ती ने कहा कि पार्टी को खान के इस निर्णय के बारे में सूचना मिली है। पार्टी को अभी तक यह स्पष्ट नहीं है कि इस फैसले के पीछे क्या कारण है? खान ने उपचुनाव में चुनाव नहीं लड़ने या भाग नहीं लेने का फैसला किया है। पार्टी अभी तक उनके नाम वापस लेने के पीछे के कारण से अवगत नहीं है। यह अचानक लिया गया फैसला माना जा रहा है। पार्टी इस मामले में अधिक जानकारी जुटाने का प्रयास कर रही है।



## चुनौतियां

## समुदाय की सही संख्या और सामाजिक स्थिति पर विश्वसनीय आंकड़े नहीं मिले

# ट्रांसजेंडर्स पर एनएचआरसी गंभीर, केंद्र सरकार के साथ ही राज्यों को जारी की दूसरी एडवाइजरी

केंद्र सरकार के 11 मंत्रालयों, रजिस्ट्रार जनरल एवं जनगणना आयुक्त कार्यालय को चेतावनी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) ने ट्रांसजेंडर समुदाय के कल्याण और अधिकारों को सुनिश्चित करने के लिए केंद्र सरकार के 11 मंत्रालयों, रजिस्ट्रार जनरल एवं जनगणना आयुक्त कार्यालय तथा सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के मुख्य सचिवों को दूसरी एडवाइजरी जारी की है।

आयोग ने कहा कि सितंबर 2023 में जारी पहली एडवाइजरी पर संबंधित विभागों और राज्यों की ओर से सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली थी। एनएचआरसी के अनुसार, विभिन्न मंत्रालयों, राज्यों और अन्य हितधारकों के साथ लगातार संवाद, फील्ड विजिट और समीक्षा बैठकों के बाद यह महसूस किया गया कि ट्रांसजेंडर समुदाय अब भी कई पुरानी और नई चुनौतियों का सामना कर रहा है।

आयोग ने कहा कि ट्रांसजेंडर समुदाय की सही संख्या और सामाजिक स्थिति को लेकर विश्वसनीय आंकड़ों की कमी अब भी बड़ी चुनौती है। ऐसे में राष्ट्रीय स्तर की डेटा प्रणाली और जनगणना प्रक्रियाओं में जेंडर विविधता को शामिल करना जरूरी है, ताकि नीतियां अधिक प्रभावी तरीके से बनाई जा सकें। एनएचआरसी ने कहा कि ट्रांसजेंडर समुदाय को शिक्षा और रोजगार के क्षेत्र में अब भी भेदभाव का सामना करना पड़ता है। आयोग ने राज्यों और संस्थानों से आग्रह किया है कि स्कूलों, कॉलेजों और कार्यस्थलों पर संवेदनशीलता और समावेशिता को बढ़ावा दिया जाए।

आयोग ने स्वास्थ्य सेवाओं में ट्रांसजेंडर व्यक्तियों के लिए सम्मानजनक और सुलभ व्यवस्था सुनिश्चित करने पर भी बल दिया। इसमें मानसिक स्वास्थ्य सहायता, जेंडर-अफर्मिंग हेल्थकेयर और गैर-भेदभावपूर्ण चिकित्सा सेवाओं को बढ़ावा देने की सिफारिश की गई है। एनएचआरसी ने कहा कि ट्रांसजेंडर समुदाय के अधिकारों की रक्षा केवल कानूनी दायित्व नहीं, बल्कि एक मानवीय और संवैधानिक जिम्मेदारी भी है।

आयोग ने सभी राज्यों और विभागों से अपेक्षा की है कि वे एडवाइजरी में दिए गए सुझावों को प्रभावी ढंग से लागू करें, ताकि ट्रांसजेंडर समुदाय को समान अधिकार, सम्मान और अवसर मिल सकें। एनएचआरसी की नई एडवाइजरी में ट्रांसजेंडर व्यक्तियों के कल्याण के लिए 10 प्रमुख क्षेत्रों में ठोस कदम उठाने पर जोर दिया गया है। इनमें मुख्य रूप से

राष्ट्रीय डेटा प्रणाली में जेंडर विविधता को शामिल करना, कानूनों की समीक्षा कर उन्हें जेंडर समावेशी बनाना, समावेशी कानूनी ढांचे का निर्माण संपत्ति के अधिकार सुनिश्चित करना, शिक्षा तक समान पहुंच, स्वास्थ्य सेवाओं में भेदभाव खत्म करना, कार्यस्थलों पर समावेशिता बढ़ाना जैसे मुद्दे शामिल हैं।

## पत्थरबाजी में कई जवान घायल हुए थे, वाहनों में तोड़फोड़ भी की थी

# मैं एसी में बैठकर तमाशा नहीं देखूंगा, दोबारा इस तरह घटनाएं हुईं तो बर्दाश्त नहीं करूंगा

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

पश्चिम बंगाल के सीएम सुवेंदु अधिकारी ने कहा कि पुलिसकर्मियों पर हमले और तोड़फोड़ की घटनाओं को कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने चेतावनी दी कि ऐसे मामलों में कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी और यदि ऐसी घटनाएं दोबारा हुईं तो मुझसे बुरा कोई नहीं होगा। सरकार ने सार्वजनिक जगहों पर नमाज पढ़ने पर रोक लगाई थी, जिससे सर्कस पार्क इलाके में जब अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई हुई तो लोगों ने पत्थरबाजी शुरू कर दी, जिसमें कुछ अधिकारी और कई जवान घायल हो गए थे।



## 'अव्यवस्थित और व्यावसायिक हितों से प्रेरित' परियोजना बताया

# 'ग्रेट निकोबार बायोस्फीयर रिजर्व खतरे में': जयराम रमेश ने यूनेस्को को मान्यता वाले क्षेत्र को लेकर उठाए सवाल

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने केंद्र सरकार की ग्रेट निकोबार द्वीप परियोजना को लेकर एक बार फिर बड़ा हमला बोला है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए आरोप लगाया कि मोदी सरकार की "अव्यवस्थित और व्यावसायिक हितों से प्रेरित" परियोजना के कारण ग्रेट निकोबार बायोस्फीयर रिजर्व गंभीर खतरे में पड़ गया है। जयराम रमेश ने कहा कि देश को यूनेस्को विश्व धरोहर स्थलों पर गर्व है, लेकिन यूनेस्को के "वर्ल्ड नेटवर्क ऑफ बायोस्फीयर रिजर्वस" भी उतने ही महत्वपूर्ण हैं, जिनका उद्देश्य पारिस्थितिक और सांस्कृतिक विविधता का संरक्षण करना है। उन्होंने बताया कि भारत में 18 अधिसूचित बायोस्फीयर रिजर्व हैं, जिनमें से 13 को अंतरराष्ट्रीय मान्यता प्राप्त है। कांग्रेस नेता ने कहा कि ग्रेट निकोबार बायोस्फीयर रिजर्व को वर्ष 2013 में युनेस्को में शामिल किया गया था, लेकिन अब यह क्षेत्र केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी ग्रेट निकोबार परियोजना की वजह से खतरे में है।

### क्या है ग्रेट निकोबार परियोजना?

ग्रेट निकोबार परियोजना के तहत ट्रांसशिपमेंट पोर्ट, अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा, टाउनशिप और ऊर्जा अवसंरचना विकसित करने की योजना है। केंद्र सरकार का कहना है कि यह परियोजना सामरिक और आर्थिक दृष्टि से बेहद महत्वपूर्ण है और इससे भारत को हिंद महासागर क्षेत्र में रणनीतिक बढ़त मिलेगा, हालांकि, पर्यावरणविदों और विपक्षी दलों का आरोप है कि इस परियोजना से द्वीप के संवेदनशील पारिस्थितिकी तंत्र, घने वर्षावनों और समुद्री जैव विविधता को भारी नुकसान पहुंच सकता है।

### पर्यावरण और आदिवासी समुदायों पर चिंता

रिपोर्टों के अनुसार इस परियोजना के लिए बड़े पैमाने पर वन क्षेत्र का उपयोग किया जाना है। जयराम रमेश पहले भी चेतावनी दे चुके हैं कि इससे स्थानीय शोम्पेन जनजाति और अन्य आदिवासी समुदायों के अस्तित्व पर असर पड़ सकता है। ग्रेट निकोबार बायोस्फीयर रिजर्व अपनी जैव विविधता, उष्णकटिबंधीय जंगलों, दुर्लभ वन्यजीवों और समुद्री पारिस्थितिकी के लिए जाना जाता है। यहां कई दुर्लभ और स्थानिक प्रजातियां पाई जाती हैं, जिनमें निकोबार स्क्रबफाउल, लेदरबैक कछुआ और निकोबार मकाक शामिल हैं।

### कांग्रेस बनाम केंद्र

रमेश ने रक्षा मंत्री और पर्यावरण मंत्री को पत्र लिखकर भी इस परियोजना पर पुनर्विचार की मांग की है। उन्होंने इसे 'पर्यावरणीय आपदा का नुस्खा' करार दिया है और कहा है कि विकास के नाम पर संवेदनशील द्वीपीय पारिस्थितिकी को नुकसान पहुंचाना भविष्य के लिए गंभीर खतरा बन सकता है। वहीं, केंद्र का कहना है कि परियोजना को सभी आवश्यक पर्यावरणीय मंजूरियों और कानूनी प्रक्रियाओं के बाद ही आगे बढ़ाया जा रहा है। आदिवासी समुदायों और पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रावधान किए गए हैं।

## खबर संक्षेप

### पूर्वांकरा ने चौथी तिमाही में 110 करोड़ का मुनाफा कमाया

**नई दिल्ली।** रियल एस्टेट कंपनी पूर्वांकरा लि. का एकीकृत शुद्ध लाभ वित्त वर्ष 2025-26 की मार्च तिमाही में 109.95 करोड़ रहा है। मुख्य रूप से बेहतर आय के कारण कंपनी मुनाफा कमा पाई है। इससे पिछले वित्त वर्ष 2024-25 की इसी तिमाही में कंपनी को 88 करोड़ रुपये का शुद्ध घाटा हुआ था। कंपनी ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि 2025-26 की जनवरी-मार्च तिमाही में उसकी कुल आय बढ़कर 1,540.99 करोड़ हो गई जो एक साल पहले इसी तिमाही में 563.70 करोड़ थी।

### रुपया 32 पैसे टूटकर 96.52 प्रति डॉलर के निचले स्तर पर

**मुंबई।** रुपया मंगलवार को कारोबार के दौरान डॉलर के मुकाबले 96.60 के रिकॉर्ड निचले स्तर तक टूटने के बाद अंत में 96.52 (अस्थायी) पर बंद हुआ। यह इसका सबसे निचला बंद स्तर है। कच्चे तेल की ऊंची कीमतों और वैश्विक जोखिम से बचाव की प्रवृत्ति, मजबूत डॉलर से घरेलू मुद्रा पर दबाव है। रुपया 2026 में एशिया की सबसे कमजोर प्रदर्शन करने वाली मुद्रा बन गया है। इस महीने अबतक इसमें 1.5 प्रतिशत और इस साल सात प्रतिशत से अधिक की गिरावट आई है।

## वाणिज्य मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी ने दी जानकारी

# भारत-यूरोपीय संघ के बीच एफटीए से घरेलू वाहन विनिर्माण को मिलेगी मददः अधिकारी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत-यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) भारत में अधिक निवेश आकर्षित करने और देश में वाहन विनिर्माण को बढ़ावा देने में मददगार होगा। वाणिज्य मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने मंगलवार को यह बात कही। दोनों पक्षों ने 27 जनवरी को व्यापार समझौते के लिए बातचीत पूरी होने की घोषणा की। यह समझौता अगले वर्ष से लागू होने की संभावना है।

■ दोनों पक्षों ने 27 जनवरी को व्यापार समझौते की बातचीत पूरी की

वाणिज्य मंत्रालय के अतिरिक्त सचिव दर्पण जैन ने कहा कि समझौते पर बातचीत के दौरान वाहन क्षेत्र एक चुनौतीपूर्ण क्षेत्र के रूप में सामने आया। इसकी वजह यह है कि भारत में आयात शुल्क अधिक है, लेकिन देश ने इस समझौते के माध्यम से उन चुनौतियों को अवसरों में बदल दिया है। जैन ने कहा कि भारत ने इस क्षेत्र में कोटा-आधारित, दीर्घकालिक समाधान प्रदान किए हैं ताकि यूरोपीय संघ को भी रियायतें मिलें और भारतीय उद्योग को पर्याप्त संरक्षण भी प्राप्त हो। उन्होंने भारत-यूरोपीय संघ व्यापार समझौते पर उद्योग मंडल फिक्की के एक सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा, ''इससे भारत में अधिक निवेश होगा...। भारत में अधिक वाहनों का विनिर्माण होगा और तीसरे देशों को निर्यात बढ़ेगा। इस प्रकार भारत यूरोपीय संघ की मूल्य श्रृंखला में एकीकृत हो जाएगा।''



**यूरोपीय कारों पर शुल्क धीरे-धीरे 10 फीसदी करने पर सहमति :** भारत द्वारा यूरोपीय संघ के साथ एफटीए के तहत आयातित यूरोपीय कारों पर शुल्क को 110 प्रतिशत से धीरे-धीरे घटाकर 10 प्रतिशत करने पर सहमति जताने के बाद, आयातित यूरोपीय कारों की कीमतों में व्यापक रूप से गिरावट आने का अनुमान है। यह शुल्क प्रति वर्ष 2.5 लाख वाहनों पर लागू होगा, जो ब्रिटेन को दिए जाने वाले शुल्क से छह गुना अधिक है।

### सात यूरोपीय देशों से अभी बातचीत जारी

जैन ने यूरोपीय संघ के सदस्य देशों के साथ सामाजिक सुरक्षा समझौतों (एसएसए) पर कहा कि भारत का पहले से ही समूह के 27 सदस्य देशों में से 14 देशों के साथ यह समझौता है। उन्होंने कहा, ''हम इस बारे में सात यूरोपीय देशों के साथ बातचीत कर रहे हैं और छह अन्य देशों के साथ समझौते की योजना बनाई जा रही है।''

### सामाजिक सुरक्षा कोष में दोहरी राशि का योगदान से बचेंगे

ये समझौते यूरोपीय संघ के सदस्य देशों में सीमित अवधि के लिए काम करने वाले भारतीय पेशेवरों को सामाजिक सुरक्षा कोष में दोहरी राशि का योगदान करने से बचाने में मदद करते हैं। ये समझौते इस लिहाज से महत्वपूर्ण हैं कि बड़ी संख्या में भारतीय पेशेवर यूरोपीय संघ के सदस्य देशों में काम कर रहे हैं। जैन ने कहा, ''इनमें से कई लोग एक निश्चित अवधि के लिए काम करते हैं और कई बार जहां हमारे पास सामाजिक सुरक्षा सहायता योजना (एसएसए) नहीं होती है।

### 40 से अधिक मुक्त व्यापार समझौते किए

भारत और सदस्य देशों में भी सामाजिक सुरक्षा में योगदान देना पड़ता है, लेकिन वे इसका लाभ नहीं उठा पाते। इसलिए हमने यूरोपीय संघ के सदस्य देशों के साथ सामाजिक सुरक्षा समझौते करने के लिए एक सुगम व्यवस्था बनाई है।'' जैन ने यह भी कहा कि यूरोपीय संघ ने 70 देशों के साथ 40 से अधिक मुक्त व्यापार समझौते किए हुए हैं, जिनसे भारतीय निर्यातकों को लाभ मिल सकता है।

## देश में अधिकतम बिजली की मांग रिकॉर्ड 260.45 गीगावाट पर



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

देश में अधिकतम बिजली की मांग मंगलवार को 260.45 गीगावाट के सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गई। इसका मुख्य कारण भीषण गर्मी के बीच एयर कंडीशनर (एसी) और डेजर्ट कूलर जैसे ठंडक प्रदान करने वाले उपकरणों का बढ़ता उपयोग रहा। विद्युत मंत्रालय ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा,आज दोपहर तीन बजकर 40 मिनट पर 260.45 गीगावाट (सौर ऊर्जा घंटे) की अधिकतम बिजली मांग सफलतापूर्वक पूरी की गई। यह एक नया रिकॉर्ड है। इसने कल की 257.37 गीगावाट (सौर ऊर्जा घंटे) की अधिकतम मांग को भी पार कर लिया है जिसे भी सफलतापूर्वक पूरा किया गया था। मंत्रालय के अनुसार, सोमवार को दोपहर तीन बजकर 42 मिनट पर अधिकतम मांग 257.37 गीगावाट दर्ज की गई और इसे पूरा किया गया। यह 25 अप्रैल, 2026 को दर्ज किए गए पिछली रिकॉर्ड मांग 256.1 गीगावाट से अधिक थी। मंत्रालय का अनुमान है कि इस गर्मी में देश की अधिकतम बिजली मांग 270 गीगावाट तक पहुंच सकती है।

■ मांग का कारण एसी और कूलर का बढ़ता उपयोग

## पश्चिम एशिया संघर्ष से बढ़ी महंगाई ने तोड़ी देश के आम आदमी की कमर


**नई दिल्ली (एजेंसी)।** मिडिल ईस्ट जंग की आंच देश दुनिया से होती हुई अब आपके घर पहुंच गई और आपको पता भी नहीं चला। मिडिल ईस्ट जंग ने मध्यम वर्गीय भारतीयों पर काफी बुरा असर डाला है, जिससे उन्हें रोज़ाना के खर्चों में शामिल कई चीजों के लिए ज़्यादा पैसे देने पड़ रहे हैं। साबुन, डिटर्जेंट, दूध, पेट्रोल डीजल से लेकर सोने-चांदी तक सभी की कीमतों में उछाल आया। चाहे एलपीजी की ज़्यादा कीमतें हों जो सीधे खाने की चीजों पर असर डालती हैं या फॉरेन एक्सचेंज के आउटफ्लो को रोकने के लिए ज़रूरी गोल्ड इंपोर्ट ड्यूटी में बढ़ोतरी, इस जंग ने किसी भी सेक्टर को अछूता नहीं छोड़ा है।

## अलमावेकिंग फाउंडेशन और डॉ. श्रॉफ हॉस्पिटल ने एआई स्मार्ट विज़न चश्मों के साथ 26 दृष्टिबाधित लोगों को सशक्त बनाया



**नई दिल्ली।** अलमावेकिंग फाउंडेशन ने डॉ. श्रॉफ चैरिटी आई हॉस्पिटल के सहयोग से फाउंडेशन के इनेबल प्रोग्राम के तहत डॉ. श्रॉफ चैरिटी आई हॉस्पिटल में एक विशेष सशक्तिकरण कार्यक्रम का आयोजन किया है, जो प्रौद्योगिकी-आधारित सहायक समाधानों के माध्यम से विकलांग व्यक्तियों का समर्थन करता है। इस कार्यक्रम के तहत, 26 दृष्टिबाधित लाभार्थियों को एआई-सक्षम स्मार्ट विज़न चश्मे मिले हैं, जो उन्नत सहायक तकनीक के माध्यम से गतिशीलता, पढ़ने में सहायता, वस्तुओं की पहचान, नेविगेशन और स्वतंत्र जीवन जीने में मदद करते हैं। इस कार्यक्रम में डॉ. अल्मा चोपड़ा (अलमावेकिंग फाउंडेशन की संस्थापक, मोटिवेशनल स्पीकर और लाइफ कोच), डॉ. श्रॉफ चैरिटी आई हॉस्पिटल के अधिकारी और अन्य गणमान्य अतिथि शामिल हुए। इस कार्यक्रम में लाभार्थियों के साथ बातचीत और एआई-सक्षम स्मार्ट विज़न ग्लासेज़ का लाइव प्रदर्शन भी हुआ। ये डिवाइस नेविगेशन सपोर्ट, पढ़ने में सहायता, चेहरे की पहचान, करेंसी की पहचान, कॉलिंग सपोर्ट, इमरजेंसी एसओएस, वॉइस असिस्टेंस और आस-पास की चीज़ों का पता लगाने जैसी सुविधाएँ देते हैं।

## अंतिम समय में तेज बिकवाली से शेयर बाजार में गिरावट



**मुंबई (एजेंसी)।** कारोबार के अंतिम समय में तेज बिकवाली से बीएसई सेंसेक्स मंगलवार को 114 अंक के नुकसान में रहा जबकि एनएसई निफ्टी में 32 अंक की गिरावट आई। रुपये के रिकॉर्ड निचले स्तर पर पहुंचने को लेकर चिंताएं बढ़ने के साथ एचडीएफसी बैंक और रिलायंस इंडस्ट्रीज जैसी बड़ी कंपनियों के शेयरों में बिकवाली हुई। इसके साथ वैश्विक स्तर पर अनिश्चितता के बीच कच्चे तेल की ऊंची कीमत ने भी बाजार धारणा को प्रभावित किया। हालांकि, आईटी शेयरों में मजबूत लिवाली से गिरावट पर कुछ अंकुश लगा। कारोबार के दौरान बाजार में ज्यादातर समय तेजी रही। लेकिन कारोबार समाप्त होने से पहले तेज बिकवाली से बाजार नुकसान में बंद हुआ। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 114.19 अंक की गिरावट के साथ 75,200.85 अंक पर बंद हुआ। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बयान के बाद कारोबार के दौरान एक समय यह 431.23 अंक बढ़कर 75,746.27 अंक पर पहुंच गया था। पचास शेयरों पर आधारित एनएसई निफ्टी 31.95 अंक यानी 0.14 प्रतिशत की गिरावट के साथ 23,618 अंक पर बंद हुआ।

## सोना 800 रुपये चढ़ा चांदी 5,000 रुपये टूटी



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** अमेरिका-ईरान बातचीत में कामयाबी के संकेतों से महंगाई के दबाव की चिंता कम होने के कारण मंगलवार को राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में सोने की कीमत 800 रुपये बढ़कर 1.63 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई। स्थानीय सर्राफा बाजार के जानकारों के अनुसार, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत सोमवार के बंद स्तर 1,62,800 रुपये प्रति 10 ग्राम से 800 रुपये बढ़कर 1,63,600 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी टैक्स मिलाकर) हो गई। हालांकि, कमजोर औद्योगिक मांग और वैश्विक बाजार में सुस्त रुख के कारण चांदी की कीमतें 5,000 रुपये घटकर 2,71,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी टैक्स मिलाकर) रह गईं। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक (जिंस) सौमिल गांधी ने कहा, ''अमेरिका-ईरान के बीच फिर से बातचीत की उम्मीद बढ़ने से मंगलवार को सोने की कीमतों में उछाल आया, जिससे लंबे समय से ऊर्जा संचालित महंगाई दबाव को लेकर कुछ चिंताएं कम हुईं।

## जीएनएफसी का मुनाफा 88% बढ़कर 396 करोड़



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** गुजरात नर्मदा वैली फर्टिलाइजर्स एंड केमिकल्स लिमिटेड (जीएनएफसी) का मार्च, 2026 को समाप्त बीते वित्त वर्ष की चौथी तिमाही का एकीकृत शुद्ध मुनाफा 88 प्रतिशत बढ़कर 396 करोड़ रुपये हो गया। पिछले साल इसी तिमाही में उसका शुद्ध मुनाफा 211 करोड़ रुपये था। कंपनी ने एक नियामकीय सूचना में बताया कि वित्त वर्ष 2025-26 की जनवरी-मार्च तिमाही में उसकी कुल आय बढ़कर 2,333 करोड़ रुपये हो गई, जो पिछले वित्त वर्ष की इसी तिमाही में 2,177 करोड़ रुपये थी। पूरे वित्त वर्ष 2025-26 के लिए, जीएनएफसी का शुद्ध मुनाफा पिछले वित्त वर्ष के 597 करोड़ रुपये से बढ़कर 808 करोड़ हो गया। वित्त वर्ष 2024-25 के 8,393 करोड़ रुपये की तुलना में 2025-26 में कंपनी की कुल आय घटकर 8,272 करोड़ रह गई।

## गर्मी की मार और खर्च हैं बेशुमार, तो इंश्योरेंस को बनाएं अपना मज़बूत आधार

**नई दिल्ली।** इस बार की गर्मियां एक चेतावनी के साथ शुरू हुईं. लोगों को चेतावनी दी गई कि बदलते मौसम की वजह से गर्मियां काफी तेज होंगी। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने अप्रैल 2026 को एक रिपोर्ट जारी करते हुए बताया कि इस बार तापमान में तेज़ बढ़त देखने को मिलेगी। यही वजह कि आन्ध्र प्रदेश और रायलसीमा में पारा पहले ही 40–41°C तक पहुंच चुका है. जहां ओडिशा, छत्तीसगढ़ और पश्चिम बंगाल के कुछ हिस्सों में लू चलने की संभावना है, वहीं आन्ध्र प्रदेश, कर्नाटक, केरल और महाराष्ट्र के तटीय इलाकों में मौसम के लगातार गर्म और उमस भरे रहने की उम्मीद है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, आमतौर पर भारत में मार्च-जून महीने तक लू चलती है, और कभी-कभार जुलाई महीने में भी लू चलती है. उत्तरी क्षेत्र में हर साल कम से कम पांच या छह बार लू चलने की घटनाएं देखने को मिलती हैं। कई बार ये ल गातार हफ्तों तक चलती रहती हैं जिससे कि एक बड़ी आबादी पर इसका खासा असर देखने को मिलता है। इससे न केवल तापमान में तनाव बढ़ता है, बल्कि लोगों की सेहत के साथ-साथ उनकी जेब भी इससे प्रभावित होती है।

## जयपी सूचना प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय द्वारा अंबाला में प्रिंसिपल्स मीट का आयोजन



**नई दिल्ली।** जयपी सूचना प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय ने 16 मई 2026 को रामदा बाय विन्धम अंबालामें सफलतापूर्वक "प्रिंसिपल्स मीट" का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में विभिन्न विद्यालयों के प्राचार्यों, शिक्षाविदों एवं अकादमिक नेतृत्वकर्ताओं ने भाग लिया तथा भारत में शिक्षा के भविष्य एवं नवाचार-आधारित शिक्षण पर सार्थक चर्चा की गई। यह कार्यक्रम जेयूआईटी के माननीय सीईओ मनु भास्कर गौर के दूरदर्शी नेतृत्व में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जेयूआईटी के माननीय कुलपति प्रो. राजेंद्र कुमार शर्माकी गरिमामयी उपस्थिति रही। यह प्रिंसिपल्स मीट अम्बाला प्रगतिशील सहोदय स्कूल परिषद तथा हरियाणा प्रगतिशील विद्यालय सम्मेलनके सहयोग से आयोजित की गई। कार्यक्रम में प्रमुख अतिथियों एवं सहयोगकर्ताओं के रूप में डॉ. विकास कोहली, प्रशांत मुंजाल, श्री सौरभ कपूर तथा पवन आचार्य उपस्थित रहे।


**उत्तर रेलवे**

**शुद्धिपत्र सूचना**

पत्र सं. 365135 दिनांक: 19.05.2026

| शुद्धिपत्र विवरण<br>शुद्धिपत्र संख्या 2 | शुद्धिपत्र प्रकाशन तिथि<br>19.05.2026 | |
|---|---|---|
| निविदा विवरण<br>निविदा संख्या 365135 (खुली निविदा)<br>कार्य का नामः वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनसेट का व्यापक रखरखाव अनुबंध। | समापन तिथि / समय 17.06.2026, 15:00 | |
| संशोधित मदें एनआईटी हेडर | | |
| फील्ड का नाम | मौजूदा मान | संशोधित मान |
| निविदा समापन तिथि और समय | 03.06.2026, 15:00 | 17.06.2026, 15:00 |
| बिडिंग प्रारंभ तिथि | 20.05.2026 | 03.06.2026 |

1686/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

(धारा 82 सीआरपीसी देखिए)/
84—भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता—2023

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **मखलेसुर रहमान पुत्र रजीबुल हक पताः मकान नं डी—225, सेक्टर—2, बवाना डीएसआईआईडीसी, दिल्ली ने एफआईआर संख्या 176/2021 धारा 379/411 / 34 भा.द.स. के तहत** थानाः बवाना, दिल्ली के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **मखलेसुर रहमान** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **मखलेसुर रहमान** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। अतः इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **एफआईआर संख्या 176/2021 धारा 379/411/34 भा.द.स. के तहत थाना बवाना, दिल्ली के उक्त मखलेसुर रहमान** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **03.07.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सार्थक पंवार
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी—05
नार्थ कोर्ट कमरा नं. 114, प्रथम तल
रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

DP/6507/ON/2026

**कार्यालय, कार्यपालन अभियंता, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड चांपा जिला - जांजगीर-चांपा (छत्तीसगढ़)**
**गौरव पथ रोड नया बस स्टेण्ड, नगर पालिका परिषद चांपा के पास, पिन कोड नं. 495671, ई-मेल eejan-phe-cg@gov.in**

निविदा क्रमांक 06/ले.शा/का.अ./लो.स्वा.यां.वि./2026

जांजगीर-चांपा / दिनांक 18.05.2026

**ऑन लाईन पंचम निविदा आमंत्रण सूचना**

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल की ओर से जिला-जांजगीर-चांपा अंतर्गत विकासखण्ड बम्हनीडीह के नगर सारागांव की आवर्धन जलप्रदाय योजनान्तर्गत डी.आई. क्लास के-7 कुल 3500 मीटर विस्तार कार्य की निविदा प्रतिशत दर फार्म "अ" में निम्नानुसार आमंत्रित की जाती है :-

| सिस्टम नं | कार्य की अनुमानित लागत (रू. लाख में) |
|---|---|
| 1 | 2 |
| 191232 | 82.48 |

निविदा एवं कार्य का विस्तृत विवरण यथा धरोहर राशि, बिड वैद्यता की तिथि, कार्य की अवधि, निविदाकार की श्रेणी, एवं कार्यों तथा स्थल संबंधी जानकारी आन लाईन ई-प्रोक्यूरमेंट https://eproc.cgstate.gov.in पर दिनांक 22.05.2026 से दिनांक 03.06.2026 तक बिड डाली जा सकती है। निविदा में आगामी संशोधन पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशित नहीं किए जावेंगे। अतः निविदाकार आनलाईन निविदा प्रक्रिया में सतत संपर्क में रहें। अन्य विवरण कार्यालयीन समय पर लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, खण्ड जांजगीर चांपा में देखे जा सकते हैं।

कार्यपालन अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग
जांजगीर-चांपा (छ.ग.)

G-262700843/4


## राशिफल

**मेष** — खर्चों में वृद्धि होगी। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा। कारोबार में कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है। लाभ में कमी रहेगी।

**वृष** — नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। धार्मिक संगीत के प्रति रुझान रहेगा। नौकरी में परिवर्तन के योग बन रहे हैं।

**मिथुन** — नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं।

**कर्क** — शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें। सन्तान की ओर से कोई सुखद समाचार मिल सकता है। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। सुस्वाद खानपान में रुचि रहेगी।

**सिंह** — कारोबार में सुधार होगा। किसी मित्र का सहयोग मिलेगा। क्षणे रुष्टा-क्षणे तुष्टा की मानसिकता हो सकती है। वाणी में सौम्यता रहेगी।

**कन्या** — किसी मित्र के सहयोग से नौकरी में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। उच्च पद की प्राप्ति हो सकती है। जीवनसाथी का सहयोग मिलेगा।

**तुला** — पिता से धन प्राप्त हो सकता है। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। पठन-पाठन में रुचि रहेगी। जीवनसाथी को स्वास्थ्य विकार हो सकते हैं।

**वृश्चिक** — तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। सेहत का ध्यान रखें। बातचीत में सन्तुलन बनाए रखें। कुटुम्ब के किसी बुजुर्ग से धन प्राप्ति के योग बन रहे हैं।

**धनु** — भाई-बहनों से आर्थिक सहयोग मिल सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। सन्तान सुख में वृद्धि होगी। जीवनसाथी को स्वास्थ्य विकार हो सकते हैं।

**मकर** — माता-पिता का सानिध्य मिलेगा। कारोबार में मेहनत अधिक रहेगी। लाभ के अवसर मिलेंगे। वाहन सुख में वृद्धि होगी। खर्चों की अधिकता से परेशान रहेंगे।

**कुंभ** — कारोबार में कुछ परिवर्तन की सम्भावना बन रही हैं। आय में वृद्धि होगी। यात्रा खर्च बढ़ेंगे। परिश्रम अधिक रहेगा। लाभ के अवसर मिलेंगे।

**मीन** — दिनचर्या अव्यवस्थित रहेगी। मित्रों का सहयोग मिलेगा। अपनी भावनाओं का वश में रखें। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं।

## पिछले कुछ दिनों से वैश्विक शेयर बाजार में कत्लेआम का असर

# दुनिया की टॉप 100 कंपनियों में अब एक भी इंडियन नहीं


**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।


**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय कॉरपोरेट जगत और शेयर बाजार के लिए एक बेहद निराशाजनक खबर सामने आई है। शेयर मार्केट में पिछले काफी समय से जारी गिरावट ने देश की सबसे बड़ी और मूल्यवान कंपनियों के मार्केट कैप को बड़ी चोट पहुंचाई है। यही वजह है कि कई वर्षों में यह पहला ऐसा मौका है, जब बाजार पूंजीकरण के आधार पर दुनिया की शीर्ष 100 सूचीबद्ध कंपनियों की सूची में भारत की किसी कंपनी का नाम नहीं है। साल 2025 की शुरुआत तक भारत की तीन दिग्गज कंपनियां- रिलायंस इंडस्ट्रीज, एचडीएफसी बैंक और टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज शीर्ष 100 कंपनियों की सूची में शामिल थी। लेकिन बाजार में आई गिरावट के कारण अब इनमें से एक भी कंपनी टॉप-100 में अपनी जगह बचाने में कामयाब नहीं हो सकी है।

### रिलायंस की रैंकिंग 73 से 106 हुई


रिलायंस इंडस्ट्रीज 2025 की शुरुआत में वैश्विक रैंकिंग में 57वें और 2026 की शुरुआत में 73वें स्थान पर थी। अब यह फिसलकर सीधे 106वें स्थान पर पहुंच गई है। देश के सबसे बड़े निजी बैंक एचडीएफसी बैंक की हालत और भी खराब हुई है। बैंक 2025 की शुरुआत में 97वें स्थान पर था जो आज लुढ़ककर सीधे 190वें पायदान पर जा गिरा है। देश की सबसे बड़ी सॉफ्टवेयर निर्यातक कंपनी टीसीएस की वैश्विक रैंकिंग में अब तक की सबसे बड़ी गिरावट देखी गई है। साल 2025 की शुरुआत में 84वें और 2026 की शुरुआत में 171वें स्थान पर रहने वाली टीसीएस अब फिसलकर सीधे 314वें स्थान पर पहुंच गई है।

## ख़िनानिया के राजेंद्र सिंह चौधरी बने अपर मंडल रेल प्रबंधक



**श्रीगंगानगर।** हनुमानगढ़ जिले के गांव खिनानियां के मूल निवासी राजेंद्र सिंह चौधरी उत्तर पश्चिम रेलवे के अगले अपर मंडल रेल प्रबंधक, बीकानेर होंगे। जेडआरयूसीसी के पूर्व सदस्य भीम शर्मा के अनुसार राजेंद्र सिंह चौधरी की नियुक्ति के आदेश रेलवे बोर्ड के निदेशक/स्थापना (स्पेशल) श्री सी. के. विनोद ने सोमवार को जारी किए है। इंडियन रेलवे सर्विस ऑफ़ इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग के अधिकारी राजेंद्र सिंह चौधरी जल्द ही वर्तमान ए.डी.आर.एम. रूपेश कुमार का स्थान लेंगे। राजेंद्र सिंह चौधरी फ़िलिहाल डेडीकेटेड फ्रेट कॉरिडोर कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड में प्रति नियुक्ति पर है।

## शब्द पहेली - 6231



**बाएँ से दाएँ**
1.नियंत्रण,घोड़े की रास-3
4.पानी से सराबोर-5
8.अंधकार-3
9.आक्रमण-3
10.दम, सुट्टा-2
12.समय, वक्त-2
13.कहानी लेखक-5
16.अपराधी, गुंडा-4
17.आलोकित होना-4
18.उद्देश्य, मंजिल-2
19.छाती, सिलना-2
20.जागरण-4
23.सफल, उत्तीर्ण-4
25.पत्नी का नाना-2,3
28.मार्ग, रास्ता-2
29.जरा, थोड़ा-2
31.वैमनस्य-3
33.पाजेब-3
35.जरुरतमंद-3,2
36.गदर, क्रांति-3

**ऊपर से नीचे**
1.उत्साह-3
2.वोट,राय-2
3.हथियार, गोला-बारूद-4
4.सनसनी, रोमांच-4
5.एक विदेशी शराब-2
6.आफत, मुसीबत-2
7.उपपत्नी-3
11.बलिदानी-3
12.कार्य करने वाला-3
13.सिगरेट का सुट्टा मारना-2,3
14.पानी, जल-2
15.निर्माण करने वाला-5
21.प्रकार-3
22.उम्मीद, आशा-2
24.भिखारी-3
26.ख्यात,प्रसिद्ध-4
27.मदिरापान-4
28.मदद,आराम-3
30.इससे कच्ची शराब बनती है-3
31.उस समय-2
32.नागालैंड की एक जाति-2
34.अधर, होठ-2

### शब्द पहेली- 6230 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ना | म | क | मा | ना | ■ | स | म | झ | दा | र |
| म | ■ | र | ह | म | ■ | म | द | न | ■ | म |
| र | त | ■ | ■ | ची | ■ | झौ | ■ | ■ | वा | णी |
| ख | स | ■ | ना | न | ख | ता | ई | ■ | रा | य |
| ना | ला | य | क | ■ | त्म | ■ | मा | त | ह | त |
| ■ | ■ | ■ | क | था | ■ | का | न | ■ | ■ | ■ |
| प | न | घ | ट | ■ | आ | ■ | दा | न | वी | र |
| व | र | ■ | ना | ना | स | सु | र | ■ | र | वि |
| न | म | ■ | ■ | म | ■ | चा | ■ | ■ | ता | न |
| सु | ■ | आ | स | व | ■ | ल | ह | र | ■ | य |
| त | ल | ब | गा | र | ■ | न | क | ब | ज | न |



## आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| बेंगलुरु | 13 | 9 | 4 | 18 |
| गुजरात | 13 | 8 | 5 | 16 |
| हैदराबाद | 13 | 8 | 5 | 16 |
| राजस्थान | 13 | 7 | 6 | 14 |
| पंजाब | 13 | 6 | 6 | 13 |
| चेन्नई | 13 | 6 | 7 | 12 |
| दिल्ली | 13 | 6 | 7 | 12 |
| कोलकाता | 12 | 5 | 6 | 11 |
| मुंबई | 12 | 4 | 8 | 8 |
| लखनऊ | 13 | 4 | 9 | 8 |

ऑरेंज कैप



वैभव सूर्यवंशी
579 रन
राजस्थान

पर्पल कैप



भुवनेश्वर कुमार
24 विकेट
बेंगलुरु

# पंत की वनडे टीम से छुट्टी, टेस्ट में हुआ डिमोशन, ईशान की वापसी


## टेस्ट और वनडे टीम से बाहर बुमराह, पहली बार टेस्ट टीम में मानव सुतार और गुरनूर बरार

एजेंसी ▶▶| गुवाहाटी

विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत को अफगानिस्तान के खिलाफ आगामी एक टेस्ट के लिए भारतीय टीम की उपकप्तानी से हटा दिया गया है और तीन मैचों की वनडे श्रृंखला के लिए वह टीम में नहीं हैं। केएल राहुल को पंत की जगह भारतीय टीम का उपकप्तान बनाया गया है जबकि शुभमन गिल कप्तान होंगे। सीनियर हरफनमौला रविंद्र जडेजा को टेस्ट मैच से आराम दिया गया है। तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को भी कार्यभार प्रबंधन के तहत टेस्ट और वनडे से आराम दिया गया है लेकिन वह इंग्लैंड दौरे के लिए टीम में लौटेंगे।

### वनडे टीम में प्रिंस को जगह

अजित अगरकर की अगुवाई वाली बीसीसीआई की सीनियर पुरुष चयन समिति की बैठक हुई, जिसमें अफगानिस्तान के खिलाफ घरेलू श्रृंखलाओं के लिए टीम चुनी गई। 6 जून से मुल्लांपुर में एकमात्र टेस्ट खेला जाएगा जबकि तीन वनडे 14 जून से धर्मशाला, लखनऊ और चेन्नई में होंगे। अगरकर ने चयन समिति की बैठक के बाद कहा, ' बुमराह इंग्लैंड दौरे पर वापसी करेंगे। वह अपने कार्यभार प्रबंधन पर काम कर रहे हैं।' स्पिन गेंदबाज मानव सुतार और तेज गेंदबाज गुरनूर बरार को पहली बार टेस्ट टीम में चुना गया है। दोनों आईपीएल में गुजरात टाइटंस के लिए खेलते हैं। वनडे टीम में प्रिंस यादव को जगह मिली है।





### अगस्त 2024 में आखिरी बार वनडे खेले थे ऋषभ

ऋषभ पंत ने अगस्त 2024 में आखिरी बार वनडे मैच खेला था। इससे पहले जनवरी 2025 में न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे सीरीज से अभ्यास सत्र के दौरान चोटिल होने के कारण बाहर हो गए थे। उनके दाहिने पेट की मांसपेशियों में खिंचाव आ गया। उनकी जगह ध्रुव जुरेल को टीम में शामिल किया गया था। पंत ने वनडे में 31 मैच खेले हैं और 27 पारियों में 33.50 के औसत और 106.21 के स्ट्राइक रेट से 871 रन बनाए हैं। इसमें 1 शतक और 4 अर्धशतक शामिल हैं। नाबाद 125 उनका सर्वोच्च स्कोर है।

### टेस्ट टीम

शुभमन गिल (कप्तान), यशस्वी जायसवाल, केएल राहुल, साइ सुदर्शन, ऋषभ पंत, देवदत्त पडिक्कल, नीतिश कुमार रेड्डी, वॉशिंगटन सुंदर, कुलदीप यादव, मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा, मानव सुतार, गुरनूर बरार, ध्रुव जुरेल और हर्ष दुबे।

### वनडे टीम

शुभमन गिल (कप्तान), रोहित शर्मा, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, केएल राहुल, ईशान किशन, हार्दिक पंड्या, नीतिश कुमार रेड्डी, वॉशिंगटन सुंदर, कुलदीप यादव, अर्शदीप सिंह, प्रसिद्ध कृष्णा, प्रिंस यादव, गुरनूर बरार और हर्ष दुबे।

## खबर संक्षेप



### 29 से इंडियन ओपन सर्फिंग टूर्नामेंट

**मैंगलुरु।** जापान में इस साल के आखिर में होने वाले एशियाई खेलों की दृष्टि से महत्वपूर्ण इंडियन ओपन सर्फिंग टूर्नामेंट 29 से 31 मई तक ब्लू बे तन्निरभावी इको बीच पर आयोजित किया जाएगा। इस प्रतियोगिता का आयोजन भारतीय सर्फिंग महासंघ (एसएफआई) के तत्वावधान में किया जाएगा। यहां अच्छा प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को जापान के आइची-नागोया में होने वाले एशियाई खेलों के लिए भारतीय टीम में जगह मिल सकती है। एसएफआई ने मंगलवार को जानकारी दी। इससे पहले भारतीय खिलाड़ियों को तैयार करने के लिए लिटिल अंडमान प्रो 2026 का आयोजन किया गया था। इसके बाद अब इंडियन ओपन 2026 में राष्ट्रीय चैंपियनशिप श्रृंखला का दूसरा पड़ाव है।

### मलेशिया मास्टर्स: अष्मिता की एकल मुख्य ड्रॉ में एंट्री



**कुआलालम्पुर।** भारत की अष्मिता चालिहा ने चीनी ताइपै की पाइ यू पो को तीन गेम के मुकाबले में हराकर मलेशिया मास्टर्स सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट के महिला एकल मुख्य ड्रॉ में प्रवेश कर लिया। चालिहा ने यू पो पर 21-23, 21-16, 21-16 से जीत दर्ज की। अब उनका सामना दुनिया की 56वें नंबर की खिलाड़ी इंडोनेशिया की टी रामाधानी वीर्यावान से होगा। आकर्षि कश्यप को कोरिया की पार्क गा युन के हाथों 21-15 20-22 7-21 से पराजय झेलनी पड़ी। पुरुष युगल में हरिहरन अम्साकारुनन और एमआर अर्जुन ने सातवीं वरीयता प्राप्त क्रिस्टो पोपोव और फ्रांस के टोमा जूनियर पोपोव को 21-19, 21-15 से हराकर दूसरे दौर में प्रवेश किया।

### टी20 विश्व कप के लिए अच्छी स्थिति में भारतीय टीम : स्मृति



**मुंबई।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम की उपकप्तान स्मृति मंधाना ने कहा कि उनकी टीम अगले महीने होने वाले टी20 विश्व कप के लिए अच्छी स्थिति में है। महिला टी20 विश्व कप 12 जून से इंग्लैंड और वेल्स में खेला जाएगा। वनडे विश्व कप विजेता भारत 14 जून को टूर्नामेंट के अपने पहले मैच में चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान से भिड़ेगा। मंधाना ने कहा, 'हमारा अभ्यास शिविर बहुत अच्छा रहा। मैं अभी इस बारे में इतना ही बताना चाहती हूं। मैं इस बारे में कोई विशिष्ट जानकारी नहीं देना चाहती हूं कि हमने किन चीजों पर काम किया है क्योंकि विश्व कप अब काफी करीब है।' उन्होंने कहा, 'लेकिन मैं यह कहना चाहूंगी कि सभी खिलाड़ी अच्छी स्थिति में दिख रही हैं।

## आईपीएल: लखनऊ को 7 विकेट से रौंदा, जुरेल का अर्धशतक

# सूर्यवंशी की 93 रन की पारी से एलएसजी को हरा रॉयल्स ने बढ़ाया प्लेऑफ की ओर कदम

भाषा ▶▶| जयपुर

वैभव सूर्यवंशी की 38 गेंदों में 93 रन की आक्रामक पारी की बदौलत राजस्थान रॉयल्स ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) टी20 मैच में मंगलवार को यहां लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) को पांच गेंद शेष रहते सात विकेट से हराकर प्लेऑफ में जगह पक्की करने की दिशा में मजबूत कदम बढ़ा दिए। एलएसजी ने मिचेल मार्श की 96 रन की तेजतर्रार पारी की बदौलत पांच विकेट पर 220 रन बनाए, लेकिन सूर्यवंशी की पारी के सामने यह स्कोर भी बौना साबित हुआ। राजस्थान रॉयल्स ने 19.1 ओवर में तीन विकेट पर 225 रन बनाकर लक्ष्य हासिल कर लिया। अगर-मगर के बिना प्लेऑफ की उम्मीदें बनाए रखने के लिए राजस्थान रॉयल्स को आखिरी दो मैच जीतना जरूरी था और गेंदबाजों के निराशाजनक प्रदर्शन के बाद बल्लेबाजों ने टीम को आसान जीत दिला दी। रॉयल्स अब 13 मैचों में 14 अंक के साथ तालिका में चौथे स्थान पर पहुंच गया। एलएसजी पहले ही प्ले ऑफ की रेस से बाहर है। अपनी पारी की शुरुआती 10 गेंदों में सिर्फ पांच रन बनाने वाले सूर्यवंशी ने 38 गेंदों की पारी में सात चौके और 10 शानदार छक्के जड़े। उन्होंने कार्यवाहक कप्तान यशस्वी जायसवाल (43) के साथ पहले विकेट के लिए 39 गेंदों में 75 रन की साझेदारी की, जबकि ध्रुव जुरेल (नाबाद 53) के साथ 45 गेंदों में 105 रन जोड़े। जायसवाल ने 23 गेंदों की पारी में आठ चौके और एक छक्का लगाया, जबकि जुरेल ने 38 गेंदों में नाबाद 53 रन बनाते हुए तीन चौके और तीन छक्के जड़े। सूर्यवंशी 13 मैचों में 579 रन के साथ मौजूदा सत्र में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज बन गए। पहले बल्लेबाजी का न्योता मिलने पर जोश इंग्लिस ने एलएसजी को तेज शुरुआत दिलाई। उन्होंने शुरुआती ओवरों में आक्रामक तेवर दिखाते हुए 29 गेंदों में 60 रन की तूफानी पारी खेली। इसके बाद /"बाइसन/" के नाम से मशहूर मार्श ने अपनी दमदार बल्लेबाजी का शानदार प्रदर्शन करते हुए 11 चौके और पाँच छक्के जड़े। मौजूदा सत्र में यह तीसरी बार रहा, जब उन्होंने 90 से अधिक का स्कोर बनाया।

**मार्श-इंग्लिस के बीच पहले विकेट के लिए 109 रन की साझेदारी**





### कठिन डगर में केकेआर समीकरण बिगाड़ने के लिए प्रतिबद्ध एमआई

**कोलकाता।** टूर्नामेंट की खराब शुरुआत के कारण अगर मगर की कठिन डगर में फंसी कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) की टीम को अगर आईपीएल के प्लेऑफ में पहुंचने की अपनी उम्मीदों को जीवंत रखना है तो उसे मुंबई इंडियंस के खिलाफ बुधवार को होने वाले मैच में किसी भी तरह की कसर नहीं छोड़नी होगी। मुंबई इंडियंस की टीम प्लेऑफ की दौड़ से पहले ही बाहर हो चुकी है लेकिन वह केकेआर के समीकरण बिगाड़ने के लिए प्रतिबद्ध होगी। अगर इस मैच में केकेआर हार जाती है, तो अजिंक्य रहाणे के नेतृत्व में लगातार दूसरे सत्र में उसकी टीम प्लेऑफ में जगह बनाने में नाकाम रहेगी। मुंबई के खिलाफ जीत से भी केकेआर का काम पूरा नहीं होगा।

■ **मुकाबला आज शाम 7.30 बजे से**

## आईसीसी महिला रैंकिंग

# फातिमा सना ने टी20 और लॉरेन ने वनडे में लगाई लंबी छलांग



एजेंसी ▶▶| दुबई

आईसीसी की ताजा जारी महिला खिलाड़ियों की रैंकिंग में पाकिस्तान की कप्तान फातिम सना ने टी20 और इंग्लैंड की तेज लॉरेन बेल ने वनडे में लंबी छलांग लगाई है। पाकिस्तान और जिम्बाब्वे की महिला क्रिकेट टीमों के बीच हाल ही में कराची में टी20 सीरीज खेली गई थी। पाकिस्तान ने इस सीरीज को 3-0 से जीता था।

इस सीरीज में फातिम का प्रदर्शन शानदार रहा था और इसका फायदा उन्हें टी20 रैंकिंग में हुआ है। आखिरी मैच में 62 रन की पारी खेल कर प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार जीतने वाली फातिम सना 4 स्थान की छलांग लगाते हुए बल्लेबाजों की रैंकिंग में 23वें स्थान पर पहुंच गई हैं।

### वनडे रैंकिंग में टॉप पर स्मृति बरकरार

वनडे बल्लेबाजों की रैंकिंग में पहले स्थान पर भारत की स्मृति मंधाना, दूसरे पर दक्षिण अफ्रीका की लौरा वोल्वार्ड्ट और ऑस्ट्रेलिया की बेथ मूनी तीसरे स्थान पर हैं। वनडे गेंदबाजों की रैंकिंग में ऑस्ट्रेलिया की अलाना किंग पहले, इंग्लैंड की सोफी एक्लेस्टन दूसरे और ऑस्ट्रेलिया की एश्ले गार्डनर तीसरे स्थान पर हैं।

### फातिमा ने गेंदबाजी में किया दमदार प्रदर्शन


*फातिमा सना ने गेंदबाजी में भी दमदार प्रदर्शन किया था और 5 विकेट लिए थे, इसका फायदा उन्हें गेंदबाजी रैंकिंग में भी हुआ है। वह 6 स्थान की छलांग लगाकर 29वें स्थान पर चली गई हैं। पाकिस्तान की स्पिनर नशरा संधू ने भी इस सीरीज में 5 विकेट लिए थे। उन्हें टी20 गेंदबाजों की ताजा रैंकिंग में एक स्थान का फायदा हुआ है। नशरा अब सातवें स्थान पर चली गई हैं। पाकिस्तान की सादिया इकबाल ने सीरीज में छह विकेट लिए थे। वह नंबर 1 टी20 गेंदबाज हैं।*

## इंडियन प्रीमियर लीग

# मुंबई इंडियंस को दोहरा झटका डिकॉक और राज बावा बाहर

एजेंसी ▶▶| कोलकाता

मुंबई इंडियन्स के विकेटकीपर बल्लेबाज क्विंटन डिकॉक और तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर राज अंगद बावा चोट के कारण इंडियन प्रीमियर लीग के बाकी बचे सत्र से बाहर हो गए। प्ले ऑफ की दौड़ से पहले ही बाहर हो चुकी मुंबई इंडियन्स को अभी दो मैच और खेलने हैं। टीम बुधवार को कोलकाता नाइट राइडर्स से जबकि रविवार को राजस्थान रॉयल्स से भिड़ेगी। डिकॉक के बाएं हाथ की कलाई में चोट लगी है। उन्हें सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ मुंबई इंडियन्स के घरेलू मुकाबले से पहले यह चोट लगी थी। बावा को पंजाब किंग्स के खिलाफ टीम के पिछले मैच के दौरान दांए हाथ के अंगूठे में चोट लगी।



# अंकित व जयेश पाटिल पर नाडा ने लगाया तीन साल का डोपिंग प्रतिबंध

**नई दिल्ली।** सेना खेल नियंत्रण बोर्ड (एसएससीबी) के अंकित और रेलवे के जयेश पाटिल पर राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी (नाडा) ने तीन साल का प्रतिबंध लगा दिया है। इन दोनों का परीक्षण प्रतिबंधित पदार्थ 'मेल्डोनियम' के लिए पॉजिटिव आया था। अंकित ने 69वीं राष्ट्रीय क्रॉस कंट्री चैंपियनशिप में तीसरा स्थान हासिल किया था जबकि पाटिल इसी स्पर्धा में पांचवें स्थान पर रहे थे। दोनों एथलीटों ने अपने ऊपर लगे आरोपों को स्वीकार कर लिया जिसके चलते उनके प्रतिबंध की अवधि में एक साल की कटौती कर दी गई। यह प्रतिबंध अंकित के लिए 25 फरवरी से और पाटिल के लिए 27 फरवरी से लागू हो गया है। बीस वर्षीय पाटिल 2024 जूनियर राष्ट्रीय चैंपियनशिप में 3000 मीटर स्टीपलचेज के रजत पदक विजेता भी हैं। दोनों एथलीट का टेस्ट 'मेल्डोनियम' के लिए पॉजिटिव आया था। यह पदार्थ विश्व डोपिंग रोधी एजेंसी (वाडा) की प्रतिबंधित पदार्थों की सूची में शामिल है।

## सुपर क्लासिक शतरंज

# प्रज्ञाननंदा ने वेस्ली से बांटे अंक, खेला ड्रॉ

**बुखारेस्ट।** भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञाननंदा ने सुपर शतरंज क्लासिक के पांचवें दौर में अमेरिकी वेस्ली सो के साथ अंक बांटे और इस तरह से इस टूर्नामेंट में चौथी बाजी ड्रॉ खेली। यह प्रतियोगिता ग्रैंड शतरंज टूर्नामेंट का हिस्सा है, जिसके पांचवें दौर में किसी भी बाजी का हार या जीत के रूप में परिणाम नहीं निकला। इस तरह से जर्मनी के विन्सेंट कीमर ने अपनी आधे अंक की बढ़त बरकरार रखी। उनके 3.5 अंक हो गए हैं। कीमर के बाद प्रज्ञाननंदा तथा नीदरलैंड के अनीश गिरी और जॉर्डन वैन फोरेस्ट का नंबर आता है। इन तीनों खिलाड़ियों के तीन-तीन अंक हैं और वे संयुक्त दूसरे स्थान पर हैं। फ्रांस के मैक्सिम वाचियर-लाग्रेव और वेस्ली सो 2.5-2.5 अंकों के साथ पांचवें स्थान पर हैं, जबकि अमेरिका के फैबियानो कारुआना और विश्व चैंपियनशिप के दावेदार उज्बेकिस्तान के जावोखिर सिंदारोव समान दो अंकों के साथ उनसे पीछे हैं। रोमानिया के बोगदान-डेनियल डिएक 1.5 अंकों के साथ नौवें स्थान पर हैं। फ्रांस के अलीरेजा फ़िरोजा उनसे आधा अंक पीछे हैं।





# नेमार खेलेंगे चौथा विश्व कप ब्राजील टीम का हुआ ऐलान

एजेंसी ▶▶| रियो डी जनेरियो

स्टार स्ट्राइकर नेमार को उनकी फिटनेस को लेकर संदेह के बावजूद ब्राजील की विश्व कप टीम में शामिल किया गया है। यह फुटबॉलर इस तरह से अपना चौथा विश्व कप खेलेगा।

34 वर्षीय नेमार के नाम पर ब्राजील की तरफ से सर्वाधिक 79 गोल करने का रिकॉर्ड है लेकिन वह अक्टूबर 2023 में बाएं एसीएल में चोट लगने के बाद से अपनी सर्वश्रेष्ठ फिटनेस हासिल करने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। उन्होंने इस साल ब्राजील के अपने क्लब सैंटोस के लिए 8 मैच खेले हैं, जिनमें चार गोल किए।

### विश्व कप में हमारे महत्वपूर्ण खिलाड़ी नेमार

ब्राजील के कोच कार्लो एंसेलोटी ने कहा, 'नेमार ने अपनी फिटनेस में काफी सुधार किया है। वह इस विश्व कप में हमारे महत्वपूर्ण खिलाड़ी होंगे। विश्व कप के पहले मैच से पूर्व उनकी फिटनेस में और सुधार होने की संभावना है।' कोच ने कहा कि उन्होंने अपनी टीम में कुछ स्थानों के लिए अनुभवी खिलाड़ियों को प्राथमिकता दी है, जिनमें नेमार भी शामिल हैं। उन्होंने कहा, 'उन्हें इस तरह की बड़ी प्रतियोगिताओं में खेलने का अनुभव है। उनका अनुभव हमारे लिए काफी उपयोगी साबित हो सकता है।'

## प्रीमियर लीग : हैवर्ट्ज ने दागा विनिंग गोल, बर्नले को 1-0 से हराया

# 22 साल बाद खिताब के करीब पहुंचा आर्सेनल एफसी

एजेंसी ▶▶| लंदन

आर्सेनल एफसी की बर्नले एफसी पर 1-0 की रोमांचक जीत के बाद 22 साल में अपने पहले प्रीमियर लीग खिताब के करीब पहुंच गया। आर्सेनल के लिए मैच में एकमात्र गोल काई हैवर्ट्ज ने किया।

हाफटाइम से ठीक पहले बुकायो साका के कॉर्नर पर हैवर्ट्ज ने शानदार हेडर की मदद से गोल दागा। इसके बाद दोनों टीमों ने गोल करने के काफी प्रयास लिए, लेकिन किसी को भी सफलता नहीं मिल सकी।



आर्सेनल एक मैच बाकी रहते टेबल में टॉप पर पांच पॉइंट की बढ़त बना चुका था। हालांकि, मैनचेस्टर सिटी एफसी को अभी भी दो मैच खेलने हैं, और अगर वे एएफसी बॉर्नमाउथ को हरा देते हैं, तो वह खिताब की रेस में बने रहेंगे। वहीं, अगर इस मुकाबले में सिटी को हार का सामना करना पड़ता है, तो क्रिस्टल पैलेस एफसी के खिलाफ अपने आखिरी मैच से पहले आर्सेनल चैंपियन बन जाएगा।

### नॉर्थ लंदन में जोश भरे माहौल के साथ एंट्री

*आर्सेनल ने नॉर्थ लंदन में जोश भरे माहौल के साथ मैच में एंट्री की। बर्नले के रेलिगेट होने और स्थायी मैनेजर के बिना होने के बावजूद, आर्सेनल को जीत के लिए कड़ी मेहनत करनी पड़ी। मेहमान टीम ने हैनिबल मेजब्री के साथ शुरुआत में दबाव बनाया, जबकि आर्सेनल को भारी उम्मीदों के बीच अपनी लय पाने में मुश्किल हुई। हालांकि, धीरे-धीरे आर्टेटा की टीम ने मैच को कंट्रोल करना शुरू कर दिया। एबेरेची एजे ने गोलकीपर मैक्स वीस को परखा। लुकास पाइरेस के चैलेंज पर साका के गिरने के बाद आर्सेनल ने पेनल्टी के लिए भी नाकाम अपील की।*




## खबर संक्षेप

### सान्या बनीं पहली महिला फ्लाइंग इंस्ट्रक्टर

**नई दिल्ली।** स्क्वाड्रन लीडर सान्या भारतीय वायुसेना की पहली महिला अधिकारी बन गई हैं, जिन्होंने प्रतिष्ठित कैटेगरी-ए क्वालिफाइड फ्लाइंग इंस्ट्रक्टर



यानी कैट-ए क्यूएफआइ की उपलब्धि हासिल की है। यह केवल एक व्यक्तिगत सफलता नहीं, बल्कि भारतीय नारी सामर्थ्य, अनुशासन और राष्ट्रसेवा के अदम्य संकल्प का जीवंत प्रमाण है। भारतीय वायुसेना ने कहा कि स्क्वाड्रन लीडर सान्या ने कैट-ए क्यूएफआइ की प्रतिष्ठित योग्यता प्राप्त कर इतिहास रच दिया है। वायुसेना ने इसे भारतीय सैन्य इतिहास का गर्वपूर्ण क्षण बताते हुए कहा कि उनकी सफलता समर्पण, उत्कृष्टता और निरंतर संघर्ष का प्रतीक है।

### स्पेन के पूर्व पीएम जपटैरो जांच के दायरे में

**मैड्रिड।** स्पेन की एक अदालत पूर्व पीएम जोस लुइस रोड्रिग्ज जपटैरो के खिलाफ सरकारी एयरलाइन को आर्थिक सहायता देने में पद के



कथित दुरुपयोग और अन्य संभावित अपराधों की जांच कर रही है। मैड्रिड की राष्ट्रीय अदालत स्पेन सरकार की ओर से प्लस अल्ट्रा एयरलाइन को बचाने के संबंध में संभावित वित्तीय गड़बड़ी की जांच कर रही है, जिसे 2021 में सार्वजनिक धन से 5.3 करोड़ यूरो प्राप्त हुए थे।

---

हनोई में दोनों देशों के रक्षा मंत्रियों के बीच हुई द्विपक्षीय बैठक, बढ़ती रक्षा साझेदारी संग क्षेत्रीय-वैश्विक मामलों पर की चर्चा

# हिंद-प्रशांत क्षेत्र में शांति, नौवहन की स्वतंत्रता को बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध भारत-वियतनाम

एआई, क्वांटम प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में भारत, वियतनाम के बीच हुए एमओयू पर हस्ताक्षर

राष्ट्रपति तो लाम से रक्षा मंत्री ने की शिष्टाचार भेंट, पीएम मोदी की ओर से प्रेषित की शुभकामनाएं

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

दक्षिण चीन सागर में बढ़ती चीन की आक्रामकता के बीच मंगलवार को हनोई में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की वियतनाम के उप-प्रधानमंत्री और रक्षा मंत्री जनरल फान वान जियांग के बीच एक द्विपक्षीय बैठक हुई। जिसमें दोनों पक्षों ने सबसे पहले हिंद-प्रशांत क्षेत्र में शांति, स्थिरता, सुरक्षा, संरक्षा और नौवहन की स्वतंत्रता को बनाए रखने के महत्व पर जोर दिया है। वार्ता में बढ़ती हुई रक्षा साझेदारी की समीक्षा की गई और साझा हितों से जुड़े क्षेत्रीय, अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर विचारों का आदान-प्रदान किया गया। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि दोनों पक्षों की बातचीत में समुद्री सुरक्षा, रक्षा उद्योग सहयोग, प्रशिक्षण, क्षमता निर्माण, साइबर सुरक्षा, संयुक्त राष्ट्र शांति रक्षा, उच्च-स्तरीय आदान-प्रदान, क्षेत्रीय स्थिरता तथा विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग को और अधिक प्रगाढ़ बनाने के उपायों पर चर्चा की गई है। रक्षा मंत्री बीते सोमवार से वियतनाम और दक्षिण-कोरिया की चार दिवसीय यात्रा के पहले पड़ाव के रूप में हनोई पहुंचे थे। जिसके तहत उनकी यह बैठक हुई। वियतनाम में अपने तय कार्यक्रमों को पूरा करने के बाद रक्षा मंत्री अपनी यात्रा के दूसरे पड़ाव दक्षिण-कोरिया की राजधानी सियोल पहुंचे।

### रक्षा आधुनिकीकरण को दिया समर्थन



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बैठक में वियतनाम के साथ भारत की उन्नत व्यापक रणनीतिक साझेदारी को और अधिक मजबूत करने की प्रतिबद्धता को दोहराया। द्विपक्षीय रक्षा ढांचे के तहत उसके रक्षा आधुनिकीकरण और क्षमता संवर्धन पहलों का समर्थन करने के भारत संकल्प को भी दोहराया है। वियतनाम के रक्षा मंत्री जनरल जियांग ने भारत के निरंतर समर्थन की प्रशंसा करते हुए दोनों देशों के बीच लंबे समय से चली आ रही मित्रता और बढ़ती रणनीतिक साझेदारी पर जोर दिया।

### रणनीतिक साझेदारी में जुड़ा नया अध्याय

दोनों देशों के बीच हुए एमओयू में भारत के मिलिट्री कॉलेज ऑफ टेलीकम्युनिकेशन इंजीनियरिंग और वियतनाम की टेली कम्युनिकेशन यूनिवर्सिटी ने कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) और क्वांटम टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर के साथ उसका आदान-प्रदान किया। ये दोनों के बीच उन्नत व्यापक रणनीतिक साझेदारी में एक और महत्वपूर्ण अध्याय को चिन्हित करता है। दोनों पक्षों ने इन दोनों क्षेत्रों में एक स्मरण-पत्र पर भी हस्ताक्षर किए हैं। रक्षा मंत्रियों ने वियतनाम के वायुसेना अधिकारी महाविद्यालय में भाषा प्रयोगशाला का संयुक्त रूप से वर्चुअल उद्घाटन किया। ये प्रयोगशाला भारत की मदद से स्थापित की गई है। राजनाथ सिंह ने न्हा ट्रांग स्थित दूरसंचार विश्वविद्यालय में एआई प्रयोगशाला की स्थापना की भी घोषणा की है।

### पूर्व राष्ट्रपति को दी श्रद्धांजलि

राजनाथ सिंह ने अपने तय कार्यक्रमों का आगाज करने से पहले वियतनाम के



संस्थापक पिता, पूर्व राष्ट्रपति हो ची मिन्ह की 136वीं जयंती पर उनके मकबरे पर जाकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। अपनी एक्स पोस्ट में इसका जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि पूर्व राष्ट्रपति मिन्ह की दूरदृष्टि, नेतृत्व और राष्ट्रीय स्वतंत्रता, वैश्विक एकजुटता के प्रति अटूट प्रतिबद्धता पीढ़ियों को प्रेरित करती रहेगी। उन्होंने भारत-वियतनाम की मजबूत मित्रता की आधारशिला भी रखी। जो साझा मूल्यों और आपसी सम्मान पर आधारित है।

### राष्ट्रपति लाम से की शिष्टाचार मुलाकात

बैठक के बाद रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने वियतनाम के महासचिव और राष्ट्रपति तो लाम से शिष्टाचार भेंट की और उन्हें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से प्रेषित की गई शुभकामनाएं दीं। उन्होंने राष्ट्रपति लाम के समक्ष रक्षा-सुरक्षा, व्यापार-निवेश, समुद्री सहयोग, संपर्क, डिजिटल परिवर्तन और जन समुदायों के बीच आदान-प्रदान के अलावा विभिन्न क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग को और अधिक गहरा बनाने के लिए भारत की प्रतिबद्धता को दोहराया। दोनों नेताओं के बीच आपसी सभ्यतागत संबंधों, विश्वास, समान रणनीतिक हितों पर आधारित मजबूत व अटूट मित्रता की पुष्टि की। व्यापक रणनीतिक साझेदारी में जारी निरंतर प्रगति पर संतोष जताया। राष्ट्रपति लाम ने अपनी इसी मई महीने की शुरुआत में की गई भारत यात्रा को याद करते हुए बढ़ते हुए द्विपक्षीय सहयोग की सराहना की। साथ ही वियतनाम के विकास और रणनीतिक प्राथमिकताओं में भारत की भूमिका को स्वीकार किया। रक्षा सहयोग को साझेदारी का एक प्रमुख स्तंभ बताया व यह विश्वास व्यक्त किया कि आगामी वर्षों में द्विपक्षीय संबंध और मजबूत होंगे।

---

आपसी साझेदारी को मजबूत बनाने के अलावा क्षेत्रीय-वैश्विक मुद्दों पर की गई चर्चा

# नॉर्डिक देशों के राष्ट्रप्रमुखों संग हुई पीएम मोदी की द्विपक्षीय बैठक



डेनमार्क की कार्यवाहक पीएम मेटे फ्रेडरिक्सन और पीएम मोदी



हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मंगलवार को ओस्लो में नॉर्डिक देशों के साथ तीसरे शिखर सम्मेलन से इतर कुछ महत्वपूर्ण द्विपक्षीय हुईं। जिसमें उन्होंने खासतौर पर डेनमार्क, फिनलैंड और आइसलैंड के राष्ट्राध्यक्षों के साथ बातचीत की है। विदेश मंत्रालय ने अपने कुछ बयानों के जरिए बताया कि डेनमार्क की कार्यवाहक प्रधानमंत्री मेटे फ्रेडरिक्सन के साथ हुई बैठक में दोनों देशों के नेताओं ने द्विपक्षीय सहयोग की समीक्षा की और संयुक्त एजेंडा में हुई प्रगति पर संतोष जाहिर किया है। साथ ही वार्ता में उन्होंने परस्पर हित से जुड़े हुए क्षेत्रीय, वैश्विक मुद्दों पर भी अपने विचार साझा किए। पीएम ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में डेनमार्क की अस्थायी सदस्यता के वर्तमान कार्यकाल के लिए अपनी ओर से शुभकामनाएं दी हैं। दोनों शीर्ष नेताओं के बीच हुई बैठक में दोनों ने भारत, डेनमार्क के बीच हरित रणनीतिक साझेदारी का स्वागत किया है। जिसका संबंध पर्यावरण और जलवायु परिवर्तन के क्षेत्र में सहयोग को प्राथमिकता देना है। 2020 में इस साझेदारी की शुरुआत हुई थी।

### सतत विकास पर देंगे ध्यान

फिनलैंड के प्रधानमंत्री पेटेरी ओर्पो के साथ हुई बैठक में प्रधानमंत्री आपसी संबंधों को डिजिटलीकरण और सतत विकास के जरिए रणनीतिक साझेदारी के स्तर तक आगे बढ़ाते हुए उद्योग, अनुसंधान संस्थानों और शिक्षा जगत के बीच सहयोग को सुदृढ़ करने पर बल दिया है। भावी आर्थिक विकास की गति में इस पहलू की अहम भूमिका रहेगी। जिसे दोनों दिग्गज नेताओं ने अपनी वार्ता में प्रमुखता के साथ रेखांकित किया। क्षेत्रीय, वैश्विक घटनाक्रमों तथा अंतरराष्ट्रीय संगठनों के सहयोग को और अधिक बढ़ाने पर भी दोनों ने जोर दिया है।

### आइसलैंड की पीएम को दिया भारत यात्रा का निमंत्रण

मंत्रालय ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी ने आइसलैंड की प्रधानमंत्री क्रिस्टर्न फ्रॉस्टडॉटिर के साथ भी एक द्विपक्षीय बैठक की। उनके प्रधानमंत्री बनने के बाद दोनों नेताओं के बीच हुई यह पहली मुलाकात थी। फ्रॉस्टडॉटिर आइसलैंड के इतिहास में सबसे युवा प्रधानमंत्री बनी हैं। जिसके लिए पीएम मोदी ने उन्हें बधाई दी है। बैठक में दोनों नेताओं ने आपसी संबंधों को मजबूत बनाने पर विचार किया। उनकी बातचीत भारत, ईयू व्यापार समझौते को लागू करने पर केंद्रित रही। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पीएम फ्रॉस्टडॉटिर को आपसी सहमति से सुविधाजनक समय पर भारत आने का निमंत्रण दिया है।

---

ईरान-अमेरिका के बीच गंभीर बातचीत का दिया हवाला

# ट्रंप ने टाला ईरान पर 'हमला', इस बार खाड़ी देशों की अपील पर रुका

### ईरान को दी थी खुली चेतावनी

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप ने ईरान पर होने वाले एक बड़े सैन्य हमले को फिलहाल के लिए टाल दिया है। यह हमला मंगलवार के लिए तय किया गया था, लेकिन आखिरी वक्त में खाड़ी देशों के सहयोगी नेताओं की अपील के बाद इसे रोक दिया गया है। सोमवार को सोशल मीडिया पर ट्रंप ने खुद इस बात की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि अभी दोनों पक्षों के बीच गंभीर बातचीत चल रही है, इसलिए उन्होंने मंगलवार को ईरान पर होने वाले सैन्य हमले को रोक दिया है।



इससे पहले ट्रंप ने ईरान को खुली चेतावनी दी थी कि अगर कोई समझौता नहीं हुआ, तो कमजोर पड़ चुके युद्धविराम के बाद फिर से भीषण लड़ाई शुरू हो जाएगी। ट्रंप ने सैन्य अधिकारियों को निर्देश दिया था कि अगर ईरान के साथ कोई स्वीकार करने लायक समझौता नहीं होता है, तो पल भर के नोटिस पर ईरान पर पूरी ताकत के साथ एक बड़ा हमला करने के लिए तैयार रहें।

### सैन डिएगो मस्जिद हमले पर ट्रंप ने जताया दुख

अमेरिका के कैलिफोर्निया में सोमवार को सैन डिएगो के इस्लामिक सेंटर के बाहर दो किशोर हमलावरों ने अंधाधुंध गोलियां चलाईं। इस हमले में तीन पुरुषों की जान चली गई। मरने वालों में एक सुरक्षाकर्मी भी शामिल है। पुलिस इस पूरे मामले की जांच 'हेट क्राइम' यानी नफरत की वजह से किए गए अपराध के रूप में कर रही है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप इस घटना पर दुख जताया है।

---

पाक रक्षा मंत्री ने दिया भड़काऊ बयान

# हमारे डीएनए में है इजराइल के प्रति नफरत, हमने नहीं दी उसे 'मान्यता'

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ने इजराइल को लेकर कई विवादित टिप्पणियां की हैं। उनका बयान ऐसे समय आया है जब वेस्ट एशिया संकट पर पूरी दुनिया की नजर बनी हुई है। पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने कहा कि इजराइल के प्रति नफरत हमारे डीएनए में है।

उनके इस बयान को लेकर सोशल मीडिया से लेकर राजनीतिक हलकों तक बहस शुरू हो गई है। उन्होंने अपने बयान में यह भी कहा कि पाकिस्तान एकमात्र ऐसा देश है जिसने इजराइल को एक राष्ट्र के रूप में मान्यता नहीं दी है। जब इजराइल की बात आती है तो पाकिस्तानी भावनात्मक प्रतिक्रिया



बेंजामिन नेतन्याहू    ख्वाजा आसिफ

देते हैं। ख्वाजा आसिफ ने अफगानिस्तान को लेकर भी टिप्पणी की है। उन्होंने कहा कि अफ़गानिस्तान हजारों वर्षों से युद्ध का मैदान रहा है। उसके साथ हमारे संबंध कभी अच्छे नहीं रहे। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर की गई अपनी पोस्ट डिलीट कर दी है, जिसमें इजराइल को मानवता के लिए अभिशाप बताया था। उनके इस बयान ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर हलचल मचा दी है।

---

एजुकेशन वर्ल्ड फोरम 2026 में गूगल का बड़ा ऐलान

# भारत में राज्य सरकारों के सहयोग से 'एआई' शिक्षा को बढ़ावा देगा

### गूगल एआई एडुकेटर सीरिज शुरू करेगा

एजेंसी ▶▶ लंदन

गूगल ने भारत में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) आधारित शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए राज्य सरकारों और यूनिसेफ के साथ नई साझेदारियों की घोषणा की है। लंदन में आयोजित एजुकेशन वर्ल्ड फोरम 2026 के दौरान गूगल ने देशभर में एआई साक्षरता, प्रशिक्षण और शैक्षणिक उपकरणों के विस्तार के लिए बड़े अभियान का ऐलान किया। कंपनी ने कहा कि यह पहल नेशनल एजुकेशन पॉलिसी 2020 के अनुरूप तैयार की गई है और इसका उद्देश्य स्कूलों तथा उच्च शिक्षण संस्थानों में एआई के उपयोग को मजबूत करना है।



इस कार्यक्रम के तहत गूगल भारत में 'गूगल एआई एडुकेटर सीरिज' यानी जीईएस शुरू करेगा। यह पहल महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़ और असम सरकारों, केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख तथा पंजाब स्कूल एजुकेशन बोर्ड के सहयोग से लागू की जाएगी। कंपनी के अनुसार यह मोबाइल-फर्स्ट प्रशिक्षण कार्यक्रम भारतीय शिक्षकों की जरूरतों को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है।

### 6 भाषाओं में उपलब्ध होगा

प्रारंभिक चरण में इसे असमिया, हिंदी, मराठी, तेलुगु, ओड़िया और पंजाबी समेत छह भाषाओं में उपलब्ध कराया जाएगा, जबकि आगे और भाषाओं में विस्तार की योजना है। इसका उद्देश्य शिक्षकों और फैकल्टी सदस्यों को गूगल के एआई टूल्स, खासकर 'जेमिनाई' का जिम्मेदारीपूर्वक उपयोग सिखाना है ताकि कक्षा में पढ़ाई का अनुभव बेहतर बनाया जा सके।

---

नौसेना को मिलेगा नया हथियार, बिना विस्फोट के करेगा दुश्मनों पर वार

# स्वदेशी हाई-पावर माइक्रोवेव करेगा इलेक्ट्रॉनिक सिस्टम को बेकार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत अब दुनिया के चुनिंदा देशों की उस एलीट क्लब में शामिल होने जा रहा है, जिनके पास हाई-पावर माइक्रोवेव (एचपीएम) तकनीक है। भारतीय नौसेना ने टॉन्बो इमेजिंग कंपनी को एडीआईटीआई 3.0 प्रोजेक्ट के तहत स्वदेशी एचपीएम सिस्टम विकसित करने, एकीकृत करने और नौसैनिक प्लेटफॉर्म्स पर लगाने का कॉन्ट्रैक्ट दिया है। एचपीएम एक डायरेक्टेड एनर्जी वेपन है। यह पारंपरिक गोला-बारूद या मिसाइलों की जगह बेहद शक्तिशाली माइक्रोवेव किरणों का इस्तेमाल करता है। ये किरणें दुश्मन के इलेक्ट्रॉनिक सिस्टम, राडार, सेंसर, कम्युनिकेशन उपकरण और ड्रोन को नष्ट या बेकार कर सकती हैं। खास बात यह है कि यह बिना किसी विस्फोट के काम करता है। दुश्मन के जहाज, विमान या ड्रोन को बिना फिजिकली हिट किए निष्क्रिय कर सकता है।

### एडीआईटीआई 3.0 प्रोजेक्ट के तहत हुआ कॉन्ट्रैक्ट



टॉन्बो इमेजिंग कंपनी का एचपीएम

यह प्रोजेक्ट रक्षा मंत्रालय के तहत आईडेक्स और डिफेंस इनोवेशन ऑर्गनाइजेशन द्वारा समर्थित एडीआईटीआई 3.0 फ्रेमवर्क के अंतर्गत चलाया जा रहा है। टॉन्बो इमेजिंग कंपनी इस प्रणाली को विकसित करेगी और सफल परीक्षणों के बाद नौसेना के कई प्लेटफॉर्म्स पर इसे लगाया जाएगा। प्रोजेक्ट की सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि इसमें एचपीएम सिस्टम के जरूरी कंपोनेंट्स - खासकर वैक्यूम ट्यूब आधारित माइक्रोवेव सोर्स को स्वदेशी रूप से विकसित किया जा रहा है।

**2047 तक 100% स्वदेशी लक्ष्य**

भारतीय नौसेना का लक्ष्य है कि 2047 तक न सिर्फ युद्धपोत और पनडुब्बियां, बल्कि इलेक्ट्रोमैग्नेटिक स्पेक्ट्रम डोमिनेंस, नॉन-काइनेटिक वारफेयर और भविष्य की डिटरेंस टेक्नोलॉजी भी पूरी तरह स्वदेशी हो जाए। इससे नौसेना को बिना गोली दागे दुश्मन की इलेक्ट्रॉनिक क्षमता को बेअसर करने की शक्ति मिलेगी। यह तकनीक पारंपरिक हथियारों की तुलना में सस्ती, सटीक और प्रभावी है, खासकर स्वार्म ड्रोन और असममित खतरे के खिलाफ।

### अमेरिका ने अपाचे हेलीकॉप्टर और एम777 तोपों की डील को दी मंजूरी

भारत और अमेरिका के बीच रक्षा सहयोग लगातार मजबूत होता जा रहा है। इसी कड़ी में अमेरिका ने भारत को अपाचे



हेलीकॉप्टर और एम777ए2 अल्ट्रा-लाइट हॉवित्जर तोपों के लिए सपोर्ट सर्विस और संबंधित उपकरणों की संभावित बिक्री को मंजूरी दे दी है। अमेरिकी विदेश विभाग ने इस फैसले की आधिकारिक जानकारी दी। अमेरिका के अनुसार, अपाचे हेलीकॉप्टरों के लिए सपोर्ट सर्विस डील की अनुमानित कीमत करीब 198.2 मिलियन अमेरिकी डॉलर है। वहीं एम777ए2अल्ट्रा-लाइट हॉवित्जर के लिए लॉन्ग-टर्म सपोर्ट डील लगभग 230 मिलियन अमेरिकी डॉलर की हो सकती है। अपाचे हेलीकॉप्टर सपोर्ट डील के लिए प्रमुख कंपनियां बोइंग कंपनी और लॉकहीड मार्टिन होंगी। वहीं एम777 हॉवित्जर सपोर्ट प्रोग्राम के लिए ब्रिटेन की रक्षा कंपनी बीएई सिस्टम्स को मुख्य ठेकेदार बनाया गया है।

---

केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने दिए संकेत

# ओमान के साथ 'टैरिफ फ्री' व्यापार समझौता 1 जून से हो सकता है लागू

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत और ओमान के बीच ट्रेड एग्रीमेंट अगले महीने की पहली तारीख यानी 1 जून 2026 से लागू हो सकता है। केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने इसके संकेत दिए। उन्होंने कहा कि सरकार ग्लोबल ट्रेड अनिश्चितताओं के बीच आयात पर निर्भरता कम करते हुए निर्यात आधारित विकास को बढ़ावा दे रही है और ओमान के साथ प्रस्तावित एफटीए इसी का हिस्सा है। उन्होंने कहा कि इंडिया-ओमान के बीच बीते साल दिसंबर महीने समझौते पर साइन किए गए थे और इसके तहत भारत से मुस्लिम देश ओमान को निर्यात होने वाले 99% उत्पादों को जीरो टैरिफ श्रेणी में रखा गया।



दिसंबर 2025 में भारत-ओमान के बीच एक व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौता साइन किया गया था। इसके तहत ओमान भारत को टैरिफ फ्री पहुंच प्रदान करेगा। इसमें भारत द्वारा ओमान को निर्यात की जाने वाली 99.38% वस्तुएं शामिल हैं। वहीं दूसरी ओर भारत ने अपनी कुल टैरिफ लाइन में से 77.79% पर शुल्क में राहत की पेशकश की है। जो ओमान से आयात होने वाले 94.81% सामान को कवर करती है।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109